हिन्दी-गौरव-ग्रंथमालाका २०.वाँ ग्रंथ।

भारतमें दुर्भिक्ष

लेखक,

श्रीयुत् पं० गणेशदत्त शर्मा ।

भूमिका-लेखक,

श्रीयुत् पं० राधाकृष्ण झा एम० ए०

प्रोफेसर पटना-कालेज।

प्रकाशक,

गाँधी हिन्दी-पुस्तक भंडार,

कालवादेवी—बम्बई।

प्रथम संस्करण।

मूल्य १॥) रु०

कपड़े की जि० २।) रु०

माघ १९७७

भूमिका।

हमारे देशकी आबहवा और प्राकृतिक बनावट, कुछ ऐसी है कि यहाँ कृषिकी प्रधानता रहेगी। यहाँकी बड़ी बड़ी नदियाँ, यहाँका जाड़ा, गरमी और बरसात सब कृषिके पक्षमें ही हैं। यही अवस्था भविष्यमें भी रहेगी, इसमें कोई सन्देह नहीं। कृषि-कार्यसे परोक्ष या अपरोक्ष रूपमें प्रति शत नब्बे भारतवासियोंका सम्बन्ध है। कृषिसे सम्बन्ध रखनेवालों तथा उस पर ही निर्भर करनेवालोंकी संख्या बढ़ती ही जाती है, इसका प्रमाण पिछले तीस वर्षोंकी मर्दुम शुमारियोंसे मिलता है।

देशकी आबादी बढ़ती ही जाती है, साथ ही साथ खेती-बाड़ी भी बढ़ी है सही। पर खेती जितनी बढ़ी है उतनी काफी नहीं है। फिर भी जितनी जमीन आबाद होती है उसमें अखाद्य द्रव्यों (कपास, जूट इत्यादि) की खतीका परिमाण बढ़ता जाता है, कहीं कहीं धानकी जगह जूट बोया जाता है और कहीं धान या गेहूँकी बढ़िया जमीन छीन कर कपास या जूट बो दिया जाता है—और धान गेहूँके लिये खराब जमीन छोड़ दी जाती है। इस लिये खानेका अनाज काफी मिकदारमें नहीं उपजता, यह बढ़ती हुई अबादीके लिये यथेष्ट नहीं होता। तिस पर भी इस अपर्याप्त खाद्य द्रव्यमेंसे बहुत कुछ, देशके बाहर बिकनेको चला जाता है। बर्म्मासे जितना चावल हिन्दुस्थान आता है, उससे कहीं अधिक चावल, गेहूँ हिन्दुस्थानसे बाहर चला जाता है। इससे स्पष्ट है कि हिन्दुस्थानमें जितने अन्नकी जरूरत है उतना अन्न रहने नहीं पाता।

भूमिका।

हमारे देशकी आबहवा और प्राकृतिक बनावट, कुछ ऐसी है कि यहाँ कृषिकी प्रधानता रहेगी। यहाँकी बड़ी बड़ी नदियाँ, यहाँका जाड़ा, गरमी और बरसात सब कृषिके पक्षमें ही हैं। यही अवस्था भविष्यमें भी रहेगी, इसमें कोई सन्देह नहीं। कृषि-कार्यसे परोक्ष या अपरोक्ष रूपमें प्रति शत नब्बे भारतवासियोंका सम्बन्ध है। कृषिसे सम्बन्ध रखनेवालों तथा उस पर ही निर्भर करनेवालोंकी संख्या बढ़ती ही जाती है, इसका प्रमाण पिछले तीस वर्षोंकी मर्दुम शुमारियोंसे मिलता है।

देशकी आबादी बढ़ती ही जाती है, साथ ही साथ खेती-बाड़ी भी बढ़ी है सही। पर खेती जितनी बढ़ी है उतनी काफी नहीं है। फिर भी जितनी जमीन आबाद होती है उसमें अखाद्य द्रव्यों (कपास, जूट, इत्यादि) की खतीका परिमाण बढ़ता जाता है, कहीं कहीं धानकी जगह जूट बोया जाता है और कहीं धान या गेहूँकी बढ़िया जमीन छीन कर कपास या जूट बो दिया जाता है—और धान गेहूँके लिये खराब जमीन छोड़ दी जाती है। इस लिये खानेका अनाज काफी मिकदारमें नहीं उपजता, वह बढ़ती हुई अबादीके लिये यथेष्ट नहीं होता। तिस पर भी इस अपर्याप्त द्रव्यमेंसे बहुत कुछ, देशके बाहर बिकनेको चला जाता है। जितना चावल हिन्दुस्थान आता है, उससे कहीं अधिक गेहूँ हिन्दुस्थानसे बाहर चला जाता है। इससे स्पष्ट है कि जितने अन्नकी जरूरत है उतना अन्न रहने नहीं पाता।

अन्नकी माँग देश विदेश सब जगह है। विदेशमें तो अधिक है; क्योंकि योरपमें खेती-बाड़ीसे काफ़ी अन्न पैदा नहीं होता। उन लोगोंको बाहरसे मँगानेकी हमेशा जरूरत रहती है। परन्तु योरपके लोग उद्योग-धंदे जैसे दूसरे दूसरे उपायोंसे यथेष्ट धन कमा लेते हैं। उसी आमदनीसे महँगे भाव पर भी अनाज खरीद सकते हैं। पर वेचारा हिन्दुस्थानी ऐसा नहीं कर सकता; उसकी औसत आमदनी ४२) रुपये सालसे ज्यादा कूती नही जा सकी है। अब खुले बाजार-में कौन चावल और गेहूँ खरीदेगा ? ४२) वार्षिक आमदनीवाला या ३३०) रुपयोंकी आमदनीवाला गरीबसे गरीब योरोपियन ? उत्तर स्पष्ट है। इसी लिये अनाज विदेश जाया करता है। सरकार इसे रोकती भी नहीं है। रेल-लाइनें इस तरह बनी है, उनके भाड़ेकी दर इस नीतिसे कायम की जाती है कि प्रत्येक क़िसानका चावल, गेहूँ योरपकी ओर ही ताकता रहता है! यदि इस हालतमें देशके लोग अनाज न पावें और वह अनाज महँगे दर विदेशमें बिकनेको चला जाय तो आश्चर्य ही क्या ? अन्न कष्ट और दुर्भिक्ष तो स्वाभाविक ही है।

फिर करना क्या होगा ? कृषि हमारा प्रधान व्यवसाय है और रहेगा। पर उसमें जितने लोगोंकी आवश्यकता है, जितने लोगोंसे खेती-बाड़ीका काम मजेमें चल जायगा; ठीक उतने ही लोगोंको खेतीमें लगा रहना चाहिए, ज्यादाको कभी नहीं। यह सब कोई जानते हैं कि किसानोंके पास काफी जमीन नहीं है। यदि वापके पास वीस वीघे जमीन थी तो उसके मरने पर चारो लड़कोंने अलग होकर सिर्फ पाँच पाँच ही वीघे पाई। पर फिर भी उसी खेतीमें लगे रहे। दूसरा रोजगार नहीं किया, या किया भी तो थोड़े दिनके लिये, ऊपरी दिलसे। वापके समय मजेमें दिन चैनसे कटते थे तो

बेटेको रोटी-नमक पर ही सन्तोष करना पड़ता है। इसे अवश्य रोकना पड़ेगा। कानून बनाना पड़ेगा कि जिसमें कोई भी किसान पन्द्रह बीघे जमीनसे कम नहीं रख सकेगा। भाई-बन्धु जायदाद बँटनेके समय इसे बाँट न सकेंगे। इसका नतीजा यह होगा कि यह किसान फिर अपना पूरा समय कृषि-कार्यमें लगा सकेगा, इसकी आमदनीसे अपने परिवारको पाल सकेगा। खाद डाल कर, कूँआ खोद कर, नये औजार लाकर खेतीकी तरक्की भी कर सकेगा। और बाकी आदमी जिन्हें खेतीकी जमीन नहीं मिलेगी, लाचार होकर, गाँवके बाहर शहरोंमें, मिलों, पुतलीघरोंमें जाकर काम करेंगे, अपनी और अपने परिवारकी आमदनी बढ़ावेंगे। घरकी आधी रोटीको लात मार कर, बाहरकी समूची रोटीके लिये जान लड़ावेंगे। इससे उद्योग-धन्दोंको भी सहायता पहुँचेगी, मालिकोंको मजदूरोंकी कमीके लिये रोना न पड़ेगा। पर हाँ, उन्हें मजदूरोंके रहने, खाने-पीने, स्वास्थ्य इत्यादिका यथोचित प्रबन्ध करना पड़ेगा और सरकारको भी शहरोंको मजदूरोंके रहने लायक बनाना पड़ेगा। इस तरह देशके लोगोंकी आमदनी बढ़ेगी, फिर क्या है, खुले बाजारमें हम हिन्दुस्थानी भी; उतना ही दाम देकर गेहूँ ले सकेंगे जितना कि योरोपियन देनेको तैय्यार हैं। फिर तब गेहूँको बाहर जानेकी जरूरत न पड़ेगी। हमें अन्न-कष्ट नहीं भोगना पड़ेगा। जरूरत होगी तो दूसरे देशोंसे भी अन्न मँगा लेंगे। सबसे अधिक जरूरत है आमदनी बढ़ानेकी। कहाँ हमारी आमदनी ४२) रु० और कहाँ योरपमें गरीबसे गरीब देशकी ३३०) रु०! कैसी लाञ्छनाकी बात है!

यही तो हमारी रोटीका सवाल है। इसको किस तरह हल करना होगा इसे श्रीमान् पं० गणेशदत्तजी शर्माके लिखे "भारतमें दुर्भिक्ष"

अन्नकी माँग देश विदेश सब जगह है। विदेशमें तो अधिक है; क्योंकि योरपमें खेती-बाड़ीसे काफ़ी अन्न पैदा नहीं होता। उन लोगोंको बाहरसे मँगानेकी हमेशा जरूरत रहती है। परन्तु योरपके लोग उद्योग-धंदे जैसे दूसरे दूसरे उपायोंसे यथेष्ट धन कमा लेते हैं। उस आमदनीसे महँगे भाव पर भी अनाज खरीद सकते हैं। पर बेचारा हिन्दुस्थानी ऐसा नहीं कर सकता; उसकी औसत आमदनी ४२) रुपये सालसे ज्यादा कूती नही जा सकी है। अब खुले बाजारमें कौन चावल और गेहूँ खरीदेगा? ४२) वार्षिक आमदनीवाला या ३३०) रुपयोंकी आमदनीवाला गरीबसे गरीब योरोपियन? उत्तर स्पष्ट है। इसी लिये अनाज विदेश जाया करता है। सरकार इसे रोकती भी नहीं है। रेल-लाइनें इस तरह बनी है, उनके भाड़ेकी दर इस नीतिसे कायम की जाती है कि प्रत्येक किसानका चावल, गेहूँ योरपकी ओर ही ताकता रहता है! यदि इस हालतमें देशके लोग अनाज न पावें और वह अनाज महँगे दर विदेशमें बिकनेको चला जाय तो आश्चर्य ही क्या? अन्न कष्ट और दुर्भिक्ष तो
विक ही है।

फिर करना क्या होगा? कृषि हमारा प्रधान
रहेगा। पर उसमें जितने लोगोंकी अ...
खेती-बाड़ीका काम मजेमें चल जा...
खेतीमें लगा रहना चाहिए, ज्यादा
जानते हैं कि किसानोंके पास
पास बीस बीघे जमीन थी
होकर सिर्फ पाँच पाँच
लगे रहे। दूसरा
लिये, ऊपरी

ग्रंथकारका निवेदन।

—o—

" प्रहृष्टो मुदितो लोकस्तुष्टः पुष्टः सुधार्मिकः।
निरामयो ह्यरोगश्च दुर्भिक्षभयवर्जितः॥
न चापि क्षुद्भयं तत्र न तस्करभयं तथा।
नगराणि च राष्ट्राणि धनधान्ययुतानि च॥"

—महर्षि वाल्मीकि।

अर्थात्—सारी प्रजा प्रसन्न, मुदित, तुष्ट, पुष्ट आधि-व्याधिसे रहित, धार्मिक और दुर्भिक्षके भयसे मुक्त हो गई। न किसीको भूखकी ही चिंता थी और न चोरोंहीका भय था। इस प्रकार समस्त नगर और राष्ट्र धनधान्यसे परिपूर्ण हो गये।"

प्यारे देशभाइयो,

कौन ऐसा मनुष्य है जो ऊपर लिखे अनुसार राज्यकी इच्छा न करता हो? कौन ऐसा मनुष्य है जो ऐसे राज्यमें जाकर बसनेका इच्छुक न हो! परन्तु यह तो मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचन्द्रजीके उसी राज्यकालका वर्णन है जिसे लोग रामराज्य कहते हैं। आज सभी बातें ठीक उसके विपरीत हैं। प्रजा दुखी, कृश, क्षीणकाय, अल्पायु, आधि-व्याधि युक्त, धर्मच्युत और दुर्भिक्षके भयसे भयभीत है। सबको सुबह उठनेसे लगा कर, रात्रिके सोने तक अपने पेटकी ज्वालाको शान्त करनेकी हाय हाय लगी रहती है, तो भी पूरी तरहसे भरपेट अन्न नहीं मिलता। हमारे नगर और राष्ट्र धनधान्यसे शून्य हो गये। हम दीनता और दासतामें फँसे हुए अपने जीवनको भार रूप समझे बैठे हैं। हम लोग "दो दिनकी जिन्दगी" और "क्षणभंगुर शरीर" कह कर हताश हो गये हैं। हमें वेद उपदेश देते हैं।

" पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतं
शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतं अदीना
स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात्।"

—यजुर्वेद अ० ३६।२४

अर्थात्—मनुष्यको पुरुषार्थ--प्रयत्न--करते हुए अदीन वृत्तिसे सौ वर्ष तक जीनेकी इच्छा सदा अपने मनमें रखनी चाहिए। सौ वर्ष अथवा सौ वर्षसे भी अधिक आयु तक अपनी सब शक्तियोंको उन्नत रखनी चाहिए।'

इस वेदमंत्रको प्रायः द्विज मात्र सन्ध्योपासनाके समय बोलते हैं। परन्तु उस पर विचार नहीं करते।

अब सब शक्तियाँ उन्नत रखनेके लिये हमें पुरुषार्थकी आवश्यकता है; और वह पुरुषार्थ विना सुख-सामग्रियोंके प्राप्त होना असंभव है। यहाँ रात दिन घानीके बैलकी तरह काममें पिले रहने पर भी भरपेट अन्न मिलना भी कठिन हो रहा है। पौष्टिक पदार्थ घृत, दुग्धादि जो शक्तिको सुरक्षित रखनेके लिये मूल पदार्थ हैं; आज स्वर्गलोकके अप्राप्य अमृतसे भी अधिक दुर्लभ हो गये हैं। इन्हीं चिंताओंमें निमग्न रहने तथा भरपेट भोजन न मिलनेके कारण मस्तिष्क भी निर्बल हो गया है अर्थात् देशव्यापी भयंकर दुर्भिक्षके कारण भारतवासियोंका बुरा हाल हो गया है।

जब आजसे सौ वर्ष पहलेकी बातें सुनते हैं और वर्तमान काल पर दृष्टि डालते हैं तो चित्तको भारी चोट पहुँचती है। जब मैंने अपने स्वर्गीय श्रीपूज्य पिताजीकी सन् १८९३ ई० की एक डायरीको देखा तो उसमें लिखे अन्नके भावको देख कर मुझे अत्यंत आश्चर्य हुआ। उस समय चौबीस सेर गेहूँ, दस सेर चावल, तीस सेर मूँग, दस सेर गुड़ और दो सेर घी एक रुपयेका मिलता था। यह आजसे ठीक २७ वर्ष पहलेका भाव है, जब कि लेखकका जन्म भी नहीं हुआ था। जब मैं आजकलकी इस बढ़ती हुई महँगीकी तरफ दृष्टि डालता हूँ तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। इस समय देशमें गेहूँकी दर औसतसे ५ सेर फी रुपया है। यह महँगी इन छः वर्षोंमें ही इस प्रकार पराकाष्ठाको पहुँची है। इसका कारण यह है कि सन् १९१५ से सरकारकी अधिक वक्र-दृष्टि हमारे खाद्य पदार्थ पर हुई और गेहूँ विदेश भेजा जाने लगा। और जहाँ तक मुझे ध्यान है; लगभग १७ लाख टन हमारे देशका खाद्य पदार्थ सन् १९१५ से १९१८ तक बाहर विदेशोंको भेजा गया है। भारत भले ही भूखों मरे उन्हें इसकी कोई चिंता नहीं; कोई कुछ कहनेवाला नहीं, क्योंकि:—

“ परम स्वतन्त्र न सिर पर कोऊ।”

. यदि हमारे यहाँ इतना गेहूँ होता कि हमारे खानेके बाद भी बच रहता, ब तो कोई दुःखकी बात ही न थी। विदेश जानेका जरा भी दुःख नहीं होता। किन्तु दुःख इस बातका है कि करोड़ों भूखे भारतवासियोंके मुखका ग्रास छिना कर विदेशको भर दिया!

सन् १९११ से सन् १९१८ तकके सात वर्षोंका औसत निकालने पर मालूम होता है कि ५२·७ फी सैकड़ा युवा स्त्री-पुरुषोंको, या यों कहिए कि पन्द्रह करोड़ भारतवासियोंको आधे पेट भोजन मिला है। इसीको और भी साफ समझनेके लिये हम यों कह सकते है कि ७ करोड़ हमारे भारतीय भाई-बहन अन्नके बिना भूखों रहे। हाय, कितने शोककी बात है कि जब हम अपने घरमें आनन्दसे मिष्टान्न खाते हैं उस समय हमारे करोड़ों ही भारतीय एक एक दाने अन्नके लिये छटपटाते हैं।

कितने दुःखकी बात है कि कई करोड़ भारतवासी नर-नारी रात दिन एड़ीसे चोटी तक पसीना बहा कर भी इतना अन्न नहीं पा सकते जितना कि जेलखानेके कैदीको भी मिल जाता है। इस आधे पेट रहनेका यह फल हुआ कि भारतमें प्लेग, इन्फ्लुएंजा आदि सर्वसंहारी अनेकों रोगोंकी सृष्टि हो गई। कोई भी भारतवासी रोगमुक्त, सुखी, धन-ऐश्वर्य्य-सम्पन्न दिखाई नहीं देता।

यों तो सभी अपने अपने घोसेमें मस्त हैं; और सभी अपनेको सुखी और धनाढ्य मानते हैं। पर यह केवल अश्वत्थामाको बहलानेके लिये आटा घोलकर बनाए हुए कृत्रिम दुग्धके समान है। यदि इसकी सच्ची दशाका पता लग जावे, या अमेरिका जैसे किसी समृद्धशाली देशसे मुकाबिला किया जावे तो, हम निस्सन्देह उसे स्वर्ग और स्वर्गोपम भारतको आज नर्क कहनेको तैय्यार हो जावेंगे।

बिना अन्नके लोग, भारतमें अनाथकी भाँति मरते चले जा रहे हैं; मानों भारतीय मनुष्योंका कोई मूल्य ही नहीं है। यहाँ प्रति सहस्र ३१·२ मृत्यु-संख्या है; शायद ही किसी अन्य देशकी इतनी बड़ी चढ़ी मृत्यु-संख्या होगी। हमारे जीवनकी अवधि भी औसतसे २४·७ बर्षकी है। सारांश यह कि बिना अन्नके हम लोग सब प्रकारकी दुर्दशा भुगत रहे हैं। इन सब बातोंका मूल मैं दावेके साथ दुर्भिक्षको ही बताऊँगा। यदि अब भी हम लोगोंने आँखें

नहीं खोलीं तो न जाने हमें आगे चल कर किस भयंकर समयका सामना करना पड़ेगा ?

हम यहाँ नीचे एक कोष्टक देते हैं जिससे आपको पता लगेगा कि यहाँ अन्नकी कितनी कमी है।

सन्	देशमें अन्नकी आवश्यकता	देशमें अन्न पैदा हुआ	देशमें अन्नकी कमी
१९११–१२	६४३·३	५६५·०	७८·३
१९१२–१३	६४०·०	५१९·०	१०१·०
१९१३–१४	६४१·१	४९६·१	१४५·०
१९१४–१५	६४७·९	५४३·६	१०४·३
१९१५–१६	६४९·१	५८४·३	६४·८
१९१६–१७	६५०·३	६००·८	४९·५
१९१७–१८	६४९·१	५७१·३	७७·७

(स्मरण रहे यह संख्या लाख टनकी है और १ टन लगभग २७ मनका होता है।)

अब उक्त कमीकी पूर्तिके केवल दो ही उपाय हैं। (१) देशमें अन्नकी पैदावरी बढ़ाई जावे, (२) देशका अन्न बाहर नहीं जाने दिया जावे। पहला उपाय तो इस भूखे भारतके लिये कष्टसाध्य है; और ऐसी दशामें तो कष्टसाध्य क्या महान असाध्य है। क्योंकि यहाँके अन्नदाता कृष्णकोंकी यही ही दुर्दशा है; वे अत्यंत दरिद्र हैं। अब केवल दूसरा उपाय रह जाता है; वही इस महान दुर्भिक्षके लिये अचूक इलाज है। यहाँकी कमीको देखते हुए यहाँका एक दाना भी विदेशको भेजना महान पाप है; और महान अन्याय है।

अब जरा नीचेका कोष्टक देखिए, इसमें यह दिखलाया गया है कि अमुक सन्में इतनी कमी होने पर भी इतना अन्न भूखे भारतका विदेशोंको दिया गया।

सन्	देशमें अन्नकी कमी	विदेशोंको भेजा गया
१९१५-१६	६४·८	२३·८
१९१६-१७	४५·५	२९·०
१९१७-१८	७०·७	४५·१

अर्थात् यहाँकी कमीका कुछ भी ध्यान न रख कर औरोंके पेट भरनेका ध्यान है। इतना होने पर भी ता० ३१ मार्च सन् १९२१ ई० तक चार लाख टन गेहूँ भारतसे विदेशको भेजनेकी आज्ञा सरकारने निकाली है। कितने दुःखकी बात है कि सरकारको, भारतवर्षकी रक्षाकी कोई आवश्यकता नहीं ज्ञात होती। इस वर्ष वर्षा न होनेसे देशमें अन्नकी बड़ी भारी माँग है; भयानक दुर्भिक्षके चिन्ह दृष्टि आ रहे हैं। इतने पर भी भूखे भारतके मुखका ग्रास छीन कर अपने सगे भाई-बन्धुओंको हमारी मा-बाप सरकार (!) इतना ठूँस ठूँस कर खिलाना चाहती है कि उन्हें बदहज्मी मिटानेके लिये पाचककी गोली खाने तकको भी जगह न रह जावे। इस प्रकारकी सरकारकी न्यायबुद्धिको देख कर कब तक धैर्य रखा जा सकता है।

"भूखे भजन न होत गोपाला"

वाली कहावत आज चरितार्थ हो रही है। भूखों रह कर किसी प्रकारकी भी भक्ति नहीं हो सकती। चाहे वह ईश्वरभक्ति हो, राजभक्ति हो या देशभक्ति। वर्तमान स्वराज्य आन्दोलनके अपराधी हम भारतवासी नहीं हैं। हमें आवश्यकताने ऐसा करनेके लिये विवश किया है। स्वतंत्रता मनुष्यका जन्मसिद्ध अधिकार है। कोई मनुष्य भले ही कुछ समयके लिये किसीका गुलाम बना रहे; परंतु यह बिल्कुल संभव नहीं कि वह सदा-सर्वदा उसकी गुलामी ही करता रहे। और उसके अन्यायों तथा अत्याचारोंको ईश्वर-कार्य समझ कर सहता रहे और चूँ तक भी नहीं करे। भारतमें, दुर्भिक्षके कारण हुई इन अधोगतियोंको समूल नष्ट करनेके लिये एक मात्र उपाय स्वाधीनता है, और उसके प्राप्तिका मार्ग वर्तमान, राजनीतिक स्वराज्य आन्दोलन है।

यहा एक वेदमंत्र याद आता है, उसमें प्रजाकी तरफसे राजाको प्रार्थना है:—

नहीं खोलीं तो न जाने हमें आगे चल कर किस भयंकर समयका सामना करना पड़ेगा ?

हम यहाँ नीचे एक कोष्टक देते हैं जिससे आपको पता लगेगा कि यहाँ अन्नकी कितनी कमी है।

सन्	देशमें अन्नकी आवश्यकता	देशमें अन्न पैदा हुआ	देशमें अन्नकी कमी
१९११–१२	६४३·३	५६५·०	७८·३
१९१२–१३	६४०·०	५१९·०	१०१·०
१९१३–१४	६४१·१	४९६·१	१४५·०
१९१४–१५	६४७·९	५४३·६	१०४·३
१९१५–१६	६४९·१	५८४·३	६४·८
१९१६–१७	६५०·३	६००·८	४९·५
१९१७–१८	६४९·१	५७१·३	७७·७

(स्मरण रहे यह संख्या लाख टनकी है और १ टन लगभग २७ मनका होता है।)

अब उक्त कमीकी पूर्तिके केवल दो ही उपाय हैं। (१) पैदावरी बढ़ाई जावे, (२) देशका अन्न बाहर नहीं पहला उपाय तो इस भूखे भारतके लिये कष्टसाध्य तो कष्टसाध्य क्या महान असाध्य है। क्योंकि यहाँ की दुर्दशा है; वे अत्यंत दरिद्र हैं। अब यहाँ इस महान दुर्भिक्षके लिये हुए यहाँका एक दाना भी वि- अन्याय है।

अब जरा नीचेका कोष्टक सन्‌में इतनी कमी होने भेज दिया गया।

सन्	देशमें अन्नकी कमी	विदेशोंको भेजा गया
१९१५–१६	६४·८	२३·८
१९१६–१७	४९·५	२९·०
१९१७–१८	५०·७	४५·१

अर्थात् यहाँकी कमीका कुछ भी ध्यान न रख कर औरोंके पेट भरनेका
ान है ! इतना होने पर भी ता० ३१ मार्च सन् १९२१ ई० तक चार
ख टन गेहूँ भारतसे विदेशको भेजनेकी आज्ञा सरकारने निकाली है !
ितने दुःखकी बात है कि सरकारको, भारतवर्षकी रक्षाकी कोई आवश्यकता
ही ज्ञात होती ! इस वर्ष वर्षा न होनेसे देशमें अन्नकी बड़ी भारी माँग है;
यानक दुर्भिक्षके चिन्ह दृष्टि आ रहे हैं । इतने पर भी भूखे भारतके मुखका
ास छीन कर अपने सगे भाई–बन्धुओंको हमारी मा–बाप सरकार (!)
तना ठूँस ठूँस कर खिलाना चाहती है कि उन्हें बदहज्मी मिटानेके लिये
ाचककी गोली खाने तकको भी जगह न रह जावे ! इस प्रकारकी सरकारकी
ाममुद्धिको देख कर कब तक धैर्य रखा जा सकता है ।

" भूखे भजन न होत गोपाला "

वाली कहावत आज चरितार्थ हो रही है । भूखों रह कर किसी प्रकारकी
ी भक्ति नहीं हो सकती । चाहे वह ईश्वरभक्ति हो, राज्यभक्ति हो या
ेशभक्ति । वर्तमान स्वराज्य आन्दोलनके अपराधी हम भारतवासी नहीं हैं ।
में आवश्यकताने ऐसा करनेके लिये विवश किया है । स्वतंत्रता मनुष्यका
न्मसिद्ध अधिकार है । कोई मनुष्य भले ही कुछ समयके लिये किसीका गुलाम
ना रहे; परंतु यह बिलकुल संभव नहीं कि वह सदा-सर्वदा उसकी गुलामी ही
रता रहे । और उसके अन्यायों तथा अत्याचारोंको ईश्वर-कार्य समझ कर सहता
हे और चूँ तक भी नहीं करे । भारतमें, दुर्भिक्षके कारण हुई इन अधोगति-
ोंको समूल नष्ट करनेके लिये एक मात्र उपाय स्वाधीनता है, और उसके
ाप्तिका मार्ग वर्तमान, राजनीतिक स्वराज्य आन्दोलन है ।

यहां एक वेदमंत्र याद आता है, उसमें प्रजाकी तरफसे राजाकी प्रार्थना है:—

प्रकार अन्नकी कमी है, उसी तरह घृत, दुग्ध, वस्त्र आदिकी महँगे-
भी नाकों दम ला दिया है। लोगोंको दूध, घी, दुष्प्राप्य सा हो रहा है।
का कारण एक मात्र, हमारे पशुधनका सब तरहसे संहार है। लाखों पशु
य कटते हैं, तथा जल और थलमार्ग द्वारा विदेशोंको भेजे जाते हैं।
चरभूमि न छोड़नेसे तथा घास आदिकी महँगीके कारण पशु निर्बल हो
क्षीणायु हो रहे हैं। तथा उनकी नस्लें खराब हो रही हैं। इन सब
तोंका वर्णन आप विस्तृत रूपसे, इस पुस्तकमें पावेंगे ही। परन्तु एक बात
ा बतलाना उचित समझता हूँ।

इस वर्तमान योरोपीय महासमरकी क्षति पूर्तिके लिये "क्षतिपूर्ति-
मीशन" ने जर्मनीसे एक हजार साँड तथा ५ लाख गौएँ फ्रांसको; ११ हजार
५० पशु इटलीको; २ लाख दस हजार गौएँ बेल्जियमको, और ५ हजार
ांड, ५२ हजार बैल तथा एक लाख गौएँ सर्वियाको दिलाना निश्चय किया
। हमें इससे कोई प्रयोजन नहीं है, जर्मनी दे या न दे। हमें तो यहाँ केवल
ही दिखाना है कि विदेशोंमें पशुधन कितना अमूल्य है जो क्षतिपूर्तिमें माँगा
ा रहा है; अर्थात् युद्धमें मरे हुए मनुष्योंके मूल्यके बदलेमें पशुधन लिया
ा रहा है। वे लोग सब मिला कर ८ लाख ५६ हजार १५० उपयोगी पशु
र्मनीसे लिया चाहते हैं।

वे चाहे कितना ही लें, क्योंकि जर्मनीने उन्हें क्षति पहुँचाई है। परन्तु
मारा एक प्रश्न है कि युद्धमें भारतने वो सहायता पहुँचाई है; उसने ११
ाख ६१ हजार ७८९ रंगरूट समुद्रपार भेजे हैं। जिनमेंसे १ लाख १
हजार ४१९ सैनिक घायल, कैद, बेपता और मृत्यु पा चुके हैं। मैं यहाँ युद्धमें
दिये भारतीय धनको नहीं दिखाना चाहता, क्योंकि यहाँ सवाल जीवोंका है।
भारतने उन्हें शक्ति भर सहायता दी है। फिर भी उसके पशुओंका संहार
ी तरह क्यों किया जा रहा है? और उस कमीशनने भारतकी इस महान
क्षतिके लिये कितने पशु भारतमें भेजनेका प्रबन्ध किया है? कुछ नहीं, एक
बछड़ी भी विदेशोंसे बहादुर भारतको नहीं दी जा सकती।

मुख्य बात तो यह है कि हमारे हाथमें कुछ भी अधिकार नहीं है। नहीं
तो हमें यह दुर्भिक्ष प्रलय-सूचक ताण्डवनृत्य क्यों देखना पड़ता?

इसके अतिरिक्त अनेक कारण भारतमें दुर्भिक्षके हैं। जिन्हें यदि चाहे
भारत-सरकार एक दिनमें हटा सकती है। जैसे—मादक द्रव्योंका व्य
लगानकी कठोरता, भिक्षुकोंकी भयंकर वृद्धि और विदेशोंका व्यापार, इत्या

(१) मादक द्रव्योंको महँगा करके उन्हें कान्ट्रेक्ट पर चलाना
रोकनेका उपाय नहीं है, बल्कि अपना खजाना भरनेका एक उपाय है। इ
कतई रोक कर इसके लिये कड़ा कानून बनाना चाहिए।

(२) लगानकी कठोरताको कम करना चाहिए। भारतके निर्धन कृषों
पर केवल नाम मात्रका ही लगान होना चाहिए। जहाँ कहीं, जब क
किसानोंके साथ झगड़ा हुआ या उन पर अन्याय किया, तो उसका मूल का
लगानकी अधिकता ही पाया गया। जिसे वह दरिद्र कृषक देनेमें असमर्थ थ

(३) भिक्षकोंके लिये कोई कानून अवश्य बनना चाहिए। इस काम
देशकी म्युनिसिपल्टियाँ और टाउन कमेटियाँ मजेमें कर सकती हैं। अर्थ
भिक्षुकोंको उक्त संस्थाएँ प्रमाणपत्र दें कि वे भिक्षाके योग्य हैं या नहीं
बिना प्रमाणपत्र प्राप्त किये माँगते हुए भिक्षुकोंको पकड़ कर दण्ड दे
चाहिए। यद्यपि दान धर्मका एक अंग माना गया है तथापि ऐसे घर
भीख माँग कर खानेवाले मुफ्तखोर काहिलोंके लिये ऐसा नियम बनां
कुछ हर्ज नहीं।

(४) विदेशी मालको भारतमें पचानेके लिये सरकार अपना बल-प्र
न करे। भारतीय वस्तुओं पर अधिक टेक्स और विदेशी वस्तुओं पर
मात्रका टेक्स लगा कर अपने अन्यायका परिचय न दे। एक दूसरे दे
आपसमें व्यापारिक सम्बन्ध होना कुछ अनुचित नहीं है, परन्तु होना च
समानता और न्याय। जितना पक्का माल भारतमें विदेशोंसे आता है
सामने देशसे कुछ भी पक्का माल विदेशोंको नहीं जाता। यदि जा
तो कच्चा माल, वह भी अधिक नहीं। सन् १९१३-१४, में भारतमें
विदेशी मालकी सूची आपके अवलोकनार्थ यहाँ लिख दी जाती है।

नाम वस्तु	मूल्य रुपये
मिठाई	२६ ३३ ०००
बिस्कुट	४४ ८१ ०००
कागज	१५८ ७७ ०००
पतरे और प्लेट	२२ ३५ ०००
साबुन	७५ ०६ ०००
स्टेशनरी	६५ ९८ ०००
खिलौने	४४१ ७००
रङ्गी चमड़ा	१५ ३७ ०००
जमा हुआ दूध	४१ ५२ ०००
चूड़ियाँ	८० ४५ ०००
शीशियाँ बोतल इ० चिमनियाँ	२१ ९३ ००० १७ ९४ ०००
बूट और जूते	७९ २६ ०००
छत्री, छड़ी आदि	५३ १० ०००
कटलरी सामान	२८ ३३ ०००
कुल जोड़	७ ३९ ६१ ७०००

जहाँ हमने लगभग साढ़े सात करोड़ रुपयोंका अस्थायी और भड़कीला विदेशी सामान खरीदा, उसमें एक बात हमें जरा ध्यान देनेकी है कि जमा हुआ दूध ४१ लाख ५२ हजार रुपयोंका देशमें विदेशोंसे आया। इससे दो बातें निष्पन्न होती हैं; (१) भारतमें दूधकी बड़ी भारी माँग है, जो यहाँ न मिलनेके कारण विदेशोंसे मँगा कर बल बढ़ाया जाता है, (२) यह कि विदेशी लोग अपने देशकी वस्तुका इतना आदर करते हैं और ऐसे सच्चे स्वदेशभक्त हैं कि भारतवर्षका अमृत-तुल्य ताजा दूध काममें न लाकर अपने देशका

वैज्ञानिक प्रयोगों द्वारा जमाया हुआ वासी दूध ही सेवन करते हैं। ह
अँगरेजोंसे स्वदेशप्रेम सीखनेका यह अच्छा प्रमाण है।

सरकारको देशकी दुर्भिक्ष-ग्रसित भयंकर दुर्दशा पर ध्यान देना चाहि
और उसे शीघ्र ही इसके सुधारमें प्रवृत्त होकर सच्चे राजा होनेका परिचय दे
चाहिए। उसे अब भारतकी भलाईमें वहुत सा द्रव्य खर्च करनेकी जरूरत है
जरा अपने स्वार्थ सिद्ध करनेके व्ययको कम कर देना चाहिए। जैसे रेल, ए
सरकारी बड़ा भारी व्यापार है। इसमें असंख्य रुपये लग चुके हैं। इससे देश
दिखनेमें तो लाभ है, परन्तु वास्तवमें हानि है। सरकारको इससे अत्यं
लाभ है। जरा संक्षिप्तमें इसका हाल भी सुन लीजिए—"सन् १८५
ई० में यहाँ रेलें जारी हुईं। अब ३५ हजार २८५ मील रेलका विस्तार है
इसमें ४६ अरव ५८ करोड़ ५९ लाख ३५००० रु० व्यय हुए और भा
सरकार प्रति वर्ष १२ करोड़ रुपया इसके विस्तारके लिये खर्च करती है
यह सिर्फ रेलपथका खर्चा है; रेलवे विभागका नहीं। यदि यही रुपया
इतना ही रुपया देशकी उन्नतिमें प्रति वर्ष सरकार खर्च करे तो देशका प
कल्याण हो सकता है। रेलपथ नहीं सही, पहले इन रेलोंमें बैठ कर चलनेवा
दुर्भिक्ष-पीड़ित भूखी भारत संतानकी जठर-ज्वालाको शान्त करे। अपनी प्र
को पुत्रवत् पालन करना राजाका पहला धर्म है। यह सब बातें सोच
यदि राजा भारतवासियोंकी सुध ले तो यह सब झगड़ा तमाम हो, किंतु
कोई नहीं सुनता। इस क्षुधार्त भारतका रक्षक वह एक परमात्मा ही है

देशकी अत्यंत दुर्दशा है। दुर्भिक्ष इसके सामने मुहँ फाड़े खड़ा है। अ
यदि स्वावलंवी होकर देशका उद्धार कर सकते हैं तो कर लीजिए, अन्य
इस तरह तो असंभव मालूम होता है।

प्रियपाठक, भारतमें दुर्भिक्षके कुछ मोटे मोटे कारणोंको मैंने इस पुस्त
लिखनेका साहस किया है। यह मेरा साहस सचमुच दुस्साहस कहा जा सक
है। क्योंकि १९०० मील लम्बे और लगभग इतने ही चौड़े स्थान (भारत
मेंके दुर्भिक्षका कारण बता देना मुझ जैसे अलज्ञ पुरुषोंका कार्य
है। तथापि अपने भावोंको दवोचे रखना भी मैंने उचित नहीं समझा

" अभावे शालिचूर्णं वा शर्करा च गुडस्तथा । "

...नमें आप लोगोंके समक्ष मैंने उन्हें ला रखा । यदि इस कार्यको इसी क्षेत्रका धुरन्धर विद्वान अपने हाथमें लेकर इस विषय पर कोई ...र पुस्तक लिखता तो हिन्दी जगतका बहुत कुछ उपकार हो सकता था । विषयके ज्ञाता यदि इसकी त्रुटियों तथा नये समावेश होने योग्य विषयोंका सूचना देंगे तो इसके द्वितीय संस्करणमें—यदि उचित समझा गया तो— ...र या वृद्धि कर दी जावेगी ।

इस विषय पर जहाँ तक मेरा अनुमान है भारतीय भाषाओंमें कोई पुस्तक ...ं है । संभवतः यह पहली ही पुस्तक हिन्दी भाषामें है । इस विषयकी ...रेजी भाषामें अनेक पुस्तकें भरी पड़ी हैं । जितनी मैंने देखी हैं उनकी ...मावली आगे दी है । यदि उन सब अँगरेजी पुस्तकोंका मूल्य जोड़ा ...वे तो २५२॥=) होते हैं । कितने दुःखकी बात है कि हिन्दी साहित्यमें ... विषय पर पुस्तकें ही नहीं हैं । मुझे आशा है कि इस विषयके ज्ञाता ...न्दीमें इस आवश्यक विषय पर पुस्तकें लिख कर हिन्दीका गौरव बढ़ावेंगे ।

यद्यपि मैंने इस पुस्तककी सन् १९१५ से लिखना आरंभ किया था और ...त ही सिरतोड़ मिहनतके साथ इसे चार वर्षोंमें लिख चुका; तथापि इसमें ...टियोंका रह जाना संभव है । अत एव उनके लिये मैं अपने प्रेमी पाठकोंसे ...मा माँगता हुआ, इसे आद्यन्त पढ़ कर मेरे परिश्रमको सफल करनेकी ...ार्थना करता हूँ । वन्दे मातरम् ।

इंद्रसदन,
आगर (मालवा)
...प कृष्ण ८ शनिवार
१९७७ वि०

विनीत,
गणेशदत्त शर्मा ।

सहायक पत्रों तथा पुस्तकोंकी नामावली।

१ भारतमित्र	...	कलकत्ता
२ वेंकटेश्वरसमाचार	...	बंबई
३ प्रेम	...	वृन्दावन
४ भारतबन्धु	...	हाथरस
५ हिन्दीसमाचार	...	दिल्ली
६ केसरी (हिन्दी)	...	काशी
७ प्रताप	...	कानपुर
८ बंगवासी (हिन्दी)	...	कलकत्ता
९ आर्यमित्र	...	आगरा
१० अवधवासी	...	लखनऊ
११ उत्साह	...	उरई
१२ पाटलिपुत्र	...	पटना
१३ कर्मवीर	...	जबलपुर
१४ अभ्युदय	...	प्रयाग
१५ जयाजीप्रताप	...	लश्कर
१६ श्रीशारदा	...	जबलपुर
१७ मर्यादा	...	प्रयाग
१८ सरस्वती	...	प्रयाग

पुस्तकें।

१ फीजीमें मेरे इक्कीस वर्ष—ले० पं० तोतारामजी सनाढ्य।
२ प्रवासी भारतवासी—ले० एक भारतीय हृदय।
३ देशदर्शन—ठाकुर शिवनन्दनसिंह।
४ स्वदेश—ले० महाकवि रवीन्द्रनाथ टागोर।
५ भारतभारती—ले० कविवर मैथिलीशरण गुप्त।
६ कपासकी खेती—ले० बाबू रामप्रसादजी सायजज।
७ देशकी बात।

ENGLISH BOOKS.

1 Tee Indian year book 1918–19.

2 Economy in India

3 an Essay on the Economic cause of Famine in India

4 The Famine in Bengal 11874

? The Famine in Bengal & Orissa 1867

6 The threatened famine in Western & Southern India 1877

7 Report of the India famine Commission 1880–81

8 The Famine & the Relief Operations in India

9 Indian Famine Commission 1898

19 Minutes of Evidence

11 Report on the Indian Famine Commission 1901

12 Papers Regarding the Famine & the Relief Operations in India during 1899–1900

13 „ „ During 1900-01

14 In Famjne land

15 Iudian Famines

16 Report on the Famine in the Bombay Presidency 1911–12

17 Famine Relief code Bombay Presidency

18 Burmah Famine Code 1906

19 C. P, Famine Code 1905

20 Famine Code Madras Presidency 1914
21 The PanjabFamine Gode 1906
22 The Revised Code U P1912
23 The Imopending Bengal Famine
24 The Memorandum of the Famine Commission 187

कृतज्ञता।

मैं अपने इन उदार और कृपालु महानुभावोंके प्रति शुद्ध हृदयसे कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होंने मुझे इस पुस्तकके लिखनेमें सहायता पहुँचाई तथा मेरे उत्साहको बढ़ाया।

(१) स्वर्गीय श्री० बाबू महावीरप्रसादजी विद्यार्थी (विभूतिकवि) असरगंज जि० मुंगेर।

(२) श्रीयुक्त बाबू रामचन्द्रजी वर्मा—संपादक "नागरीकोष" नागरी-प्रचारिणी सभा काशी।

(३) श्रीयुक्त पं० राधाकृष्णजी झा, एम० ए०, सीनियर प्रोफेसर पटना-कॉलेज, महेन्द्रू, पटना।

विषयानुक्रमणिका ।

भारतमें दुर्भिक्ष

विषय-प्रवेश।

" एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन्पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥ " मनु।

मैं पाठकोंके समक्ष सतयुगके समयका दर्शन उपस्थित कर उन्हें आश्चर्य-सागरमें गोते खाते देखना नहीं चाहता। वह समय तो हमारे गौरवका था। उस समय भारत कल्पवृक्ष था। तत्कालीन भारतीयोंको जिस वस्तुकी आवश्यकता होती थी, वह उन्हें अनायास ही, बिना परिश्रम प्राप्त हो जाया करती थी। उन दिनों हमारा भारत स्वर्गसे भी अधिक, सुखद, शान्ति-पूर्ण और रम्य था। यही कारण था कि उस समय स्वर्गस्थ देवता गण मानव-शरीर धारण कर, स्वर्गसे भी श्रेष्ठ, भारतमें आकर निवास करते थे। उस समय वह परब्रह्म परमात्मा भी बार बार इस भारत भूमि पर अवतार ग्रहण कर, इसकी उत्कृष्टता अपने वैकुण्ठसे भी अधिक सिद्ध करता था। यद्यपि उन दिनों, आजकलकी भाँति भारत दुःखागार नहीं था, यहाँ पापाचरण नहीं होते थे, हमारी यह दुर्दशा नहीं थी, धर्म पर इस प्रकार कुठाराघात नहीं हो रहा था, गौ-ब्राह्मणोंकी यह दुर्गति नहीं थी; तथापि परमात्माने कई बार

जल्दी जल्दी अवतार लेकर भारतको भूमण्डलमें सर्व्वोच्च सिद्ध कर दिया था। अन्न, धन और वस्त्रकी इतनी बहुलता थी कि ... मिलने पर भी कोई छूता तक नहीं था। यदि यह कहा जाय कि उन दिनों भारतमें घी-दूधकी नदियाँ बहती थीं, तो अनुचित न होगा। भारतसे कोई वस्तु विदेश नहीं जाती थी, भारतका धन-धान्य भारतमें ही रहता था। सतयुगके बाद त्रेता, द्वापर और बादमें कलियुगका नम्बर आया। कलियुगके चार हज़ार वर्षोंका वर्णन भी लिखें तो सतयुगादिसे कुछ भी कम न होगा। कारण हम ही अपने देशके शासक थे, हमें अपने भले बुरेका ज्ञान था, हम जो कुछ करते थे बहुत विचार-पूर्वक और देश-हित तथा आत्महितकी दृष्टिसे करते थे। हमें अपनी दशाका अच्छा ज्ञान था और स्वराज्य-भोगी होनेके कारण हम सुखी थे, हमें किसी बातकी तकलीफ़ नहीं थी।

इस समय अर्थात् महाभारत युद्धके पश्चात् अन्य देशोंमें भारतीय लोग जा बसे थे। किंतु ये वे लोग थे, जिनकी भारत जैसे धार्मिक देशमें गुज़र नहीं हो सकती थी। क्योंकि ये असभ्य, मांस-भोजी, निर्दय, मूर्ख और अधर्मी थे; हमारे भारतीय भील-कोलोंसे बहुत मिलते-जुलते थे। उन्हें वस्त्रोंकी आवश्यकता नहीं थी। वे नंगे-बदन रहते और केवल एक लंगोटी लगाये रहते थे। अन्नकी उन्हें आवश्यकता नहीं पड़ती थी; क्योंकि मारे हुए जीवोंका मांस ही उनका भोजन था। वे लोग यथासमय भारतीय नौकाओं तथा जहाजों द्वारा अन्य देशोंको गये तब वहाँके निवासियोंके साथ मिल कर उन्होंने अपनेको सभ्य बनाना आरंभ किया, अर्थात् सभ्यताका पाठ उन्होंने भारतीयोंसे ही सीखा। हमारे पुराणोंसे यह सिद्ध है

के भारतवर्षके ब्रह्मावर्त प्रदेशमें ही ब्रह्माजीने सृष्टि-रचनाका आरंभ किया था। इंजील तथा कुरानसे भी आदम और हौआका अदनकी वाटिकासे निकल कर भारतमें आना प्रकट होता है। उसका प्रमाण अनेक आधुनिक विद्वानोंके लेखोंसे भी मिलता है। 'टाड राजस्थान'में एक जगह लिखा है कि "आर्यावर्तके अतिरिक्त और किसी देशमें सृष्टिके आरंभका प्रमाण नहीं पाया जाता। अत एव आदि सृष्टि यहीं हुई, इसमें कोई सन्देह नहीं है।" इसके अतिरिक्त "History of the world" (हिस्ट्री आवदी वर्ल्ड) में सर वाल्टर रेले नामक अँगरेज विद्वान्ने लिखा है कि—" जल-प्रलयके अनन्तर भारतमें ही वृक्ष-लता आदिकी सृष्टि और मनुष्योंकी बस्ती हुई थी।" ब्राउन साहबने २० फरवरी १८८४ ई० के "डेली ट्रिब्यून" नामक पत्रमें स्वीकार किया है कि—" यदि हम पक्षपात रहित होकर भली भाँति परीक्षा करें तो हमको स्वीकार करना पड़ेगा कि भारत ही सारे संसारके साहित्य, धर्म और सभ्यताका जन्मदाता है।"

प्रायः सभी नये और पुराने इतिहास-वेत्ता इस बातको स्वीकार करते हैं कि दर्शन, विज्ञान और सभ्यता-सम्बंधी सारी बातें यूनानने भारतसे ही सीखी हैं। और तब वहाँसे उनका प्रसार सारे संसारमें हुआ। अरबमें यूरोप और यहाँसे जाकर प्रकाश फैला। वर्तमान भूगोल, इतिहास और पुराने चिन्होंकी खोज स्पष्ट-रूपसे प्रकट करती है कि भारतीय (हिन्दू) अपने देश भारतमें विद्या और कला-कौशलमें प्रवीण होकर अन्य देशोंमें उसका प्रचार करने गये थे। यूनानके प्राचीन इतिहाससे भी पता लगता है कि अपरिचित लोग पूर्वकी ओरसे जाकर वहाँ बसे थे। वे

अत्यन्त बुद्धिमान्, विद्वान् और कला-कुशल थे। उन्होंने वहाँ
विद्या और वैद्यकका प्रचार किया। वहाँके निवासियोंको सभ्य
अपना विश्वास-पात्र बनाया। ग्रंथकार एरियन और यूनानका इ
हास बताता है कि—“ जो लोग पूर्व दिशासे यहाँ यूनानमें आ
बसे थे, वे देवताओंके वंशज थे। उनके पास अपना निजका सो
बहुत अधिकतासे था। वे रेशमी कामदार दुशाले ओढ़ते थे, हा
दाँतकी वस्तुएँ प्रयोगमें लाते थे और बहुमूल्य रत्नोंके हार प
ते थे।” महाभारत ग्रंथसे भी यह प्रकट है कि कुरुक्षेत्रके महा प्र
यकारी संग्रामके पश्चात् भारतीयोंके कितने ही कुल पश्चिमकी
गये और यूनान, फेनीशिया, फिलस्तीन, कार्थेज, रूम और
आदि देशोंमें जा बसे। रूसके नोटविच नामक यात्रीको तिब्ब
‘ हीमिस ’ नामक मठमें ईसाका एक प्राचीन हस्त-लिखित जीव
चरित्र मिला है। वह पाली भाषामें है और उसकी दो बड़ी जि
हैं। उसमें लिखा है कि—“ ईसा इसराइलमें पैदा हुआ था
उसके माता-पिता गरीब थे। १३, १४ वर्षकी उम्रमें वह अपने
बापसे रूठ कर घरसे भाग निकला और भारतमें आया। यहाँ
राजगृह, काशी और जगन्नाथपुरी आदि स्थानोंमें घूमता रहा
आर्य्योंसे वेदाध्ययन करता रहा। इसके बाद उसने पाली भा
सीखी और बौद्ध हो गया। पर उसने अपने देशको लौट कर वा
नया ही धर्म चलाना चाहा। इसी झगड़ेमें उसे फाँसीकी सजा
गई।” इससे ज्ञात होता है कि ईसाई धर्म भी अन्य मतोंकी भाँ
भारतवर्षकी ही सामग्री है। Theogony of the Hin
(हिन्दूके देवताओंकी वंशावली) नामक पुस्तकके लेखक Co
jorns Jerna (काउन्ट जॉर्न्स जेर्ना) लिखते हैं कि—”
केवल हिन्दूधर्मका ही घर नहीं है, वरन् वह संसारकी सभ्य

दे भण्डार है। भारतीयोंकी सभ्यता क्रमशः पश्चिमकी ओर ईथो-
ा, ईजिप्त और फेनीशिया तक; पूर्वमें श्याम, चीन और जापान
; दक्षिणमें लङ्का, जावा और सुमात्रा तक और उत्तरकी ओर
रस, चाल्डिया और वहाँसे यूनान और रोम हिपरबोरियन्सके
नेके स्थान तक पहुँची।"

अब धीरे धीरे पश्चिमी विद्वान् इस बातको मानने लगे हैं कि
चीन भारत खूब उन्नत दशामें था और इसीने यूरोपमें तरह तरह-
ो विद्या, कला और बहुतसी अन्यान्य वस्तुओंका प्रचार किया था।
लिए डेलमार साहब "इन्डियन रिव्यू" नामक पत्रमें लिखते हैं—
पश्चिमी संसारको जिन बातों पर अभिमान है वे असलमें भारत
से ही वहाँ गई थीं। तरह तरहके फल, फूल, पेड़ और पौधे जो
स समय यूरोपमें पैदा होते हैं, सब हिन्दुस्थानसे ही वहाँ पहुँचे हैं।
सके सिवा, मलमल, रेशम, घोड़े, टीन, लोहा और शीशेका प्रचार
ी यूरोपमें भारतवर्षहीके द्वारा हुआ था। केवल यही नहीं किन्तु
ज्योतिष, वैद्यक, चित्रकारी और कानून भी भारतने ही यूरोपवालोंको
सिखाया था।" एक वार अध्यापक मैक्समूलरने अपने व्याख्यानमें
कहा था कि—"यदि कोई मुझसे पूछे कि वह देश कौन और कहाँ
है, जहाँ पर मनुष्योंने इतनी मानसिक उन्नति की हो कि वह उत्त-
मोत्तम गुणोंकी वृद्धि कर सका हो और जहाँ मानव-जीवन-सम्बन्धी
बड़ी बड़ी गूढ़ बातों पर विचार किया गया हो और जहाँ उनके
हल करनेवाले पैदा हुए हों? तो मैं यही उत्तर दूँगा कि "वह देश
भारतवर्ष है।" विस्तार-भयसे हम यहाँ पश्चिमी विद्वानोंकी अधिक
सम्मतियोंका उल्लेख नहीं कर सकते। पाठक गण स्वयं ही उनका
अनुमान कर लें।

सारांश यह कि समस्त भूमण्डलका गुरु भारत है।
"'हाँ' और 'ना' भी अन्य जन करना न जब थे जानते।
थे ईशके आदेश तब हम वेदमंत्र बखानते।
जब थे दिगम्बर रूपमें वे जंगलोंमें घूमते।
प्रासाद-केतन-पट हमारे चन्द्रको थे चूमते।"

—भारत भारती।

जब अन्य देशोंमें भारतीय-विद्यार्थी ईसा और हजरत मोह
साहब सभ्यताका शंख फूँक रहे थे उस समय तो हमारे भारत
उन्नति-भास्कर अस्ताचलके निकट पहुँच चुका था—उन्नति-गि
शिखरसे हमारे देशका पैर फिसल चुका था, वह अधोमुखी हो पर्व
नीचे लुढ़कता हुआ आ रहा था। उस समय उसे सँभालनेवा
तथा अनिरुद्ध पतनसे बचानेवाला कोई नहीं था। हाँ, अपने गुरु
गिरते देख कर ताली बजा कर हँसनेवाले शिष्य, लुढ़कते हुएको अ
ढकेलनेवाले स्वार्थी यवनोंका पदार्पण भारतमें हो चुका था। य
तत्कालीन, भारतकी साम्पत्तिक दशा, अन्न-धन आदिका भी व
आप लोगोंके आगे रखा जाये तो संभवतः आप उसे असंभव
देंगे और उस पर बड़ी कठिनतासे विश्वास करेंगे। मैं यवन-का
आरंभका वर्णन न करके आजसे केवल तीनसौ वर्ष पूर्व अथ
अकबरके समयका अन्नभाव आपके सम्मुख रखता हूँ:—

गेहूँ	४ आने	९ पाई	प्रतिमन	दालमूँग	०	७ आ०	२ पा०	प्रति
जौ	३ ,,	२ ,,	,,	शक्कर	१)रु	६ ,,	० ,,	,
[illegible]	३ ,,	५ ,,	,,	घृत	२),,	१० ,,	० ,,	,
	,,	९ ,,	,,	तेल	० ,,	१० ,,	० ,,	,
	८ ,,	० ,,	,,	प्याज	० ,,	२ ,,	५ ,,	,

उन दिनों एक महीने भर खूब आनन्दसे भरपट भोजन करनेमें ति मनुष्य, दस आने, छः पाई खर्च पड़ता था, जिसका लेखा स प्रकार है—

एक महीनेका भोजन।

	अकबरका समय	वर्तमान समय १९१८
गेहूँ	२० सेर मूल्य =)४॥	,, ६)
ाल मूँग	४ ,, ,,)८॥।	,, १)
ावल	५ ,, ,, -)	,, १)
क्कर	४ ,, ,, =)२॥	,, २)
घृत	४ ,, ,, ।)२॥	,, २)
		,, ७)
	योग ॥=)६।	योग १८)

यह खर्च एक अच्छे खानेपीनेवाले मनुष्यका है। निर्धन और म आयवाले मनुष्यका गुजर पाँच आने नौ पाईमें बखूबी होता । वर्तमान समयमें बहुत किफायत करने पर भी एक आदमीका ासिक भोजन-व्यय सात या आठ रुपयेसे किसी प्रकार कम नहीं सकता। यही कारण था कि अकबरके सैनिकोंका मासिक वेतन न या चार रुपये होता था, और उसीमें वे आनंद-पूर्वक बेखटके पना तथा अपने परिवारका पालन करते थे। कहते हैं—" लख- ऊ नगरका प्रसिद्ध इमाम-बाड़ा उस समय बना है जब कि भार- में बड़ा भारी दुर्भिक्ष था। उस समय गेहूँ एक रुपयेके २४ र थे।।

भारतकी प्राचीन सभ्यताके विषयमें मि० एम० लुई जेको लियर हब लिखते हैं:—

"Soil of anciant India, Cradle of humanit hail, hail, venerable and officient nurse whon centuries of brutal invosions have not ye buried under the dust of obilivion. Hail fathe land of faith, of love, of Poetry, and Scienc way we hail a rivival of thy post in ou western future."

अर्थात्—हे प्राचीन भारतभूमि, हे मनुष्य-जातिकी पालक, पूजनीय एवं निष्णात पोषिका, धन्य! धन्य!! तुम्हें शताब्दियों पाशविक आक्रमण आज तक नष्ट न कर सके! स्वागत, हे श्रद्ध प्रेम, कविता, विज्ञानके पितृलोक, स्वागत!! हम लोग अपने पाश्चा देशोंमें तुम्हारे भूतकालका पुनरुत्थान करें।"

"India, the mine of wealth! India i poverty! Indias starving amid heaps of gol does not afford a greater paradox; yet here we have India. Indias-like starving in th midst of untold wealth!!" —*Molcs Worl*

उक्त वाक्य प्रसिद्ध मोल्सवर्थका है। उक्त कथनका सारांश यह कि भारतभूमि धनकी खान है। इसमें उत्तम कोयला, उम्दा मिट्टीका तेल और उत्तम लोहा एवं लकड़ी है जिसे देख कर विदेशी लोगों मुंहमें पानी भर आता है। सोना, चाँदी, ताँबा, टीन तथा अन अनेक रत्नोंकी भी यहाँ कमी नहीं, तिस पर भी भारत भूखों मरे मि एच० हालेण्डने ठीक कहा है कि—"भारत खनि ारी एवं उद्योगका अपरिमित स्थान है। प्रकृतिने इ दिया है। ये पदार्थ केवल भारतके लिये ही पर्याप

हैं, बल्कि संसार भरके बाजारोंमें सुविधा और लाभके साथ जा सकते हैं। पर जब तक हम ऐसे उच्च भावके नवयुवक-रत्न न करें जो वकालत और नौकरी-पेशेकी तरह इसमें भी तन्मय तब तक भारतका असीम धन गुप्त ही रहेगा।"

एक जगह मि० वाल लिखते हैं कि—"यदि भारतवर्ष संसा- अन्य देशोंसे अलग कर दिया जाये या इसके उपजकी रक्षा का ये तो यह निश्चित बात है कि एक सुशिक्षित सभ्य जातिकी सारी आवश्यकताओंको भारत अपनी ही उपजसे पूरा कर सकता है।"

व्यापार

एक समय वह भी था, जब कि रोम, यूनान, चीन, जापान, मिश्र ईरान आदि देशोमें यहाँका माल जा कर आदर पाता था इतिहाससे पता लगता है कि "आजसे एक हजार वर्ष पूर्व इ देशका मिश्रके साथ वाणिज्य-सम्बन्ध था। इसी भाँति प्रायः पाँ हजार वर्ष पहले इस देशका बेबिलोनियाके साथ भी वाणिज्य सम्बन्ध था"। (इतिहास भारतवर्ष देखिए)। निबन्ध-संग्रहके पृष्ठ ७०में लिखा है कि:—"प्राचीन समयमें इस देशका व्यापार बहुत अच्छी दशामें था। यूरोपके कवियों, लेखकों और प्रवासियोंने इस देशकी कारीगरी, कला-कुशलता तथा वैभवकी खूब प्रशंसा की है। उस समय इस देशकी बनी वस्तुएँ दुनियाके सब भागोंमें भेजी जाती थीं; और वह अन्य देशोंकी वस्तुओंसे अधिक पसन्द की जाती थीं अकेले बंगाल प्रांतसे १५ करोड़ रुपयोंका महीन कपड़ा प्रति वर्ष विदेशोंको भेजा जाता था! पटनेमें ३३०४२६, शाहाबादमें १५९ ५०० और गोरखपुरमें १७५६०० स्त्रियाँ चरखों पर सूत कात कर ३५ लाख रुपये कमा लेती थीं। इसी प्रकार दीनाजपुरकी स्त्रियाँ ९ लाख और पुर्निया जिलेकी स्त्रियाँ १० लाख रुपयोंका सूत कातती थीं। सन् १७५७ ई० में जब लार्ड क्लाइब मुर्शिदाबाद गये थे, तब उसके सम्बन्धमें उन्होंने कहा था कि—"यह शहर लन्दनके समान विस्तृत, आबाद और धनी है; इस शहरके लोग लन्दनसे भी अधिक धनवान हैं।" श्रीयुत आर० सी० दत्तने लिखा है—"प्राचीन

नयमें यहाँकी शिल्पकारीकी वस्तुएँ संसारमें सर्वत्र बिकती थीं। नकी कारीगरीकी बगदादके हारूँ-रशीदके दरबारमें कदर होती थी। र उन्होंने प्रतापी शार्लमेन और उसके दरबारियोंको आश्चर्य-कित किया था। एक अँगरेजी कवि लिखता है कि ये लोग अपनी ाँखें फाड़ फाड़ कर बड़े आश्चर्यसे रेशमी तथा कारचोबीके उन स्त्रों तथा रत्नोंको देखते थे जो कि पूरबके दूर देशसे यूरोपके वीन बाजारोंमें आते थे।"

भारतीय कारीगरीकी प्रशंसामें बेन्स साहबने लिखा है:—" ढाकेका ना हुआ कपड़ा, देखने पर मालूम होता है कि मानो उसे देवता ओंने बनाया है। उसे देख कर यह नहीं मालूम होता कि वह मनु-ष्योंका बनाया हुआ है।"

देशी वस्त्रोंकी सूक्ष्मताका वर्णन करते हुए " शिशुपालवध " काव्यमें महाकवि माघने एक जगह लिखा है—

" छिन्नेष्वपि स्पष्टतरेषु यत्र स्वच्छानि नारीकुचमंडलेषु
आकाशसाम्यं दधुरम्बराणि न नामतः केवलमर्थतोपि।"

ढाकेकी मलमलका १० गज लम्बा, १ हाथ चौड़ा थान तौलने पर सिर्फ ८ तोले ४½ माशे वजनका निकला। यह थान घड़ी कारक अँगूठीके छिद्रमेंसे भली प्रकार आरपार हो जाता था। एक कारी-गरने अकबर बादशाहको मलमलका एक थान एक छोटीसी बाँसकी नलीमें रख कर नजर किया था। वह थान इतना बड़ा था कि उससे अम्बारी सहित सारा हाथी ढँका जा सकता था। पहले दिल्ली दरबारमें ढाकेसे सूत भेजा गया था; उस १५० हाथ लम्बे सूतका वजन केवल १ रत्ती था। ढाकेके रेजिडेण्ट साहबने १८४६ ई० में एक किताब लिखी थी। उसमें आध सेर रूईसे बने हुए २५० मील

लम्बे सूतका जिक्र है। ढाकेकी बनी मलमलका एक वस्त्र बनवा कर औरंगजेबकी पुत्रीने पहना था। तब उस समय औरंगजेब उस पर नाराज हुआ था। कारण यह था कि उसके सारे अंग दिखाई देते थे। बापको नाराज होते देख कर लड़कीने कहा—"कई तह करके तो मैंने इसे पहना है; इस पर भी यदि इसका बारीकपन दूर न हो तो मेरा क्या कुसूर है?"

भारतकी कारीगरीकी हद हो गई। भला ऐसे ऐसे सुर-दुर्लभ वस्त्र आदि विदेशोंमें क्यों आदर न पावें! उस समय भारतवर्ष लक्ष्मीका क्रीड़ा-स्थल था। स्वप्नमें भी भारतने दुर्भिक्षके दर्शन नहीं किये थे। पर विदेशी हाथोंमें पड़ कर भारतने अपनी स्वतंत्रताके साथ ही व्यापारको भी जलाञ्जलि देदी। यवनोंने इसे खूब कुचला। भुखमरेको जैसे अन्न मिलता हो उसी भांति यवनोंको भारत मिल गया था। बाप-दादोंने जैसे रत्नोंके स्वप्नमें भी दर्शन नहीं किये थे, वैसे बहुमूल्य रत्न वे भारतसे छीन छीन कर अपने देशमें ले गये। भारतको उन्होंने खूब ही लूटा, खूब ही मारा, कुछ कसर न रखी। इसी बीचमें अँगरेज व्यापारियोंकी दृष्टि इस मृतप्राय भारत पर पड़ी। उन्होंने इस कामधेनुको दुहना आरंभ किया—बस क्या था, भारतीय व्यापारकी जड़में ही कीड़ा लग गया। वह निरुपाय हो बैठ रहा।

कला-कौशलके साथ-ही-साथ लक्ष्मी भी रहती है। जब उनका अभाव हुआ तब विष्णुप्रिया लक्ष्मी भी भारतसे भाग कर यूरोपमें पहुँच गई। भारतका व्यापार नष्ट हो गया, देश अपना कला-कौशल और सम्पत्तिको दूसरोंके सपुर्द कर बैठा। हमारा समस्त व्यापार विदेशी व्यापारियोंके हाथमें चला गया। भारतमें व्यापार

कम हो गया, सो नहीं। भारतीय व्यापार कम हो गया—विदेशी भारतके व्यापारी बन गये। पूर्वापेक्षा अब व्यापारमें उन्नति है, पर भारतको उससे अत्यन्त हानि है। व्यापारमें वृद्धि है, पर भारतकी उसमें एक फूटी कौड़ी भी नहीं। रेल, तार, ट्राम, सोना, चाँदी, मिट्टीका तेल, कोयला, सन, ऊन, नील, चाय, कहवा, कागज आदिके कारखाने सभी विदेशियोंके हैं। यदि ये ही कारखाने भारतीयोंके होते तो आज इस प्रकार भारत दुर्भिक्षके फन्देमें न फँसता। यदि भारतीय कुछ कर रहे हैं तो दलाली मात्र। कारखानोंके मालिक प्रायः अँगरेज हैं। उनमें आटा पीसना, रूई दबाना, मशीनें पोंछना प्रभृति कार्य हम अल्प वेतन पर करते हैं और करोड़ों रुपयोंका लाभ उठाते हैं वे। भारतमें जिन अँगरेजोंने कारखाने खोल रखे हैं वे बहुत लाभ उठाते हैं। वे काम भी खूब लेते हैं, क्योंकि भारतीय गोरे चमड़ेको अपना राजा मानने लगे हैं; चाहे वह व्यापारी हो या यूरोपका चमार। बस, उसे देखते ही उनके हाथ-पैर काँपते हैं। अतएव यूरोपीय व्यापारियोंको अच्छे काम करनेवाले, हट्टेकट्टे, बलवान सस्ते भारतीय मजदूरोंसे बढ़कर मजदूर उनके देशमें नहीं मिलते; इस कारणसे भी बहुतसे विदेशी व्यापारी भारतमें आ जमे हैं और भारतसे अगणित द्रव्य अपने देशमें भेज रहे हैं।

इंग्लैण्डके मजदूर भारतीयोंसे महँगे हैं, इसका प्रमाण भारतमें ही सर्वत्र देखनेमें आता है—यदि उच्च शिक्षित बाबू रामलाल जिनकी अवस्था २५।२६ वर्ष की है, २०) रु० मासिक पर ई० आई० आर० रेलवेके इलाहाबाद स्टेशन पर टिकट कलक्टर हैं तो उनका असिस्टेन्ट मि० टेनीसन जो १५।१६ वर्षका छोकरा है, ४०) रु० मासिक पाता है। वास्तवमें वह हमारे रामलालसे अयोग्य है। उसकी

मातृभाषा अँगरेजी है, अतः वह बोल लेता है, परन्तु लिखते
'Ink' को 'Inc' लिखेगा। इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि
मजदूर महँगे मिलते हैं। अस्तु अब हम भारतके
सूचीमें प्रान्तोंके अनुसार यह दिखलावेंगे कि भारतवासियोंके
भारतका व्यापार है, या विदेशियोंके हाथमें ?

प्रान्त,	भारतीयोंके हाथमें,		विदेशियोंके हाथमें।	
			४३७	कारखाने
वङ्गाल	१४४	कारखाने	१९३	"
बिहार ओड़ीसा	१७०	"	१७८	"
संयुक्त प्रान्त	१०४६	"	६१८	"
बंबई	४४२	"	१२४	"
मद्रास	५३	"	२५	"
पञ्जाब	२२	"		
अजमेर मारवाड़ आसाम मैसोर	६०	"	५६५	"

जहाँ आप भारतीयोंके हाथमें कारखानोंकी अधिक संख्या दे
कर प्रसन्न होते हैं, वह प्रसन्नता प्रकट करनेका स्थल नहीं है।
कि उस संख्याको छापेखाने, कोयले और रुईके कारखानोंने बढ़
दिया है। भारतीय अधिकांश ऐसे ही कारखानोंके स्वामी हैं, कि
बढ़िया बढ़िया सारे कारखानोंके स्वामी विदेशी सज्जन ही हैं
भारतवर्ष कम्पनियोंके लिहाजसे बहुत पीछे है। अन्य देशोंके सम्मु
हमारे देशको अपना मस्तक ऊँचा करनेका सौभाग्य प्राप्त नहीं है
यों तो हमारा देश कम्पनियोंका भंडार है। जिसके पास ४ जो

टाँवें, २ पैसेके २ शीशे, ११२ दवात, २१४ पेन्सिलें हैं यही अपनी फ़ानका " वर्मन एण्ड कम्पनी " आदि अनेकों अच्छे अच्छे नाम रख कर दुनियाको छटनेका जाल फैला बैठता है। जिस देशमें बुद्धू नाई, पूरन तेली तथा पन्ना धोबी भी अपनी दूकानोंका नाम 'कम्पनी' रख कर लोगोंको धोखा देते हैं, भला वहाँ कम्पनियोंका टोटा क्यों कर हो सकता है। कई धूर्त लोग अपने नोटपेपर, कार्ड, लिफ़ाफ़े, चिट आदि चटक मटकदार छपवा कर लोगोंको धोखा दिया करते हैं। कई अपने नोटपेपरों पर " Patronized by the Rajahs and Maharajas of Indio भारतीय राजा और महाराजाओंसे संरक्षित " छपवा लेते हैं। उनसे यदि उनके संरक्षक महाराजका नाम पूछिए तो बस उत्तर ही नदारद। जिसे दादकी दवाई और दाँतका मञ्जन बनाना आया कि उसने भी एक कम्पनी बना ली; कपूर, पीपरमेंट, अजवाइनका फूल मिला कर पेनकिलर, पीयूषसिंधु, अमृतबिंदु सुधासागर नाम रख कर एक कम्पनी बना ली। इत्र-कंपनी, तेल-कम्पनी, बाल उड़ानेके साबुनकी कम्पनी, बच्चोंके खिलौनेकी कम्पनी भारतमें अगणित हैं। पर मेरा मतलब इन चोर और सत्यानाशिनी कंपनियोंसे नहीं है। ये कम्पनियाँ भी भारतके व्यापारको बिगाड़ कर लोगोंमें अविश्वास उत्पन्न कर रही हैं। पाठक स्मरण रखें।

हमारे देशमें सन् १९०५ में १७२८ कंपनियाँ थीं। उसी वर्ष इंग्लैण्डमें ४०९९५ थीं। भारतीय कंपनियोंका मूलधन २,८०,००,००० पाउण्ड और इंग्लैण्डकी कम्पनियोंका मूलधन २,००,००,००,००० पाउण्ड था। अर्थात् भारतसे २४ गुनी अधिक कम्पनियाँ अकेले इंग्लैण्डमें हैं और उनका मूलधन ७१ गुणा अधिक है।

ये तो बड़े देश हैं; पर तुच्छ देश वेल्जियम, नीदरलैण्डस्, ‍
लैण्ड, डेन्मार्क और कलका,होश सँभाला जापान भी भारतसे आ

रूसके अर्थ-सचिव मि० वार्टने एक बार कहा था कि:-"
असली युद्ध आरंभ नहीं हुआ है। इस वर्तमान यूरोपीय मह
अन्त हो जाने पर असली युद्ध आरंभ होगा। उस महायुद्धका
भयंकर व्यापार युद्ध होगा। इस भयंकर आर्थिक युद्धमें
साथ किसी प्रकारकी रिआयत नहीं होगी। जिस देशसे जित
सकेंगे वह उतने ही रक्षक एवं घातक उपाय करेगा। योरुपमें
युद्धकी मोरचाबन्दी अभीसे आरंभ हो गई है। यूनाइटेड
अधिक उत्साहसे इसका अभ्यास आरंभ हो गया और व्यूह
हो रही है। उसने विदेशोंके साथ अपने व्यापारको तरक्की दि
लिए एक "अमेरिकन इन्टरनेशनल कॉरपरेशन" नामक वृह
स्थापित किया है। यूरोप भी अमेरिकाकी भाँति सावधान
यूरोपकी अधिकांश प्रजा इसी चिंतामें मग्न है कि युद्धके बाद
व्यापार किस भाँति चलाना चाहिए। इंग्लैण्ड भी सावधान
वह इस भयंकर युद्धके लिए अपना भविष्य क्षेत्र तैय्यार कर रह
प्रत्येक देशमें हमारा माल किस प्रकार सर्वोपरि हो, इस व
तैय्यारीमें वह लगा हुआ है। उसमें उसका उद्देश्य अपना
और दूसरोंको नुकसान पहुँचाना है। इधर उस जपानकी ओ
देखिए जिसने युद्धारंभसे ही "भज कलदारं" आरंभ कि
और युद्धके अन्त होने पर अधिक पैसे पैदा करेगा। उसीने
यूरोपीय महासमरसे लाभ उठाया है। उसने अपने व्यापारी
खूब बढ़ा लिये हैं। जापानने ४० जहाज तैयार कराये हैं, जि
१३ सात हजार टनसे अधिकके, ३ पाँच हजार टनके, १७

र टनके और ७ तेरह तेरह हजार टनके हैं; और ये अमेरिकाके व्यापार करनेके लिये बने हैं। परन्तु भारतने क्या किया? तको स्मरण रखना चाहिए कि अन्य देश व्यापारमें चढ़-बढ़ हैं और उस पर भयङ्कर आक्रमण होनेवाला है। यदि भारतने ड़ा नहीं तैयार किया तो उसे अन्य हथौड़ोंके लिये एरण बनना गा। इस युद्धने व्यापारके उस विशाल क्षेत्रको जिसे देख ही सकते थे, प्रत्यक्ष कर दिखाया है। भारतको औद्योगिक उन्नति नेका अच्छा अवसर मिला है, इसे व्यर्थ नहीं खोना चाहिए। ा सुसमय बार बार नहीं आता है। हमें संसारके साथ होना हिए और उसीकी भाँति आगे कदम बढ़ाना चाहिए। साधारण श, कौशल एवं कृषिकार्यमें भी सुधार होनेकी आवश्यकता है। तो भारतीय सरकार भारतवर्षकी औद्योगिक उन्नतिकी चेष्टा छले ३० वर्षोंसे कर रही है; परन्तु एक तो इतना बड़ा शाल देश, जहाँ सब प्रकारकी औद्योगिक उन्नतिकी सामग्री तथा म्भावना है, दूसरे आर्थिक अवस्था इतनी हीन कि अपनी उन्नतिके ये निःशक्त और पराधीन, अत एव वे चेष्टायें सर्वथा अपर्याप्त थीं; योंकि वे केवल कुछ दूरदर्शी ऑफिसरोंका प्रयत्न स्वरूप थीं। रकारकी अभिमत किसी व्यापक नीतिका फल नहीं थीं। सरकारके हाँ तो Laissez faire सिद्धांतका राज्य था अर्थात् सरकारको न बातोंसे कोई सरोकार नहीं, सबको अपने अपने व्यवसायकी न्नति अवनति करनेकी पूर्ण स्वतंत्रता है। इसी सिद्धान्तके विपरीत र्मनी, जापान आदिमें सरकार उद्योग-धन्धोंकी उन्नतिका भरपूर यत्न करती है। परिणामतः भारतवर्षकी आर्थिक पराधीनता और र्बलता बड़ी भयंकर हो रही थी। भारतवासियोंके इस पर विल- नेका फल समझिए, अथवा युद्धकी चेतावनीका। मई सन् १९१६

ई० में सरकारने सर टी० एच० हालैंडके सभापतित्वमें औद्यो
कमीशन बैठा कर उसके सामने यह प्रश्न रक्खे:—

(अ) क्या व्यवसाय अथवा उद्योग-धन्धोंमें भारतीय पूँ
उपयोगके नये लाभदायक मार्ग बतलाए जा सकते हैं?

(ब) क्या औद्योगिक उत्थानमें सरकार लाभ-पूर्वक सहायत
सकती है? यदि ऐसा है, तो किस प्रकारसे:—

(१) वैज्ञानिक परामर्शके द्वारा?

(२) विशेष विशेष उद्योग-धन्धोंको व्यापारिक ढँग पर चल
योग्य दिखला कर?

(३) आर्थिक सहायता, प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रीतिसे पहुँ
कर?

(४) या अन्य किसी रीतिसे जो सरकारकी वर्तमान नीति
विरुद्ध न हो?

कमीशनको सरकारकी व्यापार-नीति पर विचार करनेका अ
कार नहीं था। यद्यपि कमीशनकी रिपोर्ट विलम्बसे निकली है
उसके लिये उत्सुकता भी बहुत थी कि जिससे युद्धका अवसर हा
न निकलने पावे; परन्तु कार्य बड़ा था। तथा कमीशनके प्रस्तावों
कार्य-रूपमें परिणत करनेके लिये अब भी बड़ा अच्छा अवसर है।

औषधि बतलानेके पूर्व निदानकी आवश्यकता होती है। भार
वर्षकी औद्योगिक अवस्था इतनी हीन क्यों है? इसके कमीश
ये कारण निश्चित किये हैं:—

(१) कोई समय ऐसा अवश्य था जब भारतवर्षके उद्योग-
उन्नतिके शिखर पर थे। उस समय यूरोप-निवासी असभ्य थे
सोलहवीं और सत्रहवीं शताब्दीमें भी जब यूरोपीय जातियाँ य

ार करनेके लिये आई हमारी अवस्था उनसे कम नहीं थी,
चित् अच्छी ही थी। परन्तु जब यूरोपमें 'औद्योगिक विप्लव'
० के पश्चात् प्रारम्भ हुआ उस समय वहाँके मध्यम श्रेणीके
वैभवशाली थे तथा राजनैतिक और धार्मिक स्वतंत्रताके लिये
करते करते औद्योगिक युद्ध करने योग्य शक्ति और उत्साह
ें उत्पन्न हो गया था। उसी समय भारतवर्ष आपसके कलह
राजनैतिक कुचक्रोंमें फँसा हुआ था।

(२) पश्चिमीय देशोंकी वर्तमान औद्योगिक अभ्युत्थानकी जड़
के कच्चे और पक्के लोहेका शिल्प है। औद्योगिक विप्लवका
भ शिल्पमें वाष्प-यंत्रोंके प्रयोगसे प्रारम्भ हुआ। जब औजारोंकी
ह मशीनें काममें आने लगीं तब यूरोपमें लोह-शिल्पकी स्थिति
ी थी कि एक ही नापके कल-पुर्जे बनने लगे, जिससे उनके प्रचारमें
ा सुभीता हुआ। लोहेके काममें भारतवर्ष बहुत हीन अवस्थामें
। यद्यपि यहाँ सन् १८७५ ई० से लोहा (Pigiron) निकाला जा
ा है, तथापि उससे वस्तु-निर्माणका कार्य केवल सन् १९१४
में आरम्भ हुआ। सन् १९१३-१४ ई० में रेलकी पटरियाँ,
हेकी चद्दरें आदि २४ करोड़का लोहा भारतवर्षमें आया।
ीनें, मोटरकार आदि इसके अतिरिक्त हैं।

(३) ईस्ट इन्डिया कम्पनीने कुछ उद्योग स्थापित करनेकी चेष्टा
थी—उदाहरणार्थ दक्षिणमें लोहेका कारखाना था; परंतु वह सफल
हुई। यह विचार किया गया कि यह उष्ण देश जहाँ भूमि उप-
ाऊ है, केवल कृषि-कार्यके योग्य है, कला-कौशलके नहीं। फिर
ब यह सिद्धान्त भी ढीला हुआ तब उद्योगकी उन्नतिके लिये जो
न्ध किया गया वह केवल व्यवसायका मार्ग साफ कर देना और

आने-जानेकी सुविधायें कर देना था। परन्तु इस देशमें लोह
न होनेके कारण केवल कच्चे मालका निर्यात (बाहर भेजा ज
और बनी वस्तुओंके आयातकी (बाहरसे आना) वृद्धि इससे
। (४) भारतवर्षकी पूँजी अत्यन्त लाजवती है, जो घरोंके
छिपी पड़ी रहती है। भारतवासी केवल व्यवसाय, लेन-देन
अन्य पुराने धन्धोंमें रुपया लगाते हैं, जिनमें जोखिम नहीं है
कुछ उद्योग-धन्धे अभी तक स्थापित हुए हैं वह विदेशियोंके उ
हुए हैं।

(५) भारतवर्षमें निपुण इंजीनियरों और शिल्पविज्ञान-वेत्ता
अभाव है। इस विषयमें वह विदेशियों पर आश्रित है। युद्धके
में यह पराधीनता तथा मशीनों आदिके यहाँ बननेकी आवश
सबको स्पष्ट हो गई है।

(६) राज्यकी ओरसे दो त्रुटियाँ चौथे और पाँचवें का
उत्तेजक हुईं। भारतकी सरकारका खरीदका कोई विभाग यहाँ
है। वह इंडिया आफिसके (भारत-मंत्रीका विभाग) द्वारा इं
खरीद करती है। फिर विज्ञानकी शिक्षाका प्रबन्ध न करना
रकी एक बड़ी भयंकर भूल है।

सारांश हमारे देशकी औद्योगिक-व्यवस्था सर्वथा अपू
सामग्री, पूँजी और लादनेवाले सबके लिये हम विदेशियों पर
हैं। माननीय मालवीयजीको अपने भिन्न नोटमें तीसरे का
सम्बन्धमें कुछ और भी वक्तव्य है। एक तो वह यह सिद्ध क
कि इंग्लैण्डने भारतीय आयात माल पर टैक्स बिठला कर औ
ण्डिय कम्पनीके राजनैतिक प्रभुत्वका उपयोग यहाँके उद्य
करनेमें करके वहाँके स्वार्थी वणिकोंको लाभ उठाने दिया

ई कम्पनीके डायरेक्टर-संघने जान-बूझ कर भारतवर्षके जहाजी
ो नष्ट कर दिया। दूसरे लार्ड डलहौसीके रेल-निर्माणका
अभिप्राय अँगरेजोंके व्यापार-व्यवसायकी उन्नति करना था।
वर्षके औद्योगिक अधःपतनके यह भी कारण हैं।

निज और उद्भिज कच्चे पदार्थोंसे किन किन वस्तुओंके प्रस्तुत
की महान् आवश्यकता है और किन रासायनिक चीजोंके
ये विना औद्योगिक उन्नति असम्भव है यह बतला कर कमीशन-
खा है कि शांति और युद्ध दोनोंके लिये आवश्यक उद्योगोंका
व भयानक है। जब तक उनकी सृष्टि न होगी भारतवर्ष शांतिके
न मुनाफेसे वंचित रहेगा। युद्धके समय वर्तमान धन्धोंके बन्द
जानेका डर रहेगा और देशकी रक्षा बड़े खतरेमें पड़ जायगी।

अत एव कमीशनने दो बड़े बड़े सिद्धान्त मान कर उनके अनुसार
ने भिन्न भिन्न प्रस्ताव किये हैं:—(१) भविष्यमें सरकारको भारत-
औद्योगिक उत्थानके लिये स्वयं चेष्टा करनी चाहिए। और वह
इस उद्देश्यको सम्मुख रख कर कि देश मनुष्य और सामग्रीके
यमें स्वावलम्बी हो जाय।

(२) यह बात तब तक असम्भव है जब तक इसके लिये
स राज्य-व्यवस्थाका प्रबन्ध न हो, और जब तक विश्वसनीय
निक सम्मतिदाताओंका पूर्ण प्रबन्ध न हो।

इन्हीं सिद्धान्तोंकी शाखा-प्रशाखा-रूप कमीशनने निम्न लिखित
ायों पर विचार करके अपनी सम्मति प्रगट की है:—

(१) भारतवर्षकी वर्तमान औद्योगिक स्थिति क्या है और
भावनायें क्या हैं। भारतवर्ष वर्तमान कालकी उद्योग-गतिके
ी साथ नहीं चल रहा है। यहाँकी अधिकांश जन-संख्या पुराने

ढंगोंसे खेती करनेमें लगी हैं, जिनसे कठिनतासे जीवन-नि-के योग्य फसल पैदा होती है। जो कुछ कृषिमें अन्तर हुआ है आयात और निर्यात व्यापारका प्रभाव है, न कि औद्योगिक वर्तनका।

(२) कुछ स्थानों—जैसे बम्बई बंगालके कोयलेकी उ-बिहारके नीलके जिलों आदि—में पश्चिमीय ढंगोंका प्रचार हुआ परन्तु वहाँ भारतीय मजदूरोंकी कमी, उनकी अक्षमता सर्वत्र जाती है और निगरानी करनेके लिये योग्य भारतवासी नहीं मि-

(३) उद्योगोंकी कच्ची सामग्री पर कमीशनने विचार किया उद्भिज सामग्रीमें अमेरिकन कपासकी कृषि बढ़नी चाहिए। जितनी भूमिमें यहाँ बोया जाता है अन्यत्र नहीं बोया जाता; वह अच्छी नस्लका नहीं होता। बोनेका ढंग सुधारना चाहिए छोटे छोटे खत्तोंमें बोये जानेके कारण एक भी फेक्टरीका कठिनाईसे होता है। तिल बहुत होता है। परन्तु कोल्हू उन्नति होना आवश्यक है। अभी तो अधिकतर कच्चा माल विदे-को भेज दिया जाता है। चमड़ेका धंधा देहातके चमार बु-बुरी तरहसे करते हैं। उनके लिये यह कहा जाता है कि वे अ-खालको बुरा चमड़ा बना देते हैं। चमड़ा बनानेकी फेक्टरियाँ खोल चाहिए। कमानेके कामके पदार्थ भारतवर्षमें अच्छे और भाँतिके होते हैं। अभी बबूल, अवारमकी छाल काममें आती है परन्तु म्यूनीशन बोर्ड अन्य पदार्थोंका गुणान्वेषण कर रहा है। यहाँ खाल क्रोम चमड़ेके बहुत योग्य होती है। यहाँ जितनी खाल होती है उतनी खर्च नहीं होती है। युद्धके पूर्व अधिकांश अव-जर्मन-व्यापारियोंके हाथमें था।

ौद्योगिक सुधारमें सच्चे बाधक हमारे देशके लखपती करोड़पती
हैं। उनकी कंजूसी भी भारतको बर्बाद करनेमें बड़ी सहायता
दी है, क्योंकि वे अपने धनको अपनी छातीके नीचे लेकर बैठे
रहना ही पसन्द करते हैं। उसे व्यापारमें लगा कर अपनी एवं
देशकी पूँजी वे नहीं बढ़ाते। सच पूछिए तो ईश्वरने बन्दरके हाथमें
उस्तरा दे दिया है। उन्हें धनका सदुपयोग करना ही नहीं आता।
विवाह, रंग, विवाह आदि कार्योंमें वित्तसे अधिक धन लुटानेको वे
तैयार हैं, किंतु व्यापार तथा कला कौशलमें अपनी कौड़ी लगाना वे
ब्रह्महत्या एवं गोहत्यासे भी गुरुतर पाप समझते हैं। इसके विरुद्ध
यूरोपके धनपति अपने घरका सामान बेच कर भी अपने रुपयोंका
सदुपयोग करते हैं और हमारे देशको दरिद्री बनाते है। वहाँसे प्रति-
वर्ष अरबों रुपयोंका सस्ता और उम्दा माल भारतमें आकर खपता
है। वह रुपया यूरोपमें पहुँच जाता है और भारत अपनी पूँजी
विदेशोंको देकर कंगाल होता जाता है। इस दोषका एक बड़ा भारी
भाग हमारे कंजूस धनपतियोंको दिया जा सकता है। हमारे ऐसे
मुफ़्तखोर धनवानोंका जीवन नीरस और निरुद्देश्य होता है। वे अपने
पेटमें खुश हैं, उनको दूसरोंके दुःखसे क्या प्रयोजन। परन्तु उन्हें
यह तो निश्चय मान लेना चाहिए कि उनकी भावी सन्तान, उनके इस
कुविचार एवं अदूरदर्शिताके कारण बिना अन्नके जठर-ज्वालासे भस्म
हो जायगी। जिस धनको अपनी छातीके नीचे रख कर आज वे
फूले नहीं समाते, वह क्या उनका है? कदापि नहीं। देखिए:—

"..
लक्ष्मी स्थिरा न भवतीति किमत्र चित्रम्,
एतात्प्रपश्यति घटाञ्जल यन्त्रचक्रे।
रिक्ता भवन्ति भरिता भरिताश्च रिक्ता।"

इस संसारमें जन्म लेकर मर जाना ही इस जीवनका उद्देश नहीं

"Life is real life is earnest!
and the grave is not its goal;
Dust thou art to dust returenst,
was not spoken of the soul."

जीवन सत्य है, जीवन हेतुमय है। स्मशान उसका अन्त है। मनुष्य देह मिट्टीका बना हुआ है और एक दिन उसीमें जायगा। आत्मा अमर है। लार्ड एव्हबरीने कहा है कि—

"Life is not a bed of roses, neither ne[illegible] it to be a field of battle."

अर्थात्—जीवन पुष्पोंकी शय्या नहीं है और न उसे संग्रामके बनानेकी ही आवश्यकता है।

"Live to some purpose make thy life.
A gift of use to thee
A joy, a good, a golden hope.
A heavenly argosy."

इस मानव-जीवनका कोई-न-कोई हेतु अवश्य होना चाहिए। ईश्वरकी महती दयासे हम धनवान हैं तब हमें अपने धनका सदुप[illegible] अवश्य करना चाहिए। आजकल पैसेका उपयोग करना विदे[illegible] लोगोंने भली भाँति सीख लिया है। क्या किसी एक भारतीयका स[illegible] है कि जो ऐसा एक कारखाना खोले जिसमें पाँच लाख मनु[illegible] काम करते हों! दो दो लाख घोडेकी शक्तिवाले इंजिन चल[illegible] हों! और जो ४० हजार टन केल्सियमकार्बाइड पैदा कर[illegible] क्या हममेंसे कोई ऐसे वृहत्कार्यको अपने हाथमें लेने[illegible] [illegible]प्नमें भी साहस कर सकता है? जाने दीजिए, हम न स[illegible]

ा हुआ, हम अपने बालकोंको ही इस योग्य तैय्यार कर रहे हैं!
वे भी निरे वछियाके ताऊ ही बनाये जा रहे हैं। भारतकी
विचित्र है। स्मरण रहे यदि इतने पर भी हमें होश न आया
नारी मृत्यु हमारे सिर पर नाच रही है, यह निश्चय कर लेना
र। ये हमारे कंजूस धनी और यहाँ फैली हुई अविद्या दोनों
दिन भारतका नाम इस संसारसे मिटा देना चाहते हैं।

कृषि

" कृषिरन्यतमो धर्म्मो न लभेत्कृषितोन्यतः—
न सुखं कृषितोन्यत्र यदि धर्म्मेण कर्षति ।"

——पाराशर ।

हमारे पूर्वज महर्षियोंने भारतके लिये कृषिकार्य ही सर्वोत्तम माना है। उक्त पाराशरजीके वाक्यसे सिद्ध होता है कि खेतीमें जो लाभ है वह किसी अन्य धन्धेमें नहीं । तभी तो-"उत्तम खेती मध्यम बान निकृष्ट चाकरी भीख निदान " की कहावत हमारे देशमें प्रचलित है। सारांश यह कि हमारे पूर्वजोंने संसारमें सबसे उत्तम कर्म खेतीको माना है। परन्तु यदि प्रत्येक कार्य उत्तमतासे किया जाय, तभी वह उत्तम माना जाता है । केवल "उत्तम उत्तम" चिल्लानेसे ही वह उत्तम नहीं हो सकता । मेरे विचारसे कृषिमें उतनी अधिक बुद्धिकी आवश्यकता नहीं जितनी कि व्यापारमें दरकार है। भारत जैसे कृषि-प्रधान देशके लिये कृषिकार्य सर्वोत्तम है अवश्य, किंतु वर्तमान कालमें वह भी पूर्ण अधोगतिको पहुँच चुका है । हमारा देश कृषिके पीछे बुरी तरहसे पड़ गया । प्रति शत ८० मनुष्य खेती करने लगे । मि० लिस्ट (List) इस विषयमें लिखते हैं कि:—

" A nation which passes merely agriculture and merely the most indispensable industries, is in want of the first and most necessary division of commercial operations among its inhabitants and of the most important half of its productive powers."

अर्थात्—जो जाति केवल कृषि पर ही भरोसा रखती है अथवा
वल ऐसे ही वाणिज्य करती है जिनके बिना उसका किसी प्रकार
नर्वाह नहीं है, वह अपनी आधी उत्पादक शक्तिसे वंचित रहती है।"

यदि किसीके कानमें यह बात पहुँचे कि भारतीय प्रति शत ८०
कृषिकार्य करते हैं तो आश्चर्यसे वह पूछ उठेगा कि क्या वहाँ अन्न
सस्ता बिकता है? या वहाँके लोग कुंभकर्णकी भाँति बहुत अधिक
भोजन करते हैं! नहीं, इतना होने पर भी यहाँ रात-दिन दुर्भिक्ष
तांडवनृत्य कर रहा है। हजारों भारतीय नित्य क्षुधासे अपने प्राण
परित्याग करते हैं। इसका कारण क्या है, यह हम आगे चल कर
बतावेंगे।

हमारा देश कृषिको उत्तम समझ कर उसीकी ओर बिना सोचे
समझे झुक पड़ा, अत एव निरा मूर्ख और पुराने ढर्रेका हो गया।
जो देश व्यापार-कार्यमें संलग्न है उनकी बुद्धिकी प्रखरता, शारीरिक
उन्नति, आर्थिक उन्नति और स्वतन्त्रता कितनी बढ़ी हुई है, जरा
ध्यानसे देखिए। अन्यान्य देशोंमें व्यापारके लिये जहाजी बेड़े बनते
हैं और उनकी रक्षाके लिये सैनिक बेड़े बनते हैं। कच्चा माल प्राप्त
करनेके लिये नये देश और नई नई बस्तियोंकी आवश्यकता पड़ती
है, जिन पर अधिकार जमानेके लिये युद्धकी तैय्यारी करनी पड़ती
है। अत एव व्यवसाय-प्रधान देश अपनेको खूब उन्नत कर सकता
है। व्यवसायकी उन्नतिसे ही इंग्लैंड उन्नत हुआ और भारतने इसे
छोड़ा तो अवनतिको अपना लिया।

क्या किया जाय, यहाँकी दशा ही विचित्र है। लगभग २०० वर्षोंसे
विदेशी व्यापारियोंकी धींगा-धींगी और राजनैतिक परिवर्तनोंके
कारण यहाँका व्यवसाय तो मिट्टीमें ही मिल गया है। आत्मरक्षाके

कृषि

"कृषिरन्यतमो धर्म्मो न लभेत्कृषितोन्यतः—
न सुखं कृषितोन्यत्र यदि धर्म्मेण कर्षति।"

—पाराशर।

हमारे पूर्वज महर्षियोंने भारतके लिये कृषिकार्य ही सर्वोत्तम माना है। उक्त पाराशरजीके वाक्यसे सिद्ध होता है कि खेतीमें जो लाभ है वह किसी अन्य धन्धेमें नहीं। तभी तो—"उत्तम खेती मध्यम बान निकृष्ट चाकरी भीख निदान" की कहावत हमारे देशमें प्रचलित है। सारांश यह कि हमारे पूर्वजोंने संसारमें सबसे उत्तम कर्म खेतीको माना है। परन्तु यदि प्रत्येक कार्य उत्तमतासे किया जाय, तभी वह उत्तम माना जाता है। केवल "उत्तम उत्तम" चिल्लानेसे ही वह उत्तम नहीं हो सकता। मेरे विचारसे कृषिमें उतनी अधिक बुद्धिकी आवश्यकता नहीं जितनी कि व्यापारमें दरकार है। भारत जैसे कृषि-प्रधान देशके लिये कृषिकार्य सर्वोत्तम है अवश्य, किंतु वर्तमान कालमें वह भी पूर्ण अधोगतिको पहुँच चुका है। हमारा देश कृषिके पीछे बुरी तरहसे पड़ गया। प्रति शत ८० मनुष्य खेती करने लगे। मि॰ लिस्ट (List) इस विषयमें लिखते हैं किः—

"A nation which passes merely agriculture and merely the most indispensable industries, is in want of the first and most necessary division of commercial operations among its inhabitants and of the most important half of productive powers."

अर्थात्–जो जाति केवल कृषि पर ही भरोसा रखती है अथवा केवल ऐसे ही वाणिज्य करती है जिनके बिना उसका किसी प्रकार निर्वाह नहीं है, वह अपनी आधी उत्पादक शक्तिसे वंचित रहती है।"

यदि किसीके कानमें यह बात पहुँचे कि भारतीय प्रति शत ८० कृषिकार्य करते हैं तो आश्चर्यसे वह पूछ उठेगा कि क्या वहाँ अन्न सस्ता बिकता है? या वहाँके लोग कुंभकर्णकी भाँति बहुत अधिक भोजन करते हैं! नहीं, इतना होने पर भी यहाँ रात-दिन दुर्भिक्ष तांडवनृत्य कर रहा है। हजारों भारतीय नित्य क्षुधासे अपने प्राण परित्याग करते हैं। इसका कारण क्या है, यह हम आगे चल कर बतावेंगे।

हमारा देश कृषिको उत्तम समझ कर उसीकी ओर बिना सोचे समझे झुक पड़ा, अत एव निरा मूर्ख और पुराने ढर्रेका हो गया। जो देश व्यापार-कार्यमें संलग्न है उनकी बुद्धिकी प्रखरता, शारीरिक उन्नति, आर्थिक उन्नति और स्वतन्त्रता कितनी बढ़ी हुई है, जरा ध्यानसे देखिए। अन्यान्य देशोंमें व्यापारके लिये जहाजी बेड़े बनते हैं और उनकी रक्षाके लिये सैनिक बेड़े बनते हैं। कच्चा माल प्राप्त करनेके लिये नये देश और नई नई बस्तियोंकी आवश्यकता पड़ती है, जिन पर अधिकार जमानेके लिये युद्धकी तैय्यारी करनी पड़ती है। अत एव व्यवसाय-प्रधान देश अपनेको खूब उन्नत कर सकता है। व्यवसायकी उन्नतिसे ही इंग्लैंड उन्नत हुआ और भारतने इसे छोड़ा सो अवनतिको अपना लिया।

क्या किया जाय, यहाँकी दशा ही विचित्र है। लगभग २०० वर्षोंसे विदेशी व्यापारियोंकी धींगा-धींगी और राजनैतिक परिवर्तनोंके कारण यहाँका व्यवसाय तो मिट्टीमें ही मिल गया है। आत्मरक्षाके

लिये वर्तमानमें यदि कोई भरोसा है भी तो वह केवल कृषि है। तब भी कोई हानि नहीं, कच्चे मालके लिये अन्न भी हमारे पास सामा. हैं। हिसाब लगानेसे मालूम हुआ है कि हममेंसे फी-सदी ८० का निर्वाह कृषिके द्वारा होता है। कितने आश्चर्यकी बात है कि ... देशमें सौ पीछे ८० आदमी कृषिकार्यमें निरत हों वहाँ कृषक समेत सौका भी गुजर न हो सके!! और विलियम डिग्बी (William Digby) के कथनानुसार सन् १७९७ से १९०० ई० तक अर्थात् १०७ वर्षोंमें जितने युद्ध हुए हैं उनमें सब मिला कर ५० लाख मनुष्य भी नहीं मरे, किन्तु दुर्भाग्य है कि उतने ही समयमें अन्नके बिना तीन करोड़ पच्चीस लाख भारतीय आत्माओंने तड़प तड़प कर शरीर त्याग किया!! आष्ट्रेलिया महाद्वीपके एक सरकारी स्कूलमें इन्स्पेक्टरने लड़कोंसे प्रश्न किया कि भारतीयोंका मुख्य खाद्य पदार्थ क्या है? एक लड़केने उठ कर उत्तर दिया—"उनका मुख्य खाद्य-पदार्थ दुर्भिक्ष है!" उसका यह कथन अक्षरशः सत्य है। भारतको जितना पेट भरनेको अन्न नहीं मिलता उतना यह भूखा ही रहता है। अठारहवीं शताब्दीमें केवल ४ दुर्भिक्ष पड़े। किंतु तबसे धीरे धीरे इसका जोर बढ़ने लगा। उन्नीसवीं सदीमें १८०० से १८२५ ई० तक दस लाख, १८२५ से १८५० ई० तक पाँच लाख और १८५० से १८७५ तक पचास लाख मनुष्य अन्नके बिना काल-कवलित हुए। तदुपरान्त १८७५ से १९०० ई० तक अर्थात् इन २५ वर्षोंकी, दुर्भिक्ष लीलाकी विकरालता देख कर तो छाती फटने लगती है। केवल २५ वर्षोंमें २८ दुर्भिक्ष पड़े और लगभग चार करोड़ भारतवासी उदर ज्वालासे भस्मीभूत हुए। वह भारत, पहलेका जिक्र छोड़िए, आज भी संसारके आधेसे अधिक भागको अपने उपजाए अन्नसे ... देता है, उसीकी सन्तान इस प्रकार भूखों मरे, यह कितने अ.

ौर परितापका विषय है ! पिछले वर्षोंमें आज तक जिस भाँति
र्भिक्ष दैत्यका अविराम आक्रमण होता आ रहा है उस अनुपातसे
ह आशा करना व्यर्थ न होगा कि थोड़े दिनोंमें हम सबके सब
ने जड़ हो जायँगे। अब विचारनेकी बात यह रही कि इसका कारण
या है ? इस विषयमें विश्वासके लिये मैं अपनी ओरसे कुछ न कह
र विदेशी विद्वानोंकी ही राय उधृत करूँगा। साधारणतः लोग
मझते हैं कि दुर्भिक्ष अनिवार्य हैं—रोके नहीं जा सकते और उनके
धानतः दो कारण हैं। (१) समय पर वर्षाका न होना या वर्षाका
कम होना। (२) उचितसे अधिक जनसंख्या। सण्डरलैण्ड साह-
बका कथन है कि भारतवर्ष बहुत बड़ा देश है, बर्मा सहित इतने
वेशाल देशसे न्यूयार्क (अमेरिका) के सदृश ३६ राज्य काटे जा
सकते हैं। प्रत्येक स्थानका जल-वायु भी भिन्न भिन्न है। भूमि भी
एकसी नहीं, कहींकी जमीनमें ऊर्वरा शक्ति कम और कहीं अधिक
है। वृष्टि भी कहीं अधिक होती है तो कहीं न्यून।

हम लोगोंको तीन बातें सदा ध्यानमें रखनी चाहिए। पहली बात
तो यह है कि ऐसा कभी नहीं होता कि समस्त देशमें एक साथ
दुर्भिक्ष पड़ा हो। अतः यह कहनेकी आवश्यकता नहीं कि अकालके
दुष्कालमें भी हमारे देशके कितने ही सूबोंमें इतना अन्न पैदा होता
है कि यदि वह बाहर न भेज दिया जाय तो महा विकराल दुर्भिक्षमें
भी हमारे एक भाईके भी भूखों मरनेकी नौबत न आवे। दूसरे
आबपाशीकी शिकायत भी आप नहीं कर सकते हैं। क्योंकि ईश्वरीय
प्रकृतिकी कृपासे यहाँका भौतिक संगठन भी बड़े ठिकानेका है।
आपका स्वदेश दो दिशाओंमें समुद्रसे घिरा है। प्रान्तोंमें नहर और
बड़ी बड़ी नदियाँ फैली हैं। मैं मानता हूँ कि इतने सामान ही आब-
पाशीके लिये यथेष्ट नहीं, किन्तु इस दशामें भी हमारे यहाँ अन्नकी

उपज कम नहीं होती। तीसरे इसके अतिरिक्त आपके देशमें ऐ
कोई स्थान न होगा जहाँ रेलकी लाइनें साँपकी तरह न घुस गई हों।
इस प्रकार सुखी प्रान्तोंसे दुखी प्रान्तों तक सरलता-पूर्वक अन्न पहुँचा
जा सकता है। इससे पानी बरसनेकी कमीकी बात मानते
भी यह सिद्ध होता है कि न दुर्भिक्ष पड़ने चाहिए, न इतनी ज
ही जानी चाहिए। पर खेद है कि यहाँकी दुखी प्रजाओंके पास
मोल लेनेको पैसे ही नहीं। जिसके पास है वह खरीद कर ले
जाता है।

अब दूसरा प्रश्न आबादीका है। यह भी व्यर्थ सा ही है।
दुनिया भरसे यहाँकी ही आबादी ज्यादा है! भारतवर्षकी आब
यूरोपकी अपेक्षा कम है, और फिर भी यूरोपमें कभी कोई दुर्भिक्ष
स्वप्नमें भी नहीं देखता। भूमण्डलके अनेक देशोंमें खेतीके
भूमिका अभाव है, तथापि वहाँके लोग भूखों न मर कर सा
चैनका वंशी बजाते हुए अपना कालयापन करते हैं। अपने उपज
अन्नसे वहाँके निवासी सालमें केवल ९० दिनके लगभग निर्वाह
सकते हैं; तो क्या बाकी दिनोंमें वहाँके लोग हवा खाकर जी
रहते हैं? जर्मनीका भी यही हाल है। वहाँकी उपज भी जर्मनी
केवल १०४ दिनोंकी खुराक है। और देशोंकी भी यही दशा
इस पर भी कुछ जवाब है कि सात समुद्र पारवाले तो यहाँसे
मँगा कर भोजन करें और हमारे घरमें अन्नका ढेर लगा रहने
भी हम भूखों मरें। इसमें कोई सन्देह नहीं कि कृषिकी उन्नति
यहाँ बड़ी आवश्यकता है और बहुतसी भूमि जो अभी बे-ज
पड़ी है, उसे आबाद करना चाहिए। किन्तु यह भी निर्विवाद है
यदि सुप्रबन्ध हो तो यहाँ दुर्भिक्ष फटक भी नहीं सकता।

इन बातोंको ध्यानमें रखकर अब फिर भी दुर्भिक्षके सच्चे कारण- पता लगाना है। थोड़े ही परिश्रम या खोजसे यह रहस्य खुल ता है। मेरे विचारानुसार दुर्भिक्षका मुख्य कारण है भारत- की दरिद्रता।

" नहिं दारिद सम दुख जग माँही "

इस पद्यका दूसरा चरण भी याद रखने योग्य है, भूलिए मत—

" पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं। "

——तुलसी

भारतवासियोंके सारे आतङ्कका मूल कारण उनकी अपरिमित रिद्रता—बेहिसाब गरीबी—है। उनको सदैव हाय हाय लगी रहती । वे जो कुछ पैदा करते हैं उसके चार हिस्सेदार खड़े हो जाते हैं। मीदार, साहूकार या महाजन, आबपाशीका महकमा और मजदूर। न चारोंमेंसे पहले तीन तो इतने जबरदस्त हैं कि बिना उनको काये उनसे किसी भाँति छुटकारा ही नहीं। इस प्रकार दे चुकने र जो कुछ उनके पास शेष रहता है उससे वे दो महीने यदि पना गुजर कर लें तो गनीमत समझिए। बादको फिर जेवर, थाली टा, ढोर आदि बन्धक रख कर या बेच कर वे अपने दिन काटते हैं। तने पर भी पूरा नहीं होता तो जमींदार या साहूकारके यहाँ अड़ र बैठ जाते हैं और खेत या घर रेहन कर कुछ रुपया ले आते हैं। हाँ तक तो उनको साधारण दशाका वर्णन हुआ। दुर्भिक्षमें क्या शा होती होगी यह आप स्वयं विचार लें। अपने शरीरके सिवा स समय उनके पास अपनी सम्पत्ति रह ही क्या जाती है? फिर क्या करते हैं—धनहीन और बलहीन होकर प्राण विसर्जन र देते हैं या दुर्भिक्षकी फसलकी भाँति खेतहीमें सूख कर पटरा जाते हैं।

एक समय लार्ड कर्जनने बड़े अभिमानके साथ कहा था
भारतवासियोंकी वार्षिक आय ३०) रु० से कम नहीं। किंतु भा
हितैषी मि० डिग्बीने उस हिसाबको गलत साबित कर दिखाया
यहाँवालोंकी वार्षिक आमदनी केवल १८॥) रु० है। टैक्स
चुकानेके बाद अनुमानतः घट कर १४) या १५) रु० ही रह
है। इस सुवर्णमय विस्तृत भूमिकी आय तो यह, किंतु और
देशोंकी आय तो जरा देखिए—

देश,	वार्षिक आ
आष्ट्रेलिया	६७
इंग्लैण्ड	६
संयुक्त राज्य अमेरिका	५
बेल्जियम	४
फ्रांस	१
जर्मनी	३
भारतवर्ष	

कहिए यह अभागा देश औरोंकी अपेक्षा कितना कंगाल है!
चढी-बढी दरिद्रताके कारण उसको पेट भर अन्न दुष्प्राप्य है
है वह भला अपने यहाँ किन किन चीजोंमें सुधार करे!

हमारे भारतीय कृषक कूप-मंडूककी भाँति अपने पैतृक
कीड़ोंके जैसे बने रहते हैं। कभी बाहरके नगरोंका प्रवास
करते। यात्रा करनेसे डरते और काँपते हैं। प्रवाससे ज्ञान,
उत्साह और नवीनता आती है। परन्तु ये लोग अपना घर
छोड़ते। कृषक अपने देशकी दशा नहीं समझते। देश-
विचार तो दूर रहा, वे पशुकी भाँति आहार, निद्रा, भय, मैथु

अपने कामोंमें ही तुष्ट रहते हैं। कृषिमें लगी हुई जाति कदापि दास-त्वसे मुक्त नहीं हो सकती। स्वेच्छाचारी राजा, सरदार या ब्राह्मण आदि सदा इन्हें पादाक्रान्त करते रहे हैं। वर्तमान कालमें ही देख लीजिए एक दुबला पतला, एक धक्केमें ४ गुलाटें खाकर मुहँके बल गिरनेवाला ५) रु० मासिकका चपरासी भी बेचारे दीन कृषकोंके दो ठोकरें मार ही देता है, मानो ये उसके बापके नौकर हों। ऐसे नीच अत्याचार सह लेनेका कारण यही है कि हमारे कृषकोंके नस-प्रत्यंगमें दासताका भाव भर गया है। जरा विचारिए भारतीय कृषकोंकी कैसी दुर्दशा है। उनके सिर पर कोई-न-कोई भय सदा सवार रहता है। तो भी कृषकोंकी ही संख्या बढ़ती जाती है। सच बात तो यह है कि निर्धनता उन्हें कृषक बना रही है।

जर्मनी और अमेरिका जैसे देश भी कृषि-प्रधान देश हैं, पर वहाँ कृषिकी पैदावार बढ़ रही है और कृषकोंकी संख्या घट रही है। कारण यह कि वे दूरदर्शिता और बुद्धिमत्तासे कृषिकार्यमें उन्नतिके ऊँच्च शिखर पर चढ़ गये हैं। भारतीय कृषकके मुकाबलेमें एक अंगरेज चार गुना और एक अमेरिकन कृषक आठ गुना काम कर सकता है। अमेरिकाकी कृषिविद्या सर्वोच्च है। वहाँ नित्य नये परिवर्तन और सुधार किये जा रहे हैं। कृषि-सम्बन्धी प्रत्येक कार्यके करनेमें वे लोग दत्तचित्त हैं। कृषि-सम्बन्धी औजारों, कलों आदिमें उन्होंने बहुत कुछ सुधार कर डाला है। वे भारतवर्षकी भाँति दादाके हाथके बनाये हलको चलाना अपना धर्म नहीं समझते। अमेरिकाके कृषक धनी, तेजस्वी, दयालु, शिक्षित और स्वतंत्र हैं। अमेरिकाने कृषिकार्यमें अपार सफलता प्राप्त कर ली है। जब वहाँवालोंको अपने खेतमें पानी देनेकी आवश्यकता होती है तो भारतीयोंकी भाँति वे चरस, रहँट, या ढकलीसे दिनभर सिर नहीं फोड़ते।

उनके केवल एक बटन दबाने मात्रसे बिजली द्वारा यथेच्छ खेतोंमें आ जाता है। फसल काटनेके लिये एक दो मनुष्योंसे जानेवाली मशीनें हजारों मनुष्योंकी आवश्यकताकी पूर्ती कर है। यदि बादल घुमड़ें और उनसे फसलको हानि होनेकी स हो तो वे बड़ी बड़ी तोपों द्वारा आकाशकी ओर गोले बरस बादलोंको फाड़ डालते हैं और उन्हें तितर-बितर कर देते हैं। भारतीयोंकी भाँति वे उसे इन्द्रके भिश्तीकी मशक समझ कर जोड़ कर प्रणाम नहीं करने लगते। वहाँ यदि पालेसे खेतको होनेका भय हो तो उनके पास ऐसे यंत्र हैं जिनकी सहायतासे वे गर्मी पैदा कर उन्हें पालेसे बचा लेते हैं। भारतीय कृषकोंके सदा वर्षा, ओले, पाले और टिड्डी आदिका भय सवार रहत

हमार यहाँका शिक्षित समुदाय कृषिको निंद्य और गँवारू समझ कर उस ओर ध्यान नहीं देता। बेचारे अपढ़, अज्ञान जो कुछ कर रहे हैं वही बहुत है, नहीं तो संसार भूखों मर जमीनें बराबर जुतती रहती हैं और बोई जाती हैं अतः उनमें शक्ति बिलकुल नहीं रही गई। भूमि कमजोर हो जानेसे उपज नाम मात्रकी होती है। उत्तम खाद देकर उसे शक्तिवान हमारे कृषकोंको नहीं आता और आता भी है तो दरि कारण उनके पास उसके साधन ही नहीं होते। भला जिस शक्तिवान बनानके लिये कोई खूराक न दी जावे और उससे अच्छी पानेकी आशा की जाय तो यह कितनी मूर्खता है। हमारे आधुनिक कृषि-विद्यासे बिलकुल अनभिज्ञ हैं। अपने पुराने और मरे बैलोंसे सड़ा या खराब बीज चार अंगुल गहरी भूमि कर डालना ही उन्हें आता है, पदा हो या न हो। वे अपने भरोसे बैठ जाते हैं।

कृषिकार्यकी मुख्य वस्तु खादका बनाना या उसे उपयोगमें
ा उन्हें बिल्कुल ही नहीं आता। अपने आलस्य और अज्ञानसे
ऐसी ऐसी वस्तुओंको—जिनसे करोड़ों रुपयोंकी खाद बन सकती
फेंक दिया करते हैं। गोबरकी खादमें पौधोंके आहारके
ेक अंश (१) आक्सिजन, (२) कारबन, (३) हाइड्रो-
ा, (४) केल्शियम, (५) मग्नेशियम, (६) लोहा,
७) गन्धक, (८) नाइट्रोजन और (९) फासफरस मौजूद हैं,
न्तु अपनी भूलसे—जो बहुधा दरिद्रता-जन्य होती है—हम कण्डे
ा कर गोबरको जला कर राख कर डालते हैं। कितनी अनधिकार
ता है कि पौधोंके आहारको हम जला कर बिगाड़ देते हैं। क्या
या जाय, इसे कृषकोंका दोष कहें या दरिद्रताका, जो उन्हें ऐसी
ेताएँ करनेके लिये मजबूर करती है। यदि भूमिके भीतर पौधोंका
हार उपस्थित नहीं होता तो वे उसी भाँति मर जायँगे जैसे दुर्भि-
ं मनुष्य। अत एव भारतीय कृषकोंको उचित है कि वे भाग्यके
ारोंको छोड़ कर खाद देनेके विचारोंको उत्तेजन दें, जिससे उनकी
द्रताकी पुकार परमात्मा सुन सके। कण्डे बना कर फूँक देनेसे
विशेष लाभ भी नहीं। मान लीजिए, एक जोड़ी बैलसे प्रतिवर्ष
० मन गोबर मिल सकता है, जिसकी ८० मन उत्तम खाद
ार की जा सकती है। यदि प्रति दस मन एक रुपया मूल्य मान
ा जावे तो वह आठ रुपयेकी हुई। अब कण्डोंका हिसाब
जिए। इसी गोबरसे कण्डे तैय्यार कराये जावें तो ६० मन होंगे,
गिनतीमें १९२०० होंगे और प्रत्येक कण्डा आध पावका होगा।
२० कण्डोंका मूल्य एक पैसा हो तो सबका मूल्य ७॥) रु०
ा। प्रकटमें आठ आनेका ही अन्तर है, पर खादसे अपरिमित
ा है और कण्डोंका लाभ राख है।

सन् १९०९ ई० में भारतमें बैल, गाय, मेंढ़े, बकरी, भैंस, आदिकी संख्या लगभग एक करोड़ थी। अनुमानसे जाना गया कि प्रति ढोर६८मन खाद प्रति वर्ष तैय्यार हो सकती है। इस हि ६८ करोड़ मन खाद और एक रुपयेकी दस मनके हिसाबसे ६ ८० लाख रुपयोंकी होती है। जिसे हम कण्डे बना कर जला डाल हैं। यदि कहीं खाद बनाई भी जाती है तो अनुपयोगी रीतिसे बन जाती है, जो किसी कामकी नहीं होती। इसी प्रकार पशुओंका भी लाखों रुपयोंका हमारी अनभिज्ञतासे व्यर्थ जाता है। मूत्र खाद इतनी उत्तम होती है कि उसके गुणोंको देख कर दाँतों उँगली दबानी पड़ती है। परन्तु जिस बुरी तरहसे हमारे दे उसका सत्तानाश होता है उसको भी देख कर दाँतों तले उँगु दबानी पड़ती है।

गोबरकी खादसे उत्तम खाद भी होती है। वह खाद है हड्डीकी परंतु हमारे भारतीय कृषकोंको इसका स्वप्नमें भी ध्या नहीं। पहले गाँवोंके आसपास पशुओंकी हड्डियाँ बहुतायत पड़ी रहती थीं। परंतु आजकल वहाँ एक हड्डी भी नहीं दि देती। कारण यह कि यूरोपके कृषक जो हड्डियोंकी खाद लाभसे भली भाँति परिचित हैं, भारतसे हड्डियाँ मँगा कर उन बहुत ही लाभदायक खाद बना कर अपने खेतोंको बेहद उ जाऊ बना रहे हैं। विलायतके कृषकोंके अतिरिक्त यहाँके ह भेजनेवाले एजेण्टोंको भी बहुत लाभ होता है। भारतीय कृषकों मूर्खताका इससे बढ़ कर और क्या प्रमाण होगा कि हड्डीके स लाभकारी वस्तुको, जो कृषि और कृषकोंका प्राण है, कौड़ि मोल विदेशी दलालोंके हाथ बेचे देते हैं। भारतवर्षसे स लाखों मन हड्डियाँ जहाजोंमें लद कर जाती हैं और इंग्लैण्ड, जर्म

ा और आस्ट्रेलिया इत्यादि देशोंको हराभरा और बलिष्ट बनाती समस्त यूरोप मांसाहारी है, अत एव वहाँ हड्डियोंकी बहुतायत तो ो, तो भी अपनी भूमियोंको रत्न-प्रसू बनानेके लिये वे भारतसे ियाँ मँगा रहे हैं। भारत संसारमें, खेतीके कामोंमें एक प्रतिष्ठित है, जिसे एक एक हड्डीकी आवश्यकता है। तो भी उसके यहाँसे ि वर्ष अधिकाधिक हड्डियाँ विदेशोंको जा रही हैं। यह बात ंता-पूर्ण और हमारी अज्ञानताकी द्योतक है। केवल एक वर्ष १०-१९११में १०२९१९५०) रु० की हड्डियाँ भारतसे विदे-ोंको गई। लगभग ७० हजार टन हड्डियाँ प्रति वर्ष भारतसे हर जाती हैं। यदि भारतीय कृषक हड्डियोंको काममें लावें तो ारतमें दुर्भिक्ष क्यों पड़े? थोड़ा ध्यान देने पर ही अल्प व्ययमें यहाँ ड्डियोंके पहाड़के पहाड़ लग सकते हैं। यूरोपके देशोंमें हड्डीकी ादका मूल्य ३०) प्रति मन है। भारतीयोंको सोचना चाहिए कि ेदेशी कृषक इतनी महँगी खाद अपने खेतोंमें डाल कर मनचाही पज करते हैं। यदि भारत चाहे तो वही हड्डीकी खाद ५) रु० ति मनमें तैय्यार कर सकता है। हड्डियोंमें फासफरसका अंश हुत होता है जो पौधोंको बढ़िया खूराक है।

इसके अतिरिक्त विष्टाकी खाद भी ऊपर लिखित दोनों खादोंसे हु मूल्य है। इसे Golden Mannure अर्थात् सुनहरी खाद भी कहते हैं। परन्तु इसके प्रयोगको लोग अपवित्र समझ कर इससे घृणा करते हैं। चीन और जापानके मनुष्य जिन्होंने खेतीमें अद्भुत उन्नति की है और जहाँकी कृषि-विद्याका प्रचार संसारमें प्रख्यात है, मानुषिक मल-मूत्रकी खाद बना कर अच्छी खेती करते हैं। वे मैलेको अपने हाथों उठाते और उसकी रक्षा करते हैं; वे घर-घर मैला मोल लेने जाते हैं। जब उनको भारतके सम्बन्धमें

छी नहीं होती होगी ? उसने कहा—खादसे क्या होता है, रामजी तो हर बहाने दे सकते हैं। मैंने कहा यदि गड्ढा खोद कर उसमें [विधि]-पूर्वक खाद तैय्यार की जाय और उस पर छप्पर आदि बना कर [उस]की रक्षा की जाय तो बहुत कुछ उपज हो सकती है। उसने [कह]ा—हमारे बापदादोंने ऐसा नहीं किया—इत्यादि।

प्रत्येक गाँवमें हर प्रकारकी खाद बना कर बेचनेवालों तथा कृषि-[स]म्बन्धी अन्य वस्तुओंके बेचनेवालोंकी आवश्यकता है। साथ ही [कु]छ शिक्षित पुरुषोंको इस कार्यमें अग्रसर होकर हमारे कृषकोंके [प]थ-प्रदर्शक या आदर्श बन कर चलनेकी आवश्यकता है। हमारे [अंग]रेजी पढ़े-लिखे लोग बी० ए० की डिग्री प्राप्त होते ही वकालतकी [ओ]र अपनी नजर न दौड़ा कर अमेरिकन कृषकोंकी भाँति कृषिकी [ओ]र अपना लक्ष्य करें तो भारतका बहुत कुछ उपकार हो सकता है।

[व]िदेशी लोगोंने केवल कृषिका ही आश्रय नहीं लिया है, किन्तु [व्यव]साय अधिक और कृषिको कम कर दिया है। यहाँ उसके विप-[रीत] देखनेमें आता है। दूसरे देशोंको खानेको भारत दे देता है, [प]र फिक्र किस बातकी ! उन्होंने व्यवसाय द्वारा बहुत धन संग्रह [क]र लिया है, अत एव वे जहाँसे मिल सकता है महँगेसे महँगा अन्न [ल]े कर भी खा सकते हैं। भारत खुद भूखा रहता है और दूसरोंकी [क्षुध]ा शान्त करता है, कैसे आश्चर्यकी बात है !! हमारी गवर्नमेंट [भी] तो इधर ध्यान नहीं देती। भारत जो कुछ मर-पच कर पैदा-[कर]ता है वह बाहर चला जाता है। भारतके सैकड़ों मनुष्य प्रति दिन [भूख]से गालमें भूखे मरते हुए तड़प रहे हैं। इतने पर भी हमारी [सर]कारको हमारी सुधि नहीं ! यह बड़ा ही विचित्र मामला है। क्या [हम] उसकी प्रजा नहीं हैं ! क्या हमारे पालनका भार उसके सिर [न]हीं है ! क्या यह बेचारे गुलामें भारतके पीछे नहीं पड़ा रही है !

मुख्य बात तो यह है कि हमारे भारतीय कृषक शिक्षित नहीं हैं और न वे शिक्षित बनाए जा सकते हैं। क्योंकि हमारी गवर्नमेंट शिक्षा-प्रचारके लिये इतना कम व्यय स्वीकार करती है जो नागरिकोंके लिये ही पर्याप्त नहीं है, फिर भला जंगलों और छोटे छोटे गाँवोंमें रहनेवाले कृषकोंके बालक कैसे शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं? ये कुछ भी शिक्षा प्राप्त नहीं करते और अपने धन्धेमें लग जाते हैं। यही कारण है कि देशमें जितना अन्न पैदा किया जा सकता है, उतना नहीं होता। यह बात ठीक है कि देहातमें अधिक शिक्षा नहीं दी जा सकती, किंतु कमसे कम उन्हें इतनी शिक्षा भी तो मिलनी आवश्यक है कि लोग यह समझ सकें कि काले और सफेदमें क्या अंतर है! बनियेसे हिसाब करते समय उसे समझा सकें और अपना हिसाब-किताब खुद समझ सकें। मेरे कहनेका तात्पर्य यह नहीं है कि कृषकोंको बी० ए० या एम० ए० तक पढ़ाया जावे। नहीं, उन्हें खेती करने और खाद बनानेके ढंग सिखाये जानेकी परम आवश्यकता है। कृषकोंके लिये कृषि-शिक्षा अनिवार्य हो तब ठीक होगा। कौनसा भूमि किस फसलके लायक है, एक फसल होनेके बाद उस खेतमें और कौनसी वस्तुका बीज डालना चाहिए, खादके लिये क्या करना होगा, इत्यादि आवश्यक बातोंको बिना जाने वे कैसे उत्तम अवस्थाको प्राप्त हो सकते हैं? इसमें सन्देह नहीं कि (India is a continent of villages) पर साथ ही हमें लोकमान्य महात्मा तिलकके निम्न वाक्य न भूल जाना चाहिए—

"हमारे गाँवोंकी क्या दशा है?—गाँवोंमें पाठशालाओंका समुचित प्रबन्ध न होनेसे हमारे ग्राम-निवासी अपने बच्चोंको नहीं पढ़ा सकते, इस लिये यह प्रबन्ध हमें स्वयं करना चाहिए।"

नये कृषकोंको नये नये औजारों द्वारा नवीन पद्धतिके अनुसार नई जिन्सोंकी खेती करना सिखलाना चाहिए। इस आवश्यकताको

लगान।

ताल्लुकेदार या जमींदारोंको कृषक कहना सर्वथा भूल है। ये सरकार और कृषकके बीचके दलाल हैं। कृषकोंको जूते लगा कर—कष्ट देकर—लगान वसूल करना उनका काम है। रा राज्यके कृषकोंकी दुर्दशा हमारे भारतके सच्चे भक्त हात्मा गान्धीसे नहीं देखी गई, तब उन्होंने सत्याग्रह द्वारा षकोंको विजय प्राप्त कराई। विहार प्रान्तके चम्पारन जलेकी भी यही दशा है। यहाँ भी निलहे गोरोंके अत्याचारसे त्तीस लाख प्रजा, हर हालतमें तंग थी। यहाँ तक कि केवल इन्हीं अत्याचारोंके कारण इसे लोग भारतवर्षका फिजी कहने लगे थे। रमात्माकी कृपासे वहाँ भी अब किसी प्रकार महात्मा गान्धीकी सतत चेष्टाके कारण शान्ति स्थापित हो गई है। और भी अनेक प्रत्यक्ष उदाहरणोंसे आप विचार कर सकते हैं कि देशके कृषकोंकी कैसी दुर्गति है। रींग राज्य ही क्या, यदि महात्मा गान्धी प्रत्येक राज्यके कृषकोंकी दशा पर ध्यान दें तो वह अति विचारणीय मिलेगी। इधर कर्मवीर महात्मा गाँधी हमारे भारतीय कृषक-समुदाय पर अत्याचार देख कर दुखी हो उनकी इस अवनति पर आँसू बहाते हैं, तो दूसरी ओर बन्धुघाती जमींदारों और ताल्लुकेदारोंने कृषकोंको उजाड़ देना ही निश्चय किया है। बेचारे असहाय, निर्बल कृषकोंकी पसीनेकी कमाई पर ये दलाल और भारत सरकार आनन्द कर रही है। ये गरीब लोग जो कुछ पैदा करते हैं, दूसरोंके सपुर्द कर अपनी मृत्युके स्वप्न देखा करते हैं। हम कहाँ तक इनकी दुर्दशा लिखें—इन बेचारोंके लिये केवल पाँच रुपयेका लिया हुआ ऋण भी एक वर्षमें चुका देना कठिन है। इतनेमें उसकी दुगुनी संख्या व्याज महाराज कर

देते हैं। बेचारोंके घरमें खानेको अन्न नहीं, पहिननेको वस्त्र
इनकी दुर्दशाका वर्णन करते हृदय विदीर्ण होता है।

हमारे देशमें कृषकोंसे मालगुजारी किस कड़ाईसे वसू
जाती है—जैसे भेड़ बकरीके शरीर परसे कसाई खाल उचेड़
करते हैं। यहाँके प्रायः सबके सब जमींदार 'शायलाक'के
हैं। किसान बेचारे 'एण्टोनियों'के पात्रसे भी नम्र और ईमानदा
जमीनकी मालगुजारीके अतिरिक्त और भी कितने ही प्र
लगान उनसे वसूल किये जाते हैं जिसका कुछ हिसाब नहीं। वे
नीमें कमसे कम ५० भाँतिके होंगे। इनके हकदार राजके तह
दार, पटवारी और चपरासी होते हैं। जिस कृषकको सत्यना
भगवान्की पूजाके लिये आठ आने पैसे मुश्किलसे मिलते हैं;
ये विधातागण जुर्माने (!) के रूपमें पाँच पाँच रुपये तक
कर लेते हैं। और जुर्म भी यही कि तुमने बाबू साहबकी
बढ़ानेके लिये दो सेर दूध अथवा दही और एक चर्बीदार
नहीं भेजा! उन्होंने बाइसिकल या हार्मोनियम बाजा खरीदा,
तुमने कुछ भी चन्दा नहीं दिया इत्यादि! इस विषयमें Bis
Heber (बिशाप हेबर) साहब कहते हैं कि:—

"भारतमें टैक्स (लगान) इतना लिया जाता है कि
अपनी उन्नति नहीं कर सकते। जब उपज अच्छी होती है त
यहाँके लोगोंके पास कर देनेके उपरान्त बहुत कम धन बचत
और उपज हुई तो—यद्यपि सरकार दुर्भिक्षके समय लोगोंकी
यताके लिये सैकड़ों रुपये व्यय कर देती है—फिर भी न जाने ि
स्त्रियाँ, पुरुष और बच्चे गलियोंमें भूखे मरते ही रहते हैं। इस
यमें मैंने जिन जिन लोगोंसे एकान्तमें बातें की हैं, वे सब
एक स्वरसे यही कहते हैं कि ये सब फसाद यहाँके लग

घेक होनेसे हैं और इन्हीं कारणोंसे देश दिन दिन दरिद्री होता रहा है।" दूसरे स्थानमें सर थियोडर होप साहबका कहना कि:—

"To our revenue system must in candour as cribed a large part of the indebtedness of he ryot."

अर्थात्—"लगानकी ज्यादतीके सबबसे ही रैयत कर्जके बोझसे बी जा रही है।"

वास्तवमें यह बात यथार्थ है। गरीबीकी आँच और लगानके कोड़ेसे कृषक बिलकुल तंग आ गये हैं। फिर भी सरकारके पक्षपाती स बातको कैसे कुबूल करेंगे? वे तो अपने खरीतेमें लिखेंगे—

"Our assesment is not a source of poverty r indebtedness in India-it cannot be fairly regarded as a contributory cause of famine."

अर्थात्—"हमारा लगान भारतकी दरिद्रता या ऋणका कारण नहीं है। भारतीय दुर्भिक्षके कारणोंमेंसे यह एक कारण नहीं समझा जा सकता।"

सुना है, इसके अलावा भी वे कहते हैं कि प्राचीन कालमें राजा लोग भूमि पर आजकलसे कुछ अधिक ही लगान लेते थे, और बात भी सत्य है। किंतु मालूम नहीं सरकार इसका क्या उत्तर देती है कि वह और नीतियोंमें प्राचीन राजाओंका अनुकरण क्यों नहीं करती? बस, लगान प्राप्त करनेको भारतीय प्राचीन राजाओंके अनुयायी बन गये। क्या यही न्याय कहाता है? वे कहते हैं, टैक्स नाम मात्रका है। ठीक, किंतु जरा और देशोंके टैक्ससे मीलान तो कर देखिए।

जिस खेतकी सौ रुपये वार्षिक आय है उसका लगान यों पड़ता है:—

देशका नाम,	लगान रुपये।
इंग्लैण्ड	८।) ,,
इटाली	७) ,,
जर्मनी	३) ,,
बेल्जियम	२॥। ,,
हॉलैण्ड	२॥।) ,,
भारतवर्ष	१५।से २०) ,, तक।

कठिनता तो यह है कि इस दरिद्रावस्थामें भी अन्य कई देशों अपेक्षा भारत पर टैक्स पाँच पाँच छः छः गुना अधिक है। सो भी ठीक वक्त पर दाखिल हो जाना चाहिए। चाहे तुम्हारी फसल हो या न हो। लगान देनेमें देर हुई कि जमीन नीलाम की गई। परिणा यह होता है कि हमें महाजनोंकी शरण लेनी पड़ती है। वे सूद कमाल हासिल करते हैं। मूल धन १) रु० है तो दूसरे वर्ष उसी तीन हो जाते हैं। कृषकोंको रुपया देते ही महाजनकी नीयत ब हो जाती है। वे पहले दो चार साल तक तो कड़े सूद पर रुप लगाते जाते हैं, और अन्तमें जब इच्छा होती है तब रुपयों नालिश कर जमीन जायदाद अपने अधिकारमें कर लेते हैं। अद लत भी आँखें मूद कर एक रुपयेके सूद सहित ५) रु०की डि दे ही देती है।

महाजनों या साहूकारोंके यहाँसे कृषकोंको बहुत कड़े सूद रुपया मिलता है, जिसकी वजहसे भी वे तबाह-हाल रहते हैं अत एव जहाँ तहाँ देहाती बेंक—सहयोग समितियाँ (Co-oper

e Societies) स्थापित होना परमावश्यक है, जिनके द्वारा
तकारोंको अल्प व्याज पर यथेच्छ रुपया मिल सके। हमारे मान-
। सम्राट् महोदय पंचम जार्जने एक बार अपने श्रीमुखसे कहा
के:—

"यदि इस देशमें सहकारिताकी प्रथा प्रचलित की जाए और
का पूरा उपयोग किया जाए तो मुझे इस देशके कृषि-सम्बन्धी
र्योंमें एक विशाल सुन्दर भविष्य दिखाई देता है।"

जर्मनी, अमेरिका, आस्ट्रेलिया, इग्लैण्ड आदि देशोंकी स्थिति
मारे देशसे भी अत्यंत खराब थी, किंतु देहाती बैंकों तथा सहयोग-
मितियों द्वारा इन्होंने अपूर्व उन्नति प्राप्त कर ली। हमारे भारतमें
बसे पहले सर विलियम वैडर्बर्नने सहकारिताका प्रस्ताव किया,
रन्तु इसका प्रभाव सन् १८९५ ई० तक कुछ न हुआ। पर सन्
८९५ ई० में मद्रास प्रान्तीय सरकारने फ्रेडरिक निकोल्सन नामक
हाशयको यूरोपमें इस लिये भ्रमण करनेकी आज्ञा और सहायता दी
कि वे देखें कि सहकारिताके कौन कौनसे प्रकार यहाँ भारतमें प्रच-
लित हो सकते हैं। इनके भ्रमण परिश्रमका फल दो विशाल खं-
डोंमें संकलित है, उनका नाम Land Banks for the
Madras Residency मद्रास प्रान्तके वास्ते जमीन सम्बन्धी बैंक।
इधर संयुक्त प्रान्तमें चिरस्मरणीय छोटे लाट टॉमसन साहबने
ड्यूपर्ने महाशयसे इस ओर विचार तथा परिश्रम करनेका अनुरोध
किया। तदनुसार ड्यूपर्नेने Peoples Ban k for N.I. उत्तर
हिन्दुस्थानके लिये जनताके बैंक नाम्नी पुस्तक लिख कर सहकारि-
ताका प्रसार किया। इस समय तक यह कार्य जनता और प्रान्तीय
सरकारका ही रहा। भारत-सरकारका विशेष ध्यान इस ओर न
गया। पर सन् १९०१ में हिंदुस्थानके उपकारक लार्ड कर्जनने

एक कमेटी सर एडवर्ड लॉके आधिपत्यमें नियुक्त की और सन् १९
ई० में सहकारिताका पहला एक्ट पास हुआ। इससे
एक्टके त्राससे सहयोग-संस्थाएँ बचीं और इन संस्थाओंके
अधिक सुधार और उन्नति हुई।

सरकारने दया कर अब इस असुविधाको दूर करना प्रारंभ
है। जगह जगह पर सहयोग-समितियाँ (Co-operati
Credit Societies) स्थापित हो रही हैं। किसानोंको
मात्रके सूद पर रुपया दिया जा रहा है। इनकी उत्तरोत्तर वृद्धि
रही है। इस समय भारतवर्षमें १२००० से अधिक देहाती
स्थापित हैं। जिनके ६ लाख मेम्बर और ५॥ करोड़ीकी पूँजी
अस्तु।

अब प्रश्न उठता है कि लगान कम कैसे हो? इसका एक
उत्तर है कि दवामी बन्दोबस्त—स्थायी प्रबन्ध (Permane
Settlement) से। इस बन्दोबस्तसे इस समय बहुत लाभ
सकता है। अँगरेजोंके शासनके समय शुरू शुरूमें जमीनके
नका निर्ख निश्चित कर दिया जाता था। इस तरह अनेक बुरा
पैदा होती थीं। यह देख कर पहले पहले लार्ड कार्नवालि
बंगाल अहातेका दवामी बन्दोबस्त कर दिया। जो मालगुजारी
१७९३ ई० में वहाँके लिये ठीक कर दी गई थी, वही आज तक
जाती है। इस कामसे सरकारकी आमदनी कम अवश्य हो गई
किंतु राजनैतिक दृष्टिसे उसे बड़ा भारी लाभ हुआ। देखिए हॉर्न
साहब इस विषयमें क्या कहते हैं:—

" While the natives of the soil gained th
permanent settlement as it is called, the Bri

ıh have in the end lost much revenue + + +
ıt if there has been a loss in money there
ıs been an incalculable gain politically. The
undation of all Government settlement of
ɜngal has bound the people in loyal devotion
ɪ the British Government "

ʼअर्थात्—" देशी कृषकोंके लिए दवामी बन्दोवस्त हो जाने पर
टिश गवर्नमेंटको अन्तमें लगानका बड़ा नुकसान हुआ। लेकिन
दि रुपयोंकी हानि हुई तो राजनैतिक लाभ अपरिमित हुआ। सर-
ारकी सारी नींव प्रजाकी इच्छा पर निर्भर होती है और बंगालके
ायी बन्दोवस्तसे बंगाली ब्रिटिश सरकारकी राजभक्तिमें बँध गये।"

इसमें विशेष बात यही है कि राज्यशासनकी नींव प्रजाकी प्रस-
ता पर अवलंबित है, और बंगालके दवामी बन्दोवस्तके कारण
ाँकी प्रजा सरकारकी भक्त बन गई है। यह लाभ कुछ कम नहीं
। पुस्तकके उत्तरार्द्ध भागमें पुराने अकालोंकी कथा पढ़नेसे मालूम
गा कि बहुतसे अकाल तो केवल लगान वसूल करनेसे पड़े।
जा-प्रजा दोनोंके हितके विचारसे यह अत्यावश्यक है कि लगान
म कर दिया जाय। कितना कम किया जाना उचित है, इस
षयमें मि० ओकानरकी शिफारिश है कि "लगान अभी कमसे
म २५ फी सैंकड़ेके हिसाबसे अवश्य ही कम हो जाना चाहिए।"
विदित नहीं होता कि सरकारको प्रजाके दुःख दूर करनेमें इतनी
ाना-कानी क्यों होती है! यहाँके देशभक्त नेताओंने सारे देशके
ये स्थायी प्रबन्ध करनेकी कई बार प्रार्थना की, पर सब निष्फल हुई।
न् १८८३ ई० में तो उसने ऐसा करनेसे साफ ही इन्कार कर दिया
। किंतु अब इन्कार करनेसे काम नहीं चलेगा। जब तक सरकार

लगान कम न करेगी, हम लोगोंका उद्धार होना असंभव है—
दुर्भिक्षोंका दूर होना असंभव है। तुम दया करके ही कुछ
करो जिसमें लोग यह कहनेसे भी बाज आवें किः—

"The condition of agriculture labo
India is a disgrace to any country calli
civilized.

अर्थात्—भारतीय कृषक मजदूरोंकी दशा, किसी
जो अपनेको सभ्य कहता हो, लज्जाकी बात है"

दरिद्रता।

दरिद्रताको भी हम पहले दुर्भिक्षका एक कारण लिख आये हैं। देखिए दरिद्रता क्या कर सकती है। उदाहरणार्थ, एक दरिद्र काश्तकारकी दशा पर जरा ध्यान दीजिए—घरमें बैल नहीं, बोनेको अन्न नहीं। फसलके तैयार होने पर निदाईके लिये मजदूरोंके देनेको पैसे नहीं। कहींसे भाड़े पर बैल लाकर जल्दी जल्दी जैसा जुत सका, खेत जोत डाला। कहींसे ऋण लेकर बीज बखेर दिया। वर्षा अधिक होनेके कारण वह बीज पानीमें बह गया या गल गया तो फिर कहींसे हाथ-पैर जोड़ कर जैसा बुरा भला बीज मिला लाकर खेतमें बो दिया। जब खेतमें १०।१२ इंच ऊँचे पौधे हुए तो महाजनके यहाँसे ४) रु० निदाईके लिये ले आये। उस महाजनने एक रुपयेके १५ सेरके भावसे ६० सेर अन्नकी चिट्ठी लिखा ली, टिकट लगा कर उस पर उसके अँगूठेकी छाप लगवाली और दो मनुष्योंके गवाहीके स्थान पर हस्ताक्षर करा लिये। उस कृषककी फसल पक कर जब कुछ अन्न हाथ-पल्ले पड़ा तो सबसे पहले महाजनको, रुपयेका ग्यारह सेरका भाव होने पर भी पन्द्रह सेरके हिसाबसे ही देना पड़ा। इस प्रकार वह ४) रु० में ५।≈) का अन्न दे आया। खेतकी जुताई, बीज तथा निदाई अच्छी न होनेके कारण उपज भी कम हुई। कुछ महाजनने तौलमें भी अधिक लेकर अपनी नीचता प्रदर्शित की। अन्तमें उस बेचारेके हाथमें केवल इतना अन्न रह गया कि एक आदमी भले प्रकार तीन महीने भी उससे पेट नहीं भर सकता। लगान इत्यादिका तकाजा सिर पर सवार है। अब जरा सोचिए, वह दरिद्र कृषक कब तक मौतसे बच सकता है! एक न

एक दिन वह भूखों छटपटा कर अपने प्राण छोड़ देगा और उ
शवको गीदड़, चील आदि मांसभोजी जीव खा जावेंगे !

भारतीय दरिद्रताका सवाल सार्वभौम दृष्टिसे भी हल किया
सकता है। आप ही सोचिए कि यदि आप किसी समय रात्रिमें
सुसज्जित उत्तम भवनमें किवाड़ बंद कर आराममें सोते हों
उस निशीथ रजनीकी प्राकृतिक शान्तिकी मधुरिमाको भंग करने
क्रन्दनध्वनि जो किसी एक दीन दिनके भूखे, जाड़ेसे काँपते हुए मनुष्य
उजाड़ झोपड़ीसे निकलती हो, और उसे आप सुनें तो क्या वह आ
सुनी जायगी ? या तो उसे आप उस स्थानसे हटा देंगे, अथवा
सहायता कर उसकी जीवन-रक्षा करेंगे, ताकि फिर ऐसी कालि
आवाज आपके कर्ण-गोचर न हो। सड़कों पर चलते समय भिख
आपको दिक करें—, जैसे आजकल तीर्थों पर पण्डे किया करते
तो आपको यह भला मालूम होगा ? या वे शान्ति-पूर्वक कोई रोज
कर अपना जीवन निर्वाह करें तो भला मालूम होगा? आप यदि
हैसियतमें कहींके सम्राट ही क्यों न हों, तथापि बहुत संभव है
आपको पिछली बात बहुत ही अच्छी और उचित जँचेगी। बात
सत्य है, गरीबी-अमीरीका प्रश्न एक ऐसा पेचीदा है, जिसके हल
बिना पूरी शान्ति स्थापित करना हर एक शासनप्रणालीकी श
बाहरकी बात है। पुलिस रख कर ही कोई शान्ति रक्षा कर सक
यह कोई बात नहीं। जबरदस्ती आप किसीको कानूनका
तभी कर सकते हैं जब तक कि उसमें उस बंधनसे छूट जा
शक्ति नहीं आई हो। ज्यों ही उसमें आपसे बढ़कर शक्ति पैद
जायगी त्यों ही वह तुरन्त आपके फेरेसे निकल कर आपहीक
दबावेगा। अतएव यह परमावश्यक है कि हम दूसरेकी, निर्दय
उसकी स्वाधीनता छीन कर उसे अपने मातहत न बनावें। इस
में यह अँगरेजी कविता उद्धृत करना अनावश्यक न होगा:—

Where half the Power that fills the world with terror,
Where half the wealth that spent on camp and court
Given to redeem the human mind from error
There were no need of arsenals nor forts."

अर्थात्—" यदि उससे आधी शक्ति जिससे कि संसार कंपित किया जाता है, यदि उससे आधी संपत्ति जो अदालतों और दौरोंमें व्यय होती है मनुष्य मात्रकी भूल सुधारनेके उपयोगमें लाई जाती तो शस्त्रशालाओं और किलोंकी कोई आवश्यकता न पड़ती !"

सुशासनमें वर्तमान कालके जैसी पुलिस-नियोजनाकी मैं आवश्यकता नहीं समझता। ज्यों ज्यों प्रजावर्गमें विद्याके प्रभावसे समझदारोंकी संख्या बढ़ेगी त्यों त्यों अत्याचार या अशान्तिकी मात्रा कम होती जायगी। पर विचारनेकी बात है कि हम दरिद्रताके चंगुलमें फँसे रह कर या भूखों मरते कानूनकी रक्षा कहाँ तक कर सकते हैं? कहावत भी है "बुभुक्षितः किं न करोति पापं" अर्थात्—मरता क्या न करता। हममें केवल अन्नका ही तो दुर्भिक्ष नहीं है जिसे निवारण कर लें। शिक्षा-सम्बन्धी बातोंका भी तो यहाँ अकाल है। इसमें इतना नैतिक या धार्मिक बल नहीं कि लोग भूखों मर जायँ तो मर जायँ पर जीव-हत्या न करें। यदि दो चारमें उक्त बल हो तो भी तो उनकी आत्महत्या अनिवार्य है। फिर हम कैसे मान सकते हैं कि बिना दरिद्रता दूर किये, कहीं स्थायी शान्ति स्थापित हो सकती है। दरिद्रताके कारण हम अनेक प्रकारके अत्याचार कर सकते हैं और आज कर भी रहे हैं और न जान कब तक करते रहेंगे। हमा[रे] देशके सब निंद्य कार्यों और अत्याचारोंका मूल कारण दरिद्रता है

"The crying need of the humanity is not for better morals, cheaper bread, temperance liberty culture, redemption of fallen sisters and erring brothers, nor the grace love fellowship, of the Trinity (त्रिमूर्ति) but simply for enough money. And the evil to be attacked is not sin, suffering, greed, priestcraft, kingcraft, demagogy, monopoly, ignorance, drink war, pestilence nor any other of the scapegoat which reformers sacrifice, but simply poverty.

—*Bernard Shaw.*

मि० वर्नर्डशा कहते हैं—" मनुष्यताकी सबसे बड़ी आवश्यकता न तो श्रेष्ठ आचरण, सस्ता भोजन, संयम, स्वाधीनता, शि (Culture), पतित बहिनों तथा भूले हुए भाइयोंका सुधार है और त्रिमूर्तिका प्रेम, सहानुभूति और अनुकम्पा ही है; किन्तु पर्य्याप्त धन है। और जिस बुराई पर हमें आक्रमण करना चाहिए वह न पाप, न लालच, न पोपजाल, न राजनीति, न गुरुघण्टालपन, न विक्रयका अधिकार, न मूर्खता, न मद्यपान, न युद्ध, न मरी और न भेंटका बकरा है जिसे सुधारक बलिदान करते हैं, किंतु वह आवश्यकता एक मात्र दरिद्रता ही है।"

हम लोग इस समय तक ऐसे अनुशासनके अन्दर हैं, जो आज संसारको उच्च कोटिकी सभ्यताके सामने दो पुश्तका पुराना माना जाने लगा है। जिसके विषयमें Ibid (एबिड साहब) का कथन है कि—

"The excessive costiliness of the foreign ~ncy, is not however, its only evil. There is

noral evil which, if any thing is even greater
kind of dwarfing or stunting of the Indian
ce is going on under the present system, we
ust live all the days of our life in an atmos-
iere of infiorrity and the tallest of us must
end in order that the agencies of the existing
ystem may be satisfied."

अर्थात्–" सिर्फ राज्य-प्रबन्ध पर अत्यन्त व्यय ही इसकी बुराई
ही है। नैतिक बुराई यदि कोई वस्तु है तो उससे भी अधिक है,
ो हिन्दू जातिकी वृद्धिमें बाधक है। जिसके कारण हमको अपना
ारा जीवन अपने आपको दीन हीन समझते हुए बिताना पड़ता
। और हममें जो सबसे ऊँचे हैं उन्हें भी वर्तमान प्रणालीको
ंतुष्ट करनेके लिये झुकना ही पड़ता है।"

इसके लिये आजकलका प्रचलित शब्द एक और है—" राज-
त्ता" अर्थात् (Bureaucracy) इससे एक दर्जे उन्नत
ासनको राजनीति-विशारद प्रजातन्त्र (Democracy) के
ामसे पुकारते हैं। यही शासनप्रणाली अभी संसारके अधिकांश
ागमें स्थापित हो रही है, जिसके विषयमें एबिड महोदय
लिखते हैं:—

"Democracy is a spirit–a mental attitude–
which can be held by every man and every
woman in the country. And upon its accept-
ance, national prosperity in the future will
depend. It is not a subversivo force–it is not
a Clustering loud voiced policy–it is a force
which must ensure law and order; for under
the truly democratic rule everybody has a
voice in the Government of the Country in

"The crying need of the humanity is nc for better morals, cheaper bread, temperanc liberty culture, redemption of fallen siste and erring brothers, nor the grace love fellov ship, of the Trinity (त्रिमूर्ति) but simply fc enough money. And the evil to be attacke is not sin, suffering, greed, priestcraft, kin craft, demagogy, monopoly, ignorance, drin war, pestilence nor any other of the scapegoa which reformers sacrifice, but simply poverty

—Bernard Shaw.

मि० बर्नर्डशा कहते हैं–" मनुष्यताकी सबसे बड़ी आवश्यकत न तो श्रेष्ठ आचरण, सस्ता भोजन, संयम, स्वाधीनता, शि (Culture), पतित बहिनों तथा भूले हुए भाइयोंका सुधार है और त्रिमूर्तिका प्रेम, सहानुभूति और अनुकम्पा ही है; किन्तु पर्य्याप्त ध है। और जिस बुराई पर हमें आक्रमण करना चाहिए वह न पा न लालच, न पोपजाल, न राजनीति, न गुरुघण्टालपन, न विक्रयव अधिकार, न मूर्खता, न मद्यपान, न युद्ध, न मरी और न भेंटव बकरा है जिसे सुधारक बलिदान करते हैं, किंतु वह आवश्यक एक मात्र दरिद्रता ही है।"

हम लोग इस समय तक ऐसे अनुशासनके अन्दर है, जो आ संसारको उच्च कोटिकी सभ्यताके सामने दो पुश्तका पुराना मा जाने लगा है। जिसके विषयमें Ibid (एबिड साहब) क कथन है कि—

"The excessive costiliness of the foreig agency, is not however, its only evil. There i

moral evil which, if any thing is even greater kind of dwarfing or stunting of the Indian ce is going on under the present system, we ust live all the days of our life in an atmosnere of infiorrity and the tallest of us must end in order that the agencies of the existing ystem may be satisfied."

अर्थात्-" सिर्फ राज्य-प्रबन्ध पर अत्यन्त व्यय ही इसकी बुराई ही है। नैतिक बुराई यदि कोई वस्तु है तो उससे भी अधिक है, ो हिन्दू जातिकी वृद्धिमें बाधक है। जिसके कारण हमको अपना ारा जीवन अपने आपको दीन हीन समझते हुए बिताना पड़ता । और हममें जो सबसे ऊँचे हैं उन्हें भी वर्तमान प्रणालीको तुष्ट करनेके लिये झुकना ही पड़ता है। "

इसके लिये आजकलका प्रचलित शब्द एक और है—" राजत्ता" अर्थात् (Bureaucracy) इससे एक दर्जे उन्नत ासनको राजनीति-विशारद प्रजातन्त्र (Democracy) के ामसे पुकारते हैं। यही शासनप्रणाली अभी संसारके अधिकांश ागमें स्थापित हो रही है, जिसके विषयमें एविड महोदय िखते हैं:—

"Democracy is a spirit-a mental attitude-which can be held by every man and every woman in the country. And upon its acceptance, national prosperity in the future will depend. It is not a subversive force-it is not a Clustering loud voiced policy-it is a force which must ensure law and order; for under the truly democratic rule everybody has a voice in the Government of the Country in

। रूसमें इस दलवालोंने काम करना भी आरंभ कर दिया है।
नीकी भी यही दशा है। वहाँके कितने ही सेठ-साहूकार अपने
-जायदाद, कल-कारखाने जमीन-जोतसे वे दखल कर दिये गये
यहाँ तक कि उन्होंने राजवंश तकका नाश कर डाला है।
हवाका रुख देख कर क्या हम इस बातका पता नहीं लगा
ते हैं कि स्वतंत्रताकी यह लहर उठ कर यहीं तक न रहेगी,
केन्तु आगे भी बढ़ सकती है, और अवश्य बढ़ेगी। अब आप
रेद्र भारतका ध्यान कीजिए कि वह कहाँ तक इन बातोंकी समता
रनेमें समर्थ है। हम क्या लिखें? जहाँ संसार सोशलिष्टोंका
गत करनेको तैय्यार है, जहाँ इंग्लैण्डके प्रधान मंत्री मि०
यड जार्ज तक कुछ दिन पूर्व ही "Universal old age
Pension" और "Legal Maximum wage" के प्रस्ताव
श कर जीविका (living) के सवालको हल करना चाहते थे।—
जिस पर लोगोंने असंतुष्ट हो कर कहा था कि "Universal
Pension for life" कराये बिना काम न चलेगा—यह दरि-
ता समूल नष्ट न हो सकेगी) शोक है कि वे सब बातें आज भी
ारतके लिये स्वप्नवत् हो रही हैं। भारतकी दरिद्रता दूर करनेके
ये एक मात्र उपाय "स्वराज्य" है।

आज हम न तो अधिक प्रजातन्त्र ही चाहते हैं; न एक बार
। मात्र हो जानेकी इच्छा रखते हैं। प्रार्थना केवल इतनी ही
कि हमारी इतनी बढ़ी-चढ़ी दरिद्रता दूर कीजिए, ताकि हम
मियोंका सामना करनेसे सदाके लिये बच जावें। क्योंकिः—

"Money is the counter that enables life
o be distributed socially, it is life as truly as
overeigns and Bank notes are money."

—*Bernard Shaw.*

वैश्य-समाज।

हमारे शास्त्रकारोंने चारों वर्णोंके कर्मोंका पृथक् पृथक् बतलाते हुए वैश्योंके लिये:—
" कृषिगोरक्ष्यवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम् " बतलाय
मनुजीने लिखा है:—

" पशूनां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च।
वणिक्पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च।

अर्थात्—उस परमात्माने पशुओंकी रक्षा, दान देना, यज्ञ करना, पढ़ना, व्यापार, व्याज और खेती ये कर्म वैश्यके लिये बनाये।

किन्तु वर्तमान समयमें हमारे वैश्य-समाजकी बहुत ही दुर्दशा है। पशु पालन, व्यापार और कृषि ये लोग कैसी करते हैं यह सब प्रकट है। हाँ शास्त्राज्ञाके विरुद्ध इनका प्रत्येक कार्य निस्सन्देह है। अपने देशकी दशाका इन्हें तनिक भी ध्यान नहीं—

" तुम मर रहे हो तो मरो, तुमसे हमें क्या काम है?
हमको किसीकी क्या पड़ी है, नाम है धन-धाम है।
तुम कौन हो जिनके लिये हमको यहाँ अवकाश हो,
सुख भोगते हैं हम, हमें क्या जो किसीका नाश हो?

—भारतभारती।

ये किसीके भले बुरेकी तनिक भी पर्वाह न करके, "भज कल्दारं भज कल्दारं कल्दारं भज मूढ़मते" का पाठ अहर्निशि किया करते हैं। थोड़ेसे लाभके लिये अपना, अपने समाजका और अपने देशका भविष्य बिगाड़ रहे हैं। उनका व्यापार ...

सात्विक दानसे श्री-वृद्धि, कीर्ति-वृद्धि, धर्म-वृद्धि और स्वर्ग तक होना हमारे महर्षियोंने लिखा है। भारतवर्षमें केवल एक अनुपम वस्तु है, जिससे बिना प्रयास ही स्वर्ग, अर्थ, व मोक्षकी प्राप्ति हो जाती है। हमारे शास्त्रोंमें बिना उत्तम सम्पत्तिकी सारी शोभाको तुच्छ बताया है, यहाँ तक कि कर्तव्य-कर्म भी एक मात्र दान कहा है। मनुजी कहते हैं—

" यत्पुण्यफलमाप्नोति गां दत्त्वा विधिवद्गुरोः।
तत्पुण्यफलमाप्नोति भिक्षां दत्वा द्विजो गृही।"

अर्थात्—विधि-पूर्वक गुरुको गो दान करने पर जो फल प्र है वही पुण्य-फल गृहस्थीको भिक्षा देनेसे होता है। हमा अन्नदानका कितना महत्त्व लिखा है—

" तुरगशतसहस्त्रं गोगजानां च लक्षं,
कनकरजतपात्रं मेदिनीं सागरान्ताम्।
विमलकुलवधूनां कोटि कन्याश्च दद्यात्,
नहि नहि सममेतैरन्नदानं प्रधानम्।"

अर्थात्—एक लाख गाय, घोड़, हाथी तथा सुवर्ण और पात्र, ससागरा वसुन्धरा और योग्य करोड़ कन्याओंका दान पर भी वह फल नहीं मिलता जो अन्नदान करनेवालेको मिल किंतु बाबा तुलसीदासजीने लिखा है—

" जिनके लहहिं न मंगन नाहीं ते नरवर थोरे जग माँहीं।"

धर्मके शुभ लक्षणोंमें, दसमेंसे एक दान भी है पर आजकल रूप बेढब बिगड़ गया है। दानकी काया कलुषित होनेसे ही

शरीर बहु व्याधि-ग्रस्त और देश दारिद्रय दलित एवं दुर्भिक्ष-
दिखाई देता है। इस कंगाल भारतमें यदि दानका ऐसा ही सर्व-
क रूप कुछ दिनों तक बना रहा तो इस देशका भविष्य नन्द,
के भविष्यसे भी कहीं अधिक भयंकर हो उठेगा। हाय,
री स्वर्णभूमि भारत पर शिवि, दधीचि, हरिश्चन्द्र, रघु, गय,
कर्ण, विक्रम आर श्रीहर्ष आदि प्रातःस्मरणीय वदान्य राजा
कर चुके हैं ? हा न वे राम रहे न वह अयोध्या ही रही, न
मन ही रहा, न वे बुलबुलें ही रहीं !

"दानी बहुत थे किन्तु याचक अल्प थे उस कालमें।
ऐसा नहीं जैसी कि अब प्रतिकूलता है हालमें।"

रतमें दान-प्रथाका रूप परिवर्तन हो गया। इस प्रथाने इतना
किड़ा कि भारतमें एक दम आलसी मनुष्योंने भिक्षा माँगना
एक रोजगार ही मान लिया। उसीसे वे अपने उदर-पोषणके
क अन्यान्य गृहकार्य चलाने लगे। इतना ही नहीं, कई भिक्षुक
ने भी हैं। किन्तु—

"वन्दिनो दानमिच्छन्ति भिक्षामिच्छन्ति पङ्गवः।
इह सत्पुरुषाः सिंहा अर्जयन्ति स्वपौरुषात्।"

ति-भिक्षाकी इच्छा करना लूले-लँगड़ोंका काम है, परन्तु
के लोग हट्टे कट्टे बलवान होते हुए भी भीख माँग कर उदर-
करते हैं। इत्यादि अनेक ग्रंथोंमें हमारे शास्त्रकारोंने भिक्षा-
। अत्यन्त ही निंद्य कार्य कहा है।

भारतवर्षमें लगभग साठ लाख मनुष्य भिक्षावृत्ति द्वारा अपना
रते हैं। इनमें वे साधु भी हैं जो दल बाँध कर हाथी, घोड़े, ऊँट,

गाड़ी आदि अपन साथ साथ लिये फिरा करते हैं। वे
जो मंदिर-सेवा द्वारा अपना काम चलाते हैं। वे फकीर
वर स्वाँग धर कर माँगते रहते हैं। सारांश यह कि भिक्ष
वालोंकी संख्या साठ लाख है, वे कोई भी हों।

हमारा साधु-समाज भारतवर्षके लिये बकरीके गले
भाँति व्यर्थ ही है। पूर्वकालमें प्रायः अस्सी हजार साधु
थे। वे सब तपस्वी, धर्मनिष्ठ, वेद-वेदांगपारग और व
उनकी सारी आयु देशके कल्याण-चिंतनमें ही बीतती थ
उपकार उनके जीवनका एक मात्र लक्ष्य था। व्या
गौतम, कणाद, पतंजलि, पाणिनी आदि महर्षि उ
हजारमेंसे थे, जिन्होंने अपने तपोबलसे भारतका कल्या
जिनका वृहत् ऋण हमारे सिर है। कुपथगामी भू
सदुपदेश द्वारा अन्याय-पथसे हटा कर प्रजाका कल्
एवं देशकी दशाका समय समय पर बोध कराते रह
ही काम था। भारतवासियोंको सब प्रकारकी शिक्षा दे
काम था। क्षत्रियादि अन्य वर्णोंको उनके उनके धर्मानु
उन्हींका काम था। भारतको दुर्भिक्षसे बचानेके निमि
यज्ञ अहर्निशि करते रहना उन्हीं परोपकारी महात्माओंका
क्योंकि वे विज्ञानवेत्ता थे—उन्हें श्रीकृष्ण भगवान्के
वाक्य पर दृढ़ निश्चय था कि—

"अन्नाद्भवन्ति भूतानि पर्जन्यादन्नसंभवः—
यज्ञाद्भवति पर्जन्यो यज्ञः कर्मसमुद्भवः।"

प्राणियोंकी उत्पत्ति होती है और मेघसे अन्न यज्ञसे मेघ उत्पन्न होता है और कर्मसे यज्ञ उत्पन्न वे अपने यज्ञकर्म द्वारा भारतको रोग, शोक, चिंता, आदि भयंकर उत्पातोंसे बचाते रहते थे। यही नहीं समय र अस्त्र ग्रहण करके राजाओंको सहायता देते थे। उसी मण्ड-णाचार्य और कृपाचार्य थे, जिन्होंने महाभारतमें अपूर्व संग्राम बड़े शस्त्रधारियोंको चकित कर दिया था। जिनका था कि—

" अग्रतश्चतुरोवेदाः पृष्ठतः सशरं धनुः।
द्वाभ्यामपि समर्थोस्मि शास्त्रादपि शरादपि।"

त्—" चारों वेद मेरे आगे हैं—हृदयस्थ हैं और धनुष-बाण हैं। शास्त्र और शस्त्र दोनोंमें मैं समर्थ हूँ।" तत्कालीन के गुणोंकी प्रशंसा करना मानों सूर्यको दीपक दिखलाना है। म विश्वामित्र जैसे ब्रह्मर्षि द्वितीय सृष्टि उत्पन्न करनेमें समर्थ मौजूद थे। भृगु जैसे उग्र तेजधारी महात्मा विद्यमान थे। म जैसे वीर महात्मा मौजूद थे। ऐसा कौन राज्य था, जिसके दाता मंत्रियोंके समूहमें एक भी ऋषि न रहता हो। दधी-मान परोपकारी महर्षि, जिन्होंने अपनी जाँघकी हड्डी वृत्ता-रनेको देवताओंको दे दी थी, विद्यमान थे।

जकलके साधु-समाज पर जरा दृष्टि डालिए—तपके तो वे आग जलाके तपनेका अर्थ निकालते हैं। धर्मनिष्ठा नहा कर राख मल लेना और तिलक-छापे करके गलेमें माला में समा रही है। वेदवेदांग-पारग होना तो उनके लिये बड़ी

कठिन बात है, बल्कि उन्हें रामायणकी चौपई पढ़ना
भाँति नहीं आती। वनवास तो उन्हें नरक तुल्य लगत
गाँवके बाहर ठहर कर अपनेको वे वनवासी कहते हैं। देशके
इन्हें जरा भी ध्यान नहीं। इन्हें यह भी पता नहीं कि भ
इस समय क्या दुर्गति है और हमारा इस समय क्या क
बल्कि उसे मिट्टीमें मिलानेके कार्य ये सदैव करते रहते हैं।
या सेरभर अन्नका दिनभरमें नाश करते हैं और गाँजा, भाँ
चंडू, अफीम आदि मादक पदार्थोंका सेवन कर अपनी
करते रहते हैं। कुपथगामी भूपालोंको ये बेचारे क्या ह
जब कि वे खुद ही कुपथमें जा रहे हैं। भारतवासियोंको
भट्टाचार्य गँवार लोग कुछ शिक्षा भी नहीं दे सकते। वर्णा
चरण करनेका सदुपदेश ये दें कहाँसे, इन्हें यही पता नहीं
कितने होते हैं! इन्हें हवनादि द्वारा देशका कल्याण करन
आता, हाँ यदि उदर-रूपी हवन-कुंडमें पड़नेसे घृतादि
पदार्थ बचें तो यज्ञ सूझे। रात-दिन तमाखूका हवन तो
नागा करते रहते हैं। शस्त्र ग्रहणमें भी ये कायर हैं। हाँ
करके थोड़ा उछल-कूद जरूर कर लेते हैं, परन्तु यदि गवर्नमें
कहती कि युद्धमें सहायता करो, तो शायद ही कोई आगे
क्योंकि मुफ्तखोरोंसे काम होना जरा कठिन ही है। आजकल
खानेको माल और ओढ़नेको दुशाले प्रयोगमें लाते हैं।
सवारी और साधु नामकी ख्वारी करते हैं। उक्त लेखसे मेरा
सच्चे साधु महात्माओंसे नहीं है।

हमारा ब्राह्मण-समाज तो भिक्षुक समाज बना बनाया

ने अपने हाथों अपनी मिट्टी पलाद कर रखी है, इसमें सन्देह नहीं। आजकल ब्राह्मण नामका अर्थ ही भिक्षुक सा हो ... लोग इस सर्वपूज्य, सर्वोच्च जातिका हेय दृष्टिसे देखने ... । इसमें दोष लोगोंका नहीं है, जैसा जो करता है वैसा ही वह ...

... कम नहीं, बल्कि इनका पारा ... । कि ये लोगोंसे भीख माँग कर ... आदि कामोंमें सहस्रों रुपया व्यय करते हैं। पढ़े ... हों तो भीख ही क्यों माँगे। क्योंकि:—

"प्रतिग्रहसमर्थोपि प्रसंगं तत्र वर्जयेत्।
प्रतिग्रहेण ह्यस्याशु ब्राह्मं तेजो प्रशाम्यति॥"

... महाराज कहते हैं कि दान लेनेसे ब्रह्मतेज नष्ट होता है।

"तृणादपि लघुस्तूलस्तूलादपि हि याचकः।"

... र्थात्–"तृणसे हलका रुईका फाया और उससे भी हलका ... होता है।" यही कारण है कि आज अग्रजन्मा जाति नीच ... जा रही है। यह दुर्भिक्षके कारण हैं अथवा दुर्भिक्ष इनका ... है? मेरे विचारसे दुर्भिक्ष इनकी बेपरवाहीके ही कारण है। ... या झूठ इसका अनुमान विज्ञ पाठक स्वयं कर लें।

... पि ब्राह्मणोंमें तीर्थोंके पण्डे समझे जा सकते हैं तथापि इनके ... भी हम विशेष रूपसे कुछ लिखेंगे, क्योंकि दान लेनेवालोंमें ... भिक्षुकोंमें ये भी अग्रगण्य हैं। देखिए मथुराके पंडे चौबोंके ... मथुराके पुराने कलेक्टर मि० ग्राउस सा० मथुरा मेमोरिय- ... है।

The Chaubes of Muttra, however, num- ... all some 6,000 persons, are a peculiar

उनके नेत्र भंगसे लाल लाल रहते हैं। माथा राखसे चु
है। और फटे हुए वस्त्र पहिने उत्तम भोजन मिलनेकी
फूले नहीं समाते।

इसी भाँति प्रत्येक तीर्थके पंडे कसाईकी भाँति यात्रियो
तक निकालनेमें कसर नहीं रखते। ये लोग वेचारे य
धन लूट-खसोट कर अपना घर बनाते हैं। भूखों मरते भ
अपने पेट पर पट्टी बाँध कर उन्हें धन देते हैं। इस देशकी
विचित्र दशा है कि दाता तो भूखों मरें और दान लेनेवाले
करोड़पति बनें, ऐशो आराममें उम्र बिताया करें।

एक दल भिक्षुकोंका और भी है, वह फकीर कहाता
मुसलमान साधु होते हैं। ये लोग तो प्रत्यक्षमें ठग होते है
खाना इनका धन्धा है, बाकी फकीरीका लक्षण इनमें एक भी
प्रायः इनका भार भी हिन्दुओंके माथे ही है। इनको
अच्छे अच्छे ढंग और हथकण्डे आते हैं। धूर्तता इनका मुख
और विलासिता इनकी सहचरी है। भारतवासियोंका—
धर्मके अनुयायी हिन्दुओंका—पैसा ये लोग मांस-भोजन तथा
चारमें व्यय करते रहते हैं। इनके अतिरिक्त और भी कई
भिक्षुक हैं जो अपना उदर-पोषण केवल भीख माँग
करते हैं।

हमार यहाँकी दान-प्रथा बिलकुल बिगड़ गई। दाता पात्र
को देख कर दान नहीं देता तो याचक दान कुदानको नहीं दे
जैसे राखमें डाला हवन नहीं कहाता, उसी प्रकार मूर्खों और
त्रोंको दिया हुआ भी दान नहीं कहाता। व्यासजी कहते हैं—

"दपूर्णमुख विप्रं सुभुक्तमपि भोजयेत् ।
च मूर्खनिराहारं षड्रात्रिमुपवासिनम् ।"

—विद्वान यदि अक्षुधित हो तो भी उस भोजन कराना
कंतु मूर्ख छः दिनका भूखा हो तो भी उसे भोजन न दे ।
भी अच्छी बात कही है । विद्वानों तथा मूर्खोंका कैसा भेद
है। किंतु हम तो शास्त्र-वाक्य भी नहीं मानते । यह दोष
ही सिर है कि हमने कुपात्रोंको दान दे-दे कर भारतको
ना दिया । देशको आलसियों, मुफ्तखोरो और मूर्खोंसे
। दिन प्रति दिन भिक्षुकोंकी संख्या रक्तबीजकी तरह
है; क्योंकि भिक्षुकोंकी संतान भीख माँगनेवाली ही बनेंगी।
में आया है कि उनके सन्तान बहुतायतसे पैदा होती
भाँति यदि इनकी बढ़ती होती रही और देश इसी प्रकार
: दुर्भिक्षसे घिरा रहा तो आश्चर्य नहीं कि कुछ वर्षोंमें ही
सके निवासी भिक्षुक ही भिक्षुक होंगे । गोसाईं तुलसीदास-
है—

" नार मुई घर संपति नासी—
मूँड़ मुंड़ाय भये सन्यासी ।

—स्त्रीके मरते ही और धनहीन होते ही साधु बन कर भीख
सूझती है । किंतु मेरे विचारसे धनहीन होते ही आलसी
ब माँगने लगते हैं । आजकल तो स्त्रीकी कोई कैद नहीं,
कड़ों साधु कहानेवाले धूर्त स्त्रियों और बाल-बच्चों सहित
। कर पेट भरते हैं।

...समय गये हैं। सुना गया है कि अभी हालमें बंगाल-
...का ध्यान इस ओर गया है और वह इस सम्बन्धमें एक
...बनाना चाहती है।

...मेरिका जैसे उन्नत देशोंमें भीख माँगना बड़ा भारी अपराध
...हाँ जहाजसे उतरनेके पूर्व ३००) रु० नकदी दिखानेवाला
...ही देशमें प्रवेश कर सकता है, अन्यथा वह वापिस लौटा
...जाता है; क्योंकि उनका देश भीख माँग कर पेट भरनेका
नहीं है, वहाँ उद्यमी और पुरुषार्थी मनुष्य ही रह सकते हैं।
जिस देशके निवासी उद्यमी और परिश्रमी हों वहाँ क्या
दुर्भिक्ष, प्लेग, दरिद्रता आदि फटक सकते हैं? कदापि नहीं।
...अमेरिका समस्त संसारमें उन्नतिशील देश कहा जाता
...कि वहाँ एक भी भिक्षुक नहीं। अमेरिकामें ही क्या जापान
...अन्य देशोंमें भी भिक्षा बिलकुल नियम-विरुद्ध और निंद्य कार्य
...जाता है। हालैण्डमें ऐसे मुफ्तखोरोंके लिये जो कि काम
...लायक होते हुए भी कामसे जी चुराते हैं, यह उपाय
...ना गया है कि यदि कोई मनुष्य भीख माँगते हुए पकड़ा
और कारागारमें रहनेसे इनकार करे तो उसको एक हौजमें
देते हैं। इस हौजमें एक नल लगा रहता है, यदि वह इस
पानी न निकालता जाय तो थोड़ी देरमें पानी सिरके ऊपर
...। अतएव उसे हाथ पैर हिलाने ही पड़ते हैं, इस प्रकार उसे
...करनेकी आदत पड़ जाती है और आलस्य दूर हो जाता है।
...यही चाहते हैं कि भारतवर्षके भिक्षुकोंके लिये भी हमारी
...कोई ऐसा ही कानून बनावे। नहीं तो वे भिखारियों को-

न बनाये गये हैं। सुना गया है कि अभी हालमें बंगाल-
ारका ध्यान इस ओर गया है और वह इस सम्बन्धमें एक
बनाना चाहती है।

मेरिका जैसे उन्नत देशोंमें भीख माँगना बड़ा भारी अपराध
है, जहाजसे उतरनेके पूर्व ३००) रु० नकदी दिखानेवाला
ही देशमें प्रवेश कर सकता है, अन्यथा वह वापिस लौटा
जाता है; क्योंकि उनका देश भीख माँग कर पेट भरनेका
नहीं है, वहाँ उद्यमी और पुरुषार्थी मनुष्य ही रह सकते हैं।
जिस देशके निवासी उद्यमी और परिश्रमी हों वहाँ क्या
भिक्ष, प्लेग, दरिद्रता आदि फटक सकते हैं? कदापि नहीं।
तो अमेरिका समस्त संसारमें उन्नतिशील देश कहा जाता
कि वहाँ एक भी भिक्षुक नहीं। अमेरिकामें ही क्या जापान
अन्य देशोंमें भी भिक्षा बिलकुल नियम-विरुद्ध और निंद्य कार्य
जाता है। हॉलैण्डमें ऐसे मुफ्तखोरोंके लिये जो कि काम
लायक होते हुए भी कामसे जी चुराते हैं, यह उपाय
ा गया है कि यदि कोई मनुष्य भीख माँगते हुए पकड़ा
और कारागारमें रहनेसे इन्कार करे तो उसको एक हौजमें
देते हैं। इस हौजमें एक पम्प लगा रहता है, यदि वह उस
पानी न निकालता जाय तो थोड़ी देरमें पानी सिरके ऊपर
य। अतएव उसे हाथ पैर हिलाने ही पड़ते हैं, इस प्रकार उसे
करनेकी आदत पड़ जाती है और आलस्य दूर हो जाता है।
यही चाहते हैं कि भारतवर्षके भिखमंगोंके लिये भी हमारी
ट कोई ऐसा ही कानून बनावे। नहीं तो ये भिखमंगे जों-

भिक्षुकोंकी वृद्धि रोकनेका कोई उपाय अभी तक नहीं से
न जान भारतवासी क्यों इस ओरसे बेफिक्र हो रहे हैं।
भिक्षुकोंको बढ़ने देना भारी भूल है। जिस देशमें भिक्षुक
क्या वह देश कभी उन्नत हो सकता है? नहीं, कदापि
देशकी उन्नतिमें यह भिक्षुक दल अत्यंत बाधक है। हम
चाहते कि हमारे पूर्वजोंकी आज्ञा उल्लंघन कर दान देना
तथा आयुके चौथे भाग अर्थात् वृद्धावस्थामें हरिभजन
कल्याणके निमित्त गृहत्याग करना बुरा है। नहीं वह उत्तम
शास्त्र-मर्यादानुकूल होना चाहिए—वर्तमान भिक्षुक समाज
नितान्त अयोग्य है। ऐसे मुफ्तखोरोंको देशमें रखनेसे एक
आजायेगा जब कि सभी भिक्षुक ही भिक्षुक दृष्टि
भारतमें दानका धर्मसे सम्बन्ध होनेके कारण कोई कानून
र्नमेंट नहीं बना सकती। और बना भी सकती है तो गवर्न
इससे लाभ ही क्या? यदि गवर्नमेंट भिक्षुकोंके लिये कानून
कि—"अमुक आयुसे नीचेवाला व्यक्ति भिक्षुक नहीं हो
अथवा स्वस्थ और हट्टा-कट्टा बलवान, ... नी-पुरुषाप

...९। सुना गया है कि अभी हालमें बंगाल-
ध्यान इस ओर गया है और वह इस सम्बन्धमें एक
चाहती है।

जैसे उन्नत देशोंमें भीख माँगना बड़ा भारी अपराध
हाजसे उतरनेके पूर्व ३००) रु० नकदी दिखानेवाला
शमें प्रवेश कर सकता है, अन्यथा वह वापिस लौटा
है; क्योंकि उनका देश भीख माँग कर पेट भरनेका
, वहाँ उद्यमी और पुरुषार्थी मनुष्य ही रह सकते हैं।
देशके निवासी उद्यमी और परिश्रमी हों वहाँ क्या
प्लेग, दरिद्रता आदि फटक सकते हैं? कदापि नहीं।
रिका समस्त संसारमें उन्नतिशील देश कहा जाता
हाँ एक भी भिक्षुक नहीं। अमेरिकामें ही क्या जापान
शोंमें भी भिक्षा बिलकुल नियम-विरुद्ध और निंद्य कार्य
है। हॉलैण्डमें ऐसे मुफ्तखोरोंके लिये जो कि काम
क होते हुए भी कामसे जी चुराते हैं, यह उपाय
है कि यदि कोई मनुष्य भीख माँगते हुए पकड़ा
कारागारमें रहनेसे इन्कार करे तो उसको एक हौजमें
। इस हौजमें एक पम्प लगा रहता है, यदि वह उस
न निकालता जाय तो थोड़ी देरमें पानी सिरके ऊपर
एव उसे हाथ पैर हिलाने ही पड़ते हैं, इस प्रकार उसे
आदत पड़ जाती है और आलस्य दूर हो जाता है।
चाहते हैं कि भारतवर्षके भिखमंगोंके लिये भी हमारी
ई ऐसा ही कानून बनावे। नहीं तो ये भिखमंगे जो-

कोंकी तरह भारतका खून चूसते रहेंगे। इस दरिद्रताका भी ठिकाना है ?

कारलाइल साहब ऐसे भिक्षुकोंके विषयमें बहुत कुछ लिख अन्तमें लिखते हैं—"ऐसे भिक्षुकोंका प्रति रविवारको जब रहती है, शिकार खेलना चाहिए।" इसका मतलब यह नहीं उक्त साहब उनको सचमुच जानसे मार डालना बतलाते हैं— ऐसा लिख कर उन्होंने भिक्षुकोंके प्रति अपनी अत्यंत घृणा प्रकट की

हिन्दीके धुरन्धर लेखक मिश्रबन्धुओंमेंसे पं० शुकदेवबि मिश्र बी० ए० वकील हाईकोर्ट लखनऊ लिखते हैं कि "हट्टे कट्टे लोगोंको दान देना देश और उन दोनोंके लिये एक हानिकारक है। देशको इस लिये कि उसका इतना धन व्यर्थ होता है और उसकी द्रव्योत्पादक शक्ति जो उन्नतिकी एक जननी है, घटती है। और उन भिक्षुकोंकी यों हानि होती है वे पुरुषार्थके नितान्त अयोग्य हो जाते हैं। आप कहेंगे कि साधु-फकीरोंको मर जाने दें ? इसका उत्तर यही है कि ऐसे निरुद्य कायर पुरुषोंका जो देश पर केवल बोझ मात्र हैं, मर जाना ही उ है। इस शरीरसे जो मनुष्य कुछ भी लाभ नहीं उठाता, उससे वह पशु भला जो सैकड़ों काम आता है।"

भारतवर्षके भिक्षुक बड़े ही चटोरे और फजूल खर्च ए व्यसनी होते हैं। उनके मुखमें बिना घी-शक्करके ग्रास न उतरता। वे सोनेके जेवर और बढ़िया मूल्यवान् शाल ओढ़ते हैं बड़े बड़े मंदिरों, बागीचों, मठों और मकानोंके अधिपति होते हैं हाथी-घोड़े और पालकीमें बैठ कर चलते हैं। चंड, चरस, गाँजा

अफीम और भंग जैसे बुद्धि-विनाशक पदार्थोंका सेवन है। भिखमंगोंमें प्रायः ये दूषण होते ही हैं; क्योंकि उन्हें नहीं पड़ता; मुफ्तका माल हाथ लगता है, फिर जो जो न हों वे थोड़े ही हैं। ऐसे पुरुषोंमें नैतिक बुराइयाँ होना क बात है।

देखना चाहिए कि इस भिक्षुक महामण्डलका, जिसके से अधिक सभासद हैं, खर्च कहाँसे चलता है और व्यय होता है? कहनेकी आवश्यकता नहीं कि इनका ग भारतवासियोंके ही सिर है, क्योंकि वे तो परिश्रम प समझते हैं। इनका अच्छे भोजन, अच्छे वसन तथा सबका खर्च लगाया जाय तो एक अच्छे गृहस्थसे कहीं ी खर्च निकलेगा। किंतु यदि औसतसे आठ रुपया प्रति भिक्षुक भी मान लिया जावे तो भी उनका खर्च ००) रु० वार्षिक बेचारे दीन, दरिद्र, दुर्भिक्ष-पीड़ित, वासियोंके ही सिर है!

क भारतमें भिखमंगे हैं तब तक भारतकी दशा सुधरना। क्योंकि भिखारी बड़े ही अनाचारी और अत्याचारी देखिए भिखारी रावणने सीता हरी। भिखारी विष्णुने सतीत्व नष्ट किया। भिखारी विष्णुने बलिको छला। िश्वामित्रने हरिश्चन्द्रको छला। भिखारी महादेवने वनमें ोंको लज्जित किया। भिखारी अर्जुनने बलदेवजीको ा। भिखारी कृष्णने जरासंधका नाश कराया। भिखारी ारद्वजने पुत्रका वध कराया। भिखारी त्रिदेवने दनुपुत्रोंके

पतिव्रतका नाश करना चाहा । भिखारी आल्हा-ऊदलने माँडो
राजाको मारा । भिखारी मुनिया बुढ़ियाने लाखों यात्रियोंकी लु
वाया । भिखारी मेजर टक्कर साहबने हजारों हिन्दुओंका धर्म भ्र
करवाया । आजकल भिखारी लोग जा जो उपद्रव, अत्याचार क
रह हैं वह विज्ञ पाठकोंसे छिपा नहीं है । सारांश यह कि भारत
लिये भिखारियोंकी अधिक संख्या सत्यानाशका मूल कारण है
अत एव इनकी संख्या घटा कर देशको दारिद्र्य और दुर्भिक्षसे र
करनेका उपाय सोचना चाहिए ।

कुछ और भी।

व कभी भारतवर्षमें प्लेगका दौरा किसी नगर गाँव या कस्बेमे होता है तब वहाँके रहनेवाले, उस जन-नाशसे घबरा उठते ससे बचनेका उपाय सोचते हैं, औषधियाँ सोचते हैं इत्यादि। उन्हें इस बातका तनिक पता नहीं कि प्लेगसे बढ़कर एक पिशाच भी भारतवर्षको ऊजड़ कर रहा है। वह दूसरा व दुर्भिक्ष है। यदि प्लेगसे एक मनष्यकी मृत्यु हुई है तो इस ने उन्नीस आदमियोंका संहार किया है। दुनियाके प्रसिद्ध छ जर्नल मि० लेन्सेट साहबने लिखा है कि पिछले दस वर्षोंमे ाख मनुष्य तो प्लेगके शिकार हुए और एक करोड़ नब्बे मनुष्य दुर्भिक्ष राक्षसके कराल डाढ़ों द्वारा पिस गये !

र्भिक्षने क्या नहीं कर दिखाया। अनेक ऋषि-सन्तान भूखे ईसाई और मुसलमान हो गईं। भूखों मरती भारत ललना- अपने पावन पतिव्रत धर्मको जलांजलि देदी। भूखों मरते भाई आरकाटियों द्वारा बहकाये जाकर फिजी, दक्षिण ा, नेटाल, ट्रांसवाल, आरेञ्जफ्रीस्टेट, दक्षिण रोडेसिया, केप- ी, कनाडा, आस्ट्रेलिया, मोरीशस, सीलोन आदि अनेक ोंको भेज दिये गये। वहाँ पहुँच कर, बल्कि भारत छोड़ कर पर पैर रखते ही उन्हें जिन जिन आफतों, अत्याचारों और ाओंका सामना करना पड़ा, उनकी कथा हृदयको विदीर्ण ाली है।

And the memory haunts and haunts them,
Of an evil black as hell.
They are dying, dying, dying,
Unblest, unloved, unknown,
Ah, God in heaven in heaven,
Make their dumb cry thine own."

क्या ही करुणा-जनक दशा है। हाय हमारे भोले भोले भार-
माई भूखों मरते, जीवित नरकमे पड़े यम-यातनासे कठोर दुःख
रहे हैं। क्या हमें इस बातका पता है कि वे क्यों इस भाँति
सह रहे हैं। हाँ, वे बेचारे भयंकर दुर्भिक्ष और दरिद्रके कारण
जीवित नरकमें हैं।

यों मरते भारतवासियोंने अपना गौरव खो दिया, स्वतंत्रता
, आत्मबलको तिलांजली दे दी, दासत्वको अपना लिया,
की छायाके स्पर्शसे हमारे पूर्वजोंने स्नान किया उन्हीं ऋषि-
सन्तानोंने आज उन्हीं लोगोंकी जुतियाँ खाकर भी "हाँ
" कहना अपने जीवनका एक मात्र उद्देश्य समझ रखा है।
ईश्वरकी प्यारी ब्राह्मण जाति भी ठोकरें खाने लगी। जिनकी
रजसे लोगोंने क्या चक्रवर्ती राजाओंने अपने मस्तकको
टेक कर अपनेको पवित्र किया, उन्हीं अग्रजन्मा भूसुरोंकी
मरते दुर्भिक्षके कारण कैसी अधोगति हो गई! बिना बुलाये,
नित होने पर भी, भोजन-प्राप्तिके लिये, अपनेसे नीच वर्णके
के द्वार पर वे आशा लगाये अड़े रहते हैं। कई तो सिर फोड़
न निकाल कर अपने पेटकी ज्वाला शांत करनेको अन्न प्राप्त
हैं।

ाक खूब बचा लेते हैं। कारण वहाँ काम अधिक होनेसे मनु
यमूल्य है और अच्छी मजदूरी मिलती है। भारतमें सैकड़ों हजारों

ा अमेरिका-सम्बन्धी पुस्तकोंमें स्वामी सत्यदेवजीने लिखा है
हाँ पर विद्यार्थी दिनमें एक घंटा भर काम करके अपना
भली प्रकार करके कुछ बचा भी सकता है। स्वयं स्वामी
वजीने ग्रीष्मावकाशमें इतना कमा लिया था कि महीनों तक
द्वारा वे अपना खर्च चलाते रहे थे। परन्तु भारतवर्षम
दिन जी-तोड़ परिश्रम करनेवाला मनुष्य भी मासमें कमसे
तीन चार चार एकादशीका उपवास करता है! यहाँ
मरते लोग अपने जीते-जी अपने प्राणाधिक प्रिय बालकोंको
ने जुदा कर देते हैं। यहाँ एक बी० ए०, एम० ए० डिग्री-धार-
उतना नहीं कमा सकता जितना अमेरिकाका एक कुली
ता है। यहाँके काम करानेवाले लोग मुफ्तमें ही काम करा
चाहते हैं। इसमें अग्रगण्य हमारी सरकारके कर्मचारी आदि ही
योंकि यह बहुतसे दीन मनुष्योंको जबरदस्ती बेगारमें पकड़
और उनसे काम करा कर एक पैसा नहीं देते और यदि देते
केवल नाम मात्रको या हमारे आँसू पोंछनेको। हम पूछते हैं,
के साथ ऐसा अन्याय क्यों? भूखों मरते भारतवासियों पर यह
! पर कौन सुनता है। जहाँ गवर्नमेंटके कर्मचारी ही
य कार्य करें और देशके गरीबों और भूखोंको सतावें, वहाँकी
होगी। देखा गया है एक साधारण सरकारी कर्मचारी

किसी गाँवमें एक बेगार पकड़ लेता है और उसे उसकी मिहनतके लिये एक पाई नहीं देता, बल्कि यदि वह चलनेमें कामचोर 'ना' कह दे तो उस दीनको बेतों और ठोकरोंसे है। पटवारीको देखिए, वह किसी एक गरीबको अपनी सेवा दिन हाजिर रखता है और उस दीनको एक फूटी कौड़ी भ मिलती। खेद है कि भारतके भाग्य-विधाता भी इनकी दशा पर नहीं देते। भारतमें ढूँढ़ने पर ५) रु० मासिक पर भी एक ह जवान मजदूर मिल जाता है। इसका कारण देशकी दरिद्रता दुर्भिक्षकी प्रबलता है।

" न्यू इंग्लैण्ड मेगज़ीन " (New England Maga ने अपने सन् १९०० सितम्बरके अंकमें लिखा था:—

The real cause of Indian famines is the e ome the object, the awful, Poverty, of Indian people.—

अर्थात् भारतमें दुर्भिक्षका मुख्य कारण भारतीयोंकी अत्यन्त दर्जेकी दरिद्रता है। "

\+ + + +

इधर हमारे खेल भी विदेशी हो गये, अतः देशका करोड़ों रुपय खेलों द्वारा भारतसे कूद कर विदेशों पहुँचने लगा। हम लोग वि खेलोंसे इतना प्रेम करने लगे हैं, मानों भारतमें एक भी उत्तम खेल है। किंतु हम दावेके साथ कह सकते हैं कि भारतका एक साधार साधारण खेल भी अत्यन्त बलदायक, स्वास्थ्य-सुधारक एवं ह और सस्ता है। फुटबाल, क्रीकेट, टेनिस, हाकी, गॉल्फ जैसे हा , और निकम्मे महँगे खेलोंसे हमारे भारतीय खेल कई बा

देखनेमें आता है कि व्यायामके सामान भी हमारे घरोंमें
है पड़े हैं। जैसे डम्बेल, सेंडोज डम्बल, फेंकनेका
किंतु ये सब निकम्मी वस्तुएँ हैं। भारतवासि-
के लिये मुद्गर आदि वस्तुएँ ही पर्याप्त हैं। आँखोंके
भीमने देशी ढंगकी
बल-परिचय दिया।
क्रीकेटके खिलाड़ीके
किंतु हमें इस बातकी
या फैशनके भक्त हैं। हम डंकेकी चोट कहेंगे कि
मामूली काम भी देशके लिये लाभप्रद, सर्वोत्तम
उदाहरणार्थ—बन्दूक चलानेके लिये हमें वर्त-
सैंकड़ेके कार्तूस खरीदने होते हैं और बन्दू-
चास रुपये अलग है। किंतु भारतीय एक बाँसके
ते तीर चढ़ा कर बन्दूकसे कहीं अधिक काम कर
कार्तूस चल चुकने पर किसी कामका नहीं
पुनः पुनः काममें आ सकता है। महाभारतके
र्जुनका गांडीव वर्तमान किसी एक बड़ी भारी
? वर्तमानमें भी राना सुलतानसिंहजी तथा
के निवासी लल्लूभाई कल्याणजी शाह आदि
वे प्रयोग जो शास्त्रोंमें वर्णित हैं, लोगोंको
सारी बात तो यह है कि हम आँख मींचे
विदेशी-प्रेमी हो गये हैं। अब हम लोगोंका
पनी बुद्धिसे काम लें और दुनियाकी बनावटी

रोगी कर दिया। प्लेग, कालरा, ज्वर आदि रोगोंको भारतमें लाने-वाला एक यह तैल भी है। इसका धुआँ तन्दुरुस्तीको बरबाद करनेमें एक ही सिद्ध हुआ है। जो लोग मूल्यवान लालटेनोंमें इसे जला कर यह समझते हैं कि हम इसके धुएँसे बचे हुए हैं, वे वास्तवमें भूले हुए हैं। वे प्रत्यक्ष रूपसे इसका धुआँ नहीं देखते, किंतु उससे मकानकी सारी हवा दूषित रहती है। प्रायः प्रति शत ७५ भारतवासी मिट्टीकी या टीनकी चिमनियोंमें इसे जलाते हैं, जिसमेंसे एक प्रकारकी धुएँकी चोटीसी लपट जलते समय उठा ही करती है—भला, क्या कभी आपने इसके द्वारा भविष्यमें उत्पन्न होनेवाली हानिको भी विचारा है? उसका दूषित एवं विष-तुल्य धुआँ आपके श्वास द्वारा शरीरमें प्रवेश कर अनेक रोगोंको उत्पन्न करता रहता है, अनेक इन्द्रियको निर्बल करता है। तभी तो भारतवासी अब रोगी और कमजोर होते चले जाते हैं। आँखोंके लिये मिट्टीका तैल एक विष-तुल्य पदार्थ है, जिसने भारतके हजारों लाखों नवयुवकोंकी दृष्टि शक्ति कम कर डाली, जिसके कारण माताके उदरसे बाहर आते ही ऐनककी आवश्यकता पड़ती है! आपने देखा होगा कि चिमनी जला कर सोनेवाले मनुष्योंका मुख प्रातःकाल उठने पर काला होता है, नासिकाके छिद्र बिलकुल Black hole (ब्लैक होल) या रेलके एंजिन ठहरनेके मकानके द्वारके जैसे होते हैं। मुखसे थूकने पर कफमें कज्जल मिश्रित होता है। अर्थात् हम अपने हाथों अपनी बरबादी कर रहे हैं, उक्त मिट्टीके तैलको खरीद कर अपना करोड़ों रुपया ही विदेशोंको नहीं दे रहे हैं बल्कि रोगी भी हो रहे हैं। इन दिनों तो मिट्टीके तैलका भाव पूर्वापेक्षा तिगुना, चौगुना

चटक मटक पर न रीझें। स्मरण रखिए वह भारतीय व
आप निकम्मी और अयोग्य समझे बैठे हैं, हमारी उद्धार
और सुख-सम्पति दायिनी है। हमें चाहिए कि हम बाह्य सु
मोहित होकर उसे न अपनावें, बल्कि उसके सच्चे गुणोंसे
संभव है कि देशकी भयंकर स्थिति सुधर सकेगी।

+ + + +

नित्य हमारे काममें आनेवाली एक वस्तु और भी है, उ
लोग तैल कहते हैं। आजसे २५ अथवा ३० वर्ष पूर्व सारे
अंधकार तिल्लीके तैल अथवा अन्य किसी भाँति उत्तम तै
किया जाता था। बल्कि राज-प्रासादोंमें घृत भी जलाया जात
हमारे जलानेके उन पदार्थोंमें अनेक गुण थे। तैलकी
पर मालिश अत्यंत बलकारक है, उससे कई प्रकारकी खाद्य
तैय्यार होती हैं, देशमें जिस भाँति घृत काममें लाया जाता है
भाँति गरीब श्रेणीके मनुष्य तैल काममें लाते है। तैलक
शिखा द्वारा कज्जल आदि प्राप्त कर नेत्रोंमें अंजनकी भाँति
हैं, जो नेत्रोंके लिये अत्यंत हितकर वस्तु है। किंतु जबसे
तैलका आगमन हमारे भारतमें हुआ तबसे तिल्लीके तैलको
पेंशन दे दी। आज एक साधारण गृहस्थकी पर्ण-कुटीसे ले
गगनस्पर्शी राज-प्रासाद तथा हमारे भगवान् राम-कृष्ण आदि
ओंके देवालयों तकको इसने अपने अधीन कर लिया। करो
मिट्टीका तैल अंधकार विनाशनार्थ भारतवर्षमें खपने लगा।

इस तैलने भारतके स्वास्थ्यको अपने साथ भस्म करना
कर दिया और शीघ्र ही भारतवर्षके बलवान् शरीरको निर्ब

ला कर दिया। प्लेग, कालरा, ज्वर आदि रोगोंको भारतमें लाने-
वा एक यह तैल भी है। इसका धुआँ तन्दुरुस्तीको बरबाद
रनेमें एक ही सिद्ध हुआ है। जो लोग मूल्यवान लालटेनोंमें इसे
ा कर यह समझते हैं कि हम इसके धुएँसे बचे हुए हैं, वे वास्तवमें
हुए हैं। वे प्रत्यक्ष रूपसे इसका धुआँ नहीं देखते, किंतु उससे
नकी सारी हवा दूषित रहती है। प्रायः प्रति शत ७५ भारतवासी
की या टीनकी चिमनियोंमें इसे जलाते हैं, जिसमेंसे एक प्रका-
धुएँकी चोटीसी लपट जलते समय उठा ही करती है—भला,
कभी आपने इसके द्वारा भविष्यमें उत्पन्न होनेवाली हानिको
चारा है! उसका दूषित एवं विष-तुल्य धुआँ आपके श्वास
शरीरमें प्रवेश कर अनेक रोगोंको उत्पन्न करता रहता है,
इन्द्रियको निर्बल करता है। तभी तो भारतवासी अब रोगी
कमजोर होते चले जाते हैं। आँखोंके लिये मिट्टीका तैल एक
विष-तुल्य पदार्थ है, जिसने भारतके हजारों लाखों नवयुव-
दृष्टि शक्ति कम कर डाली, जिसके कारण माताके उदरसे
आते ही ऐनककी आवश्यकता पड़ती है! आपने देखा होगा
मनी जला कर सोनेवाले मनुष्योंका मुख प्रातःकाल उठने पर
होता है, नासिकाके छिद्र बिल्कुल Black hole (ब्लैक
या रेलके एंजिन ठहरनेके मकानके द्वारके जैसे होते हैं। मुखसे
पर कफमें कज्जल मिश्रित होता है। अर्थात् हम अपने हाथों
बरबादी कर रहे हैं, उक्त मिट्टीके तैलको खरीद कर अपना
रुपया ही विदेशोंको नहीं दे रहे हैं बल्कि रोगी भी हो रहे
दिनों सो मिट्टीके तैलका भाव पूर्वापेक्षा

तक हो गया तब भी हम उसको त्यागना नहीं चाहते ? हमें
कि हम इस तैलको प्रयोगमें लाना एकदम छोड़ दें ताकि
भारतका अरबों रुपया बाहर जानेसे बचे और प्लेग आदि
रोगोंका देशसे काला मुंह हो !

हमें तिलोंके तैलकी रोशनी बुरी लगने लगी तब मिट्टीके
लैम्पको काचका बना कज्जल-ध्वज लगा कर हमने अपने ने
सुखी किया। शनैः शनैः हमें इस प्रकाशमें भी कम दीखने ल
Kitson Gigh की सृष्टि हुई—विवाह-शादियोंमें, नाच-र
आनन्द-उत्सवोंमें नाईकी मशालोंका अपमान कर इनको स्थान
गया। धीरे धीरे हम अंधोंको इसमें भी नहीं सूझने लगा
विद्युत्-प्रकाशका नम्बर आया। ईश्वर न करे, कहीं हम
तीयोंको—तिलोंके तैलके प्रकाशमें सतयुगसे अब तक
करनेवालोंको—अपनी दृष्टि-शक्ति कम हो जानेके कारण
बिजलीकी रोशनी भी पर्याप्त न हो ! और हमें पढ़नेके
सूर्य-सदृश प्रकाशवान् किसी ज्योतिकी घर घर आवश्य
पड़े ! आश्चर्य है कि आज हमने इस तैलका व्यवहार कर, अ
हाथों अपनी आँखें खराब कर लीं और ऐनक लगाने लग ग
हमारे विदेशी बन्धुओंको इसमें भी लाभ है, क्योंकि करोड़ों रुपये
ऐनकें अन्धे भारतमें खप जाता हैं। हम यह बात जानना चा
हैं कि रातदिन लिखनेवाले श्रीगणेशजी, अथवा वाग्देवी सरस्व
या १८ पुराणों तथा महाभारतके लेखक महर्षि व्यास कि
रामायणके रचयिता महर्षि वाल्मीकिने भी कभी अपनी वृद्धावस
तक ऐनक लगाई थी या नहीं ?

इन मिट्टीके तैलके साथ ही साथ अन्यान्य वस्तुओंकी भी आव-
श्यकता पड़ती है, जो कि सब विदेशी होती हैं। जैसे लेम्प, चिमनी,
ग, बत्ती आदि। इसी भाँति गेस और बिजलीके लिये विदेशी ही
कामसें लाई जाती है। बिजलीके कारखानोंके इंजिन, तत्सम्बन्धी
मान, तार, खंभे, काँचकी चिमनियाँ इत्यादि सभी विदेशोंकी बनी
हैं, यहाँ तक कि उसका मालिक भी कोई विदेशी सज्जन ही
। गैसकी बत्ती—जो छूनेसे ही नष्ट हो जाती है, बर्नर, काँच,
पंप आदि सभी चीजें विदेशी होती हैं। सारांश यह कि उसके
में लानेवाले ही केवल भारतवासी स्वदेशी होते हैं, अन्य कुछ
हैं। उस प्रकाशको देख कर "वाह वाह" कहनेवाले भी स्वदे-
शी होते हैं। परन्तु यह वाह वाह क्या सचमुच ठीक है या
मूर्खताका नमूना है? कुछ भी समझिए मेरे विचारसे अनेक
से भारतका धन विदेशोंको खिंचा जा रहा है और भारत
अज्ञतासे दिनों दिन दरिद्र और दुर्भिक्षका भोजन होता जा
है।

\+ + + + +

म उसी नगरको उन्नतावस्थामें समझते हैं जहाँ रेल, तार, टेली-
... पानीके नल, बिजलीकी रोशनी, ट्रामगाड़ी, मोटर और
इसिकलें आदि इधर उधर घूमती फिरती दृष्टि आती हैं। जहाँ
नार मिलें या कारखाने न हों वह नगर कदापि उन्नत नहीं कहा
सकता। जहाँ मोटर भों भों करती हुई अपनी दुर्गन्ध भरी वायु
छोड़ती जाती हो वह नगर नगर ही नहीं। हमारी कैसी उन्नी
नत है! रेलका प्रत्येक सामान विदेशी है तो उसके मालिक भी विदेशी

इसके कारण ही भारतकी दरिद्रता और दुर्भिक्षसे सम्बन्ध रखता ईश्वर ही इसका रक्षक है!

\+ + +

दुर्भिक्षने भारतको खूब ही धर दबाया, आज उसका जीवन है। सन् १८६५ ई० के पूर्व इंग्लैण्डमें प्रति सहस्र सत्तर की मृत्यु होती थी, किंतु अब केवल १५ ही रह गई। आबादी और मृत्यु-संख्या घटी। कारण वहाँके लोगोंने हैजा, प्लेग-आदि रोगोंके होनेके कारण जान लिये हैं। उन्होंने इसके चार कारण बताये हैं:—

Want of ventilation.
Over-crowded houses.
Bad and defective drain, and
The drinking water containing impurities.

अर्थात्—

मकानोंमें शुद्ध वायुका अभाव,
बहुतसे लोगोंका एक साथ ही एक मकानमें रहना,
बुरी तथा गन्दी नालियोंका होना, और—
ऐसा खराब पानी पीना जिसमें गन्दापन हो।

तो उक्त चारों कारणोंको दूर करके अपने देशको बचा लिया। किंतु हिन्दुस्थान—जिसमें लोग रात-दिन दुर्भिक्षका सामना करते रहते हैं, जिसको भरपेट अन्न प्राप्त करना कठिन है, जिसके सैकड़ों बालक क्षुधाकी प्रज्वलित आग्नमें नित्य जलते हैं—उक्त कारणोंको किस भाँति दूर कर सकता है? क्यों-

कि इनके दूर करनेके लिये धनकी आवश्यकता है और देश
है,अत एव रात-दिन नये नये मानव-संहारी रोगोंका भारतमें आ
हो रहा है। इसके अतिरिक्त अभी तक भारतवासियोंने शुद्ध
जल एवं वायुके अनुपम गुणोंको भी नहीं जाना है। हम
हैं कि रात्रिका सोनेके समय वायु आनेके सभी मार्ग बन्द कर
जाते हैं, यहाँ तक कि चार अंगुलके छिद्रको भी वे कपड़ा ठूँस
मूँद देते हैं। कारण वे गरीब हैं, भूखे हैं, अतः चोरोंके घुस आ
डर उन पर सवार रहता है। दरिद्रताक कारण प्रत्येक मनु
अलग अलग रहनेको मकान नहीं बनाये जा सकते, इस लिये
दस हाथ लम्बे-चौड़े मकानमें सात या आठ मनुष्य एक ही
और ओढ़नेमें घुस कर सो रहते हैं, वहीं रसोई बनती है,
घरमें हाँडी-कूँडे तथा अन्य सामान पड़े हैं, वहीं एक कोनेमें प
रखनेका स्थान है! बात यह है कि एक तो उन्हें इतना ज्ञान
होता कि एक बिछौनेमें दो मनुष्योंके सोने, रसोई-घर
शयनागार एक होने तथा वहीं पानीके रखनेका स्थान होनेसे
क्या भयंकर हानियाँ होती हैं। दूसरे यदि ज्ञान भी हो तो द
ताके कारण वे विवश हैं। क्योंकि प्रत्येक कार्यके आरंभमें सब
पहले धनका प्रश्न सामने आता है:—

The Mud huts of people favour spread
plague. But they are built of mud because th
is generally the only material, the builder ca
obtain" "......He inhabits a mud hovel, in th
middle of a crowded village surrounded b

lung-hills and stagnant pools, the water of which latter is not seldom his only drink ".

अर्थात्—भारतवासी मिट्टीके बने मकानोंमें रहते हैं। मिट्टीके मकान प्लेग फैलानेमें सहायक हैं। इन गरीबोंको सिवाय मिट्टीके और वस्तु ही मकान बनानेको प्राप्त नहीं होती। ऐसी झोंपड़ियोंमें रहते हैं जहाँ चारों ओर गोबरके ढेर, पास ही गन्दे पानीकी तलैया—जिसका पानी वे प्रायः पीते हैं—भी है।"

सुख कौन नहीं चाहता? क्या झोपड़ीका रहनेवाला चूनेके मकानमें रहना पसन्द नहीं करता? या उसे अच्छे, स्वच्छ, मकानमें रहना नहीं भाता? वह सब कुछ चाहता है, परन्तु करे क्या? प्रति दिन अकालोंका सामना करते करते उसे अपने जीवनकी आशा भी नहीं रही। पेट भर खानेको अन्न नहीं, फिर रहनेके लिये मकान कहाँसे लावे!

\+ + + + +

प्रथम तो भारतवासी विदेश-गमन करना बिल्कुल पसन्द ही नहीं है। दूसरे भारतवासियोंको अन्य देशोंने इस नीच श्रेणीके मनुष्य रखा है कि वे अपने देशोंमें हमें घुसने देना नहीं चाहते, और जो पहुँच चुके हैं उन्हें जिस तिस प्रकारसे अपने देशसे बाहर करनेके उपाय करते हैं। वहाँ भारतवासियोंके लिये कड़ेसे कड़े न्याय-पूर्ण कानून बनते हैं और कानूनोंका भी खंडन करनेवाले अत्याचार उनके साथ होते हैं। यहाँ इस विषय पर मैं अधिक लिखना नहीं चाहता। तथापि भारतवासियोंकी विदेशोंमें बड़ी पलीद है यह मैं ... लोग हम

पर निम्न लिखित दोष लगाया करते हैं—(१) भारतवासी म
होते हैं,(२) हमसे मिल कर रहना पसन्द नहीं करते,(३) जा
पाँतिके बन्धनोंसे जकड़े होते हैं, (४) मैले होते हैं अत एव हम
देशोंमें बीमारी फैलती है, (५) दुराचारी होते हैं,(६) सा
बाँधते हैं,(७) हमारे देशका धन बचा बचा कर भारतको भेज
रहते हैं,(८) ये लोग ईसाई नहीं हैं,(९) इन्हें ब्रिटिश उपनि
शोंके प्रवेशका अधिकार पूर्णतया प्राप्त नहीं, (१०) ये लोग स
जातिके नहीं,(११) ये साधारण भोजन करके बहुत बचा ले
हैं,(१२) हमारी बराबरी करते हैं, (१३) कम मजदूरी पर का
करते हैं—इत्यादि। ये सब आक्षेप ऐसे हैं जिनमें कुछ सार नह
मूर्खता-पूर्ण एवं दिल्लगी करने योग्य हैं। हम पूछ सकते हैं वि
यदि विदेशोंमें हमें घुसनेका अधिकार नहीं तो भारतमें विदेशियों
घुसनेका क्या अधिकार है? किंतु हमारी ब्रिटिश गवर्नमेण्टने हमा
इन अपमानोंको कभी नहीं सोचा। सच बात तो यह है कि हमार
सरकारने कभी हमारा पक्ष नहीं लिया है; और न कभी हमा
विपक्षियोंके विरुद्ध एक उँगली ही उठाई है। यही एक मुख्य कारण
है कि हमारा विदेशोंमें खुल्लमखुल्ला अपमान हो रहा है और वहाँ
निवासी हजारों रुपये मासिक वेतन पर भारतमें आनन्द कर र
हैं और हम चूँ भी नहीं कर सकते। नहीं तो क्या मजाल थी कि ह
अपमानित करनेवाले भारतकी सीमामें फटकने पाते। हमारी इ
प्रकारकी बे-इज्जतीका कारण हमारी ब्रिटिश गवर्नमेण्ट है, जो हमारे
:खोंको देख कर दुखी नहीं होती! या दूसरा कारण हमारी परतंत्रता
। यदि हम अपने देशके शासक होते तो आज हम उन विदेशि-

ो जो अपने देशमें हमारे भाइयोंका अपमान कर प्रसन्न होते हैं, ि भारतवर्षमें नहीं आने देते और जो हैं उन्हें कभीके यहाँसे स निकाल दिये होते, परन्तु हम तो पराधीनताकी दृढ़ जंजी- ते हैं। यह एक प्रसिद्ध बात है कि " जिसका सम्मान घरमे वह बाहर भी सम्मानित होनेकी आशा छोड़ दे। "

म एक ऐसे देशका कुछ जिक्र करते हैं जहाँ भारतवासियोंको देशों और द्वीपोंकी अपेक्षा अधिक आराम और सुख था, किंतु जब देखा कि भारतवासियोंका ब्रिटिश उपनिवेशोंमें ही अप- होता है तो हम भी उन्हें अपने देशमे निकाल बाहर करनेका न क्यों न करें। वह देश है ' अमेरिका '। अब वह भारत- मनुष्योंको अपने यहाँ नहीं आने देना चाहता है। वह भी लिखे हुए आक्षेपोंकी भाँति कई आक्षेप करता है। इस लगभग बीस लाख भारतवासी विदेशोंमें हैं और अमेरिकामें १९१२ की मनुष्य-गणनाके अनुसार ४७२४ भारतवासी थे। लगभग २०० विद्यार्थी हैं। किस किस सालमें कितने भारत- अमेरिकामें गये थे यह बात निम्न लिखित अंकोंसे प्रकट है—

१९००	सन्में,	९	भारतवासी गये।
१९०१	,,	२०	,,
१९०२	,,	८४	,,
१९०३	,,	८३	,,
१९०४	,,	२५८	,,
१९०५	,,	१४५	,,

१९०६	,,	२७१	,,
१९०७	,,	१०७२	,,
१९०८	,,	१७१०	,,
१९०९	,,	३३७	,,
१९१०	,,	१७८२	,,
१९११	,,	५१७	,,
१९१२	,,	१६५	,,.

अब जबसे अमेरिकाकी सरकार भारतवासियोंके विरुद्ध चर्च
रही है तबसे बहुतसे भारतीय अमेरिकाको घीकी मक्खीकी
छोड़ कर अपने देशको वापस आने लगे हैं। देखिए अमेरि
भारतवासियों द्वारा संगृहीत धन भारतको आता देख कर
दुःख हुआ है। महाशय प्रौफेसर जैंक और लौक अपनी "
Immigration problem " ' प्रवासका प्रश्न ' नामक पुस
लिखते हैं—

"Usually they (Indians) have little mo
in their possession when they arrive and co
with the expectation of accumulating a fort
of some 2000 dollars, then going back to th
native land.........",

अर्थात्—प्रायः भारतवासियोंके पास जब कि वे अमेरिकामें
हैं, कुछ भी नहीं होता और वे लोग इसी आशासे यहाँ आते हैं
हम यहाँसे सात आठ हजार रुपये इकट्ठे करके अपने घर ले जा
इसी भाँति केली-फोर्नियाके कुछ अमरीकन लोगोंने कहा था कि

न्दू लोग अपनी कमाईका एक बड़ा भाग अपने घर भारत-
को भेज देते हैं। स्टाकटन नामक नगरके निकटके हिन्दुओंने
१९१४ ई० में ५५ हजार, ४ सौ, ६७ रुपये घरको भेज दिये।"
देरके लिये, हम मान भी लेते हैं कि उक्त संख्या ठीक है।
हमारा प्रश्न इन केलीफोर्नियावाले अमरीकनोंसे है कि—
या अमेरिका-प्रवासी यूरोपियन लोग अपनी कमाईका एक बड़ा
हिस्सा अपने देशको नहीं भेजते?" देखिए, डा० स्टीनरने
प्रवास-सम्बन्धी प्रश्नोंके अच्छे ज्ञाता हैं "अमेरिकन रिव्यू आफ
ज" नामक पत्रमें लिखा था:—

'About Forty percent of our European pea-
nt immigrants re-emigrate. They export per-
[illegible] Rupees each normal year.
[illegible] depression or panics these

[illegible] यूरोपियन किसानोंमेंसे चालीस फी
[illegible] करोड़ रुपये प्रत्येक साधारण वर्षमें
भेजते हैं। जब उद्योग-धन्धोंका काम ढीला पड़ जाता है तो
रकम बढ़ जाती है।"

से आश्चर्य है कि ५५ हजार रुपये भारतवासियोंने यदि अपने
को भेज दिये तो उनके पेटमें क्यों चूहे कूदने लगे! और यूरो-
न लोग जो प्रायः तीन अरब रुपया अमेरिकासे प्रति वर्ष अपने
को भेज देते हैं उसका कुछ जिक्र ही नहीं! भारतवासियोंके
[illegible] कुछ सीमा है। हमें उचित तो यह है कि हम अमे-
बने हुए मालको स्पर्श तक न करें।

प्यारे भारतवासियो! क्या कभी आपको भी ऐसे विच
जाग्रत किया है कि आपके देशका कितना धन प्रति वर्ष वि
लोग अपने देशोंको भेज देते हैं? और किस भाँति आपका
भारतवर्ष निर्धन और दुर्भिक्षके ताण्डव नृत्यसे पादाक्रान्त हो
है? देखा, केवल पचपन हज़ार रुपयोंके भारतमें आने पर अ
काके लोग कैसे घबरा उठे हैं और भारतवासियोंका अमे
प्रवेश रोकनेका कैसा प्रयत्न कर रहे हैं। यह तो एक सभ्य
अमेरिकाकी बात है, अन्य देशोंकी कथा सुन कर तो आपके
खड हो जायँगे।*

अब हमारा यह मुख्य कर्तव्य है कि हम अपनी ब्रिटिश स
की सहायता द्वारा संसारके समस्त देशोंमें भारतवासियोंको
अधिकार प्राप्त करा लें और बेरोक-टोक प्रत्येक देशमें प्रवेश का
अधिकार भी प्राप्त कर लें। तब हमारे देशी भाई विदेशोंमें
आनन्द-पूर्वक अपना जीवन व्यतीत करते हुए, भारतको कुछ
भी विदेशोंसे भेजते रहेंगे। हमें अब यह अन्याय नहीं सहना च
कि हमारा धन तो विदेशी आनन्द-पूर्वक अपने देशोंको उड़ा ले
और हम एक भी पैसा विदेशोंसे जब भारतवर्षको लावें तब उ
पेट दुखने लगे! अब हमें समान अधिकार प्राप्त करनेकी
निरन्तर करनी चाहिए और बार बार अपनी सरकारको इसके
याद दिलाते रहना चाहिए—क्योंकि बिना रोए माता-पिता भी
ककी सुधि नहीं लेते।

---

* इस विषयमें विशेष परिचित होनेके लिये हमारे यहाँसे "प्रवासी-वासी" नामक पुस्तक मँगा कर अवश्य पढ़िए।

हमारे शास्त्र भी विदेश गमनके कट्टर विरोधी हैं। वे समुद्र भारी पाप बताते हैं। किंतु यह भारी भूल ह, क्योंकि—

"विद्या वित्तं शिल्पं तावन्नाप्नोति मानवः सम्यक्।
यावद् व्रजति न भूमौ देशाद्देशान्तरं हृष्टः॥"

पुराणोंमें अनेक मनुष्यों, देवों, र विदेशोंमें जानेका साफ तौरसे तो केवल एक वितण्डावाद है, चाहिए।

हमारे लाखों भाई विदेशोंमें हैं, परन्तु वे शर्तबन्दीकी हथकडी जकड़ कर भेजे गये हैं—उनका जाना न जाना भारतवर्षके समान सा ही है। वे बेचारे अपना उदर-पोषण कर लें सो ही त है। हाँ, यदि कुछ उत्साही, समझदार, लिखे-पढ़े लोग में जाकर काम करें और नई नई बातें सीख कर भारतमें प्रचार करें तो उनका विदेश-गमन निस्सन्देह सार्थक माना सकता है।

भारतवासियोंका यह एक मुख्य कर्तव्य है कि उपनिवेशोंसे तथा सें लौटे हुए भारतवासियोंके साथ अच्छा वर्ताव करें, शास्त्र-दुरीसे उनका गला न काटें, उन्हें जातिच्युत कर उन पर वज्र न करें। अब तक इस विषयमें हम लोगोंकी नीति बिलकुल अनु-रही है। "फिजीमें मेरे २१ वर्ष" नामक पुस्तकमें पं० तोता-राम सनाढ्य लिखते हैं:—"कितने ही स्त्री-पुरुष गिरमिट (agreement) को पूरा करके तथा पाँच वर्ष और रह कर भारतवर्षको ना चाहते हैं सो वे इस विचारसे नहीं लौटते कि वहाँ पहुँचने

पर कोई हमें जातिमें तो मिलावेगा नहीं और व्यर्थ ही वहाँ जात्य
मान सहना पड़ेगा, इस लिये मृत्य पर्यंत उन्हें वहीं कष्ट उठाने प
हैं। हमारे देश भाई टापुओंसे लौटे हुए अपने भाइयोंको समुद्र-य
त्राकी दफा लगा कर जातिच्युत करके उन्हें इतना कष्ट देते हैं।
वे पुनः दुखी होकर टापुओंको लौट जाते हैं और उनका धन
कि उन्होंने परदेशमें मार-पीट सह कर, अनेक अपमान सह क
और आधे पेट खा-खा कर कौड़ी कौड़ी मुष्किलसे जमा किया है, कु
तो भाई बन्धु ले लेते हैं और कुछ टकार्थी पुरोहितजी प्रायश्चि
करानेमें बेदर्द होकर खर्च करवा डालते हैं। अपने देश-बन्धुओं
मैं इसका एक उदाहरण देता हूँ। मेरे घरके पास फिजी टापू
गुलजारी नामका एक कान्यकुब्ज ब्राह्मण रहता था। उसने ब
परिश्रमसे आठ वर्षोंमें लगभग ३००) रु० संग्रह किये। इसे ब्राह्मण
जान कर प्रायः सब लोग प्रति मास पूर्णिमाको सीधे दे दिया करते
थे। यह कन्नौजका रहनेवाला था। इसके घरसे इसके भाईने पत्रमें
यह लिख भेजा कि तुम चले आओ। यदि इस साल तुम अपने
देश नहीं आओगे तो तुम्हें १०१ गऊ मारेकी हत्या होगी। गुल-
जारीने जब भाईकी लिखी ऐसी शपथ देखी तब ब्राह्मण-धर्म समझ
कर वह देशको चला आया। चलते समय लोगोंने इसे कुछ और
दक्षिणा दी। जब यह भारतवर्षमें पहुँचा तो दूसरे घरमें ठहराया गया।
रुपया पैसा सब भाईको सौंप दिया। तीन चार दिन बाद पुरोहितजी
बुलाये गये। ये महाशय कानूनकी पुस्तक साथ लेकर आये। गाँवके
बड़े बूढे सब मिल कर बैठे। समुद्र-यात्रा पर विचार हुआ।
गुलजारीने घरसे निकलनेसे लेकर फिजीमें पहुँचने तकका

नपान कह सुनाया। फैसलेमें सब तीर्थ बतलाये गये, भागवतकी
ा सुननेको बतलाई गई और लगभग पाँच छः गाँवोंको भोजन
ना बतलाया गया। कोई सातसौ या आठसौ रुपयोंके लगभग
करनेका फैसला दिया गया। गुलजारीने खर्च करनेके लिये
ने दिये हुए रुपये अपने भाईसे माँगे। भाईने कोरा जवाब दिया,
वालोंने उसे अलग कर दिया। उसके साथ गाँववाले बड़ी
ा करने लगे। भाई लोग कट्टर शत्रु हो गये और बोले कि तुमने
लोगोंसे जो रुपया छिपा लिया है वही खर्च करो; यह रुपया तो
नहीं देंगे। लाचार गुलजारीने फिजीमें अपने इष्ट-मित्रोंको,
नी कष्ट-कहानीकी चिट्ठी भेजी और लिखा कि कसाईके हाथसे
छुड़ानेके समान मुझे बचा कर पुण्यके भागी बनो। वहाँसे
ने ६००) रु० चन्दा करके भेजा तब गुलजारी अप्रैल सन्
४ में फिर फिजी पहुँचा। इसी भाँति कई लोग यहाँसे लौट कर
पहुँचे और वहाँ जाकर ईसाई और मुसलमान हो गये। इस
-यात्राकी धार्मिक दफ़ामें मुजरिम होकर बहुतेरे हमारे भाई
ी मातृभूमिको अन्तिम नमस्कार करके चले गये हैं।"

ड़े बड़े धुरन्धर पंडितोंसे जो समुद्र-यात्राके घोर विरोधी हैं, हम
करते हैं कि क्या आप इस प्रकारके अत्याचारोंको धर्मानु-
त समझते हैं ? यदि नहीं तो फिर बतलाइए कि इन लोगोंको
जातिमें मिला लेनेका आपने क्या प्रबन्ध किया है। जो भाई
अत्याचारोंसे पीड़ित होकर और नीच आरकाटियों द्वारा बह-
जाकर विदेशोंमें भेज दिये गये हैं उसमें उन बेचारोंका क्या
है ?

ऐसे अन्यायके कई उदाहरण हैं, किंतु हमारा यह विषय अत एव विशेष लिखना हम अनुचित समझते हैं।

परन्तु हमें देश छोड़ कर विदेश जाना तो दूर रहा, गाँव छे भी कठिन है। क्योंकि घरके लोग कहा करते हैं—"तुम कहं जाओ, हम तो रूखी सूखीसे गुजर कर लेंगे। घरके सब लोगोंको जगह मिल कर रहना चाहिए ताकि समय कुसमय, सुख-दुःखमें दूसरेका संगी रहे; कहींके कहीं पड़े रहना ठीक नहीं, इत्यादि सत्य मानिए, ऐसे संकीर्ण विचारोंके कारण ही भारत-वासी बैठे गरीब हालतमें गुजर किया करते हैं। यदि भारतमें ही कहीं ३०) रु० मासिक मिलता हो तो वे वहाँ कदापि न जा घर पर २०) रु० में ही गुजारा करना स्वीकार कर लेंगे। स मनुष्य भारतमें ऐसे मिलेंगे कि जिनके तबादलेका हुक्म आया उन्होंने घर छोड़ कर वहाँ जाना स्वीकार नहीं किया नौकरीसे इस्तीफा देकर बे-रोजगार होकर वे घरमें बैठ र भोजनके लाले पड़ गये, परन्तु घरसे बाहर जाना पाप समझ जब ऐसी दशा है तो भारतकी श्री-वृद्धि कैसे हो सकती है? निर्धन और दुर्भिक्षका कैसे काला मुहँ हो सकता है? विदेशी लोग बालक भी समुद्रों पार भारतमें आ जाते हैं और दरिद्र भारत मनचाहा द्रव्य पैदा कर अपने देशोंको ले जाते है। यद्यपि उन देश दरिद्र नहीं हैं, वहाँ उद्योग-धन्धोंकी कमी नहीं है तथापि वहाँसे यहाँ आते हैं; क्योंकि वे इस बातको निश्चय मान चुके हैं। विदेश-गमन करना मानो अपने देशको धनसे भरना है। इ लोगोंमें एक बड़ी भारी विशेषता यु- है [illegible]

गोंकी भाँति भारतवर्षमें बस नहीं गये हैं, बल्कि यहाँसे कमा-खा र अपने देशकी सुधि लेते रहते हैं। उधर विदेशी लोगोंकी यह ा है तो इधर भारतवासी आमरण एक ही जगह कौओंकी ति रह कर अपना जीवन व्यतीत करनेमें अपनेको धन्य समझते तब भारत दरिद्र क्यों न हो।

जब हिन्दुस्थानकी ऐसी भयंकर स्थिति है तो यहाँ व्यभिचार, ाजी आदि दुर्व्यसनोंकी वृद्धि हो तो आश्चर्य ही क्या? जब अन्न महँगा है और मजदूरीकी दर इतनी सस्ती है कि दिन भर ा बहाने पर भी भर पेट अन्न प्राप्त करना कठिन है, बीमारीकी पानीकी भी पूछनेवाला कोई नहीं है, दवा देनेवाला कोई है, तो उसका फल क्या होगा! देशमें पापाचरण होंगे, बढ़ेंगे, ठग, चोर डाकुओंके दल बनेंगे, नशेबाजोंकी संख्या और व्यभिचारका बाजार गर्म होगा। क्योंकि "कष्टात् क्षुधा"—भूखसे बढ़कर इस संसारमें कोई कष्ट नहीं है। यह विश्व अपनी क्षुधा शांत करनेके उद्योगमें ही लगा हुआ है, इस पेटके भरनेके निमित्त बड़े बड़े घोर पाप तक हो जाते हैं। पाते ही भूख मनुष्यसे अनेक निंद्य और अमानुषिक कृत्य करा है। भारतवर्ष भूखा है, अत एव देशमें नशेबाजी, जुआ-ठगी, व्यभिचार आदि पापोंका मूल कारण एक दुर्भिक्ष है। ा कहा करते हैं कि "ईश्वर भूखा उठाता है, किंतु भूखा नहीं"—यह बात विचारणीय है, क्योंकि आज भारत-करोड़ों संतान—भूखी सोनेकी तो बात ही क्या, बल्कि सदा के लिये नित्य सो रही है जो कभी न उठेगी। भारतमें दुर्भिक्ष-

से सप्रमाण माना गया है। करोड़ों मनुष्योंकी ठठरी आदि पूर्व वैभव और कीर्तिको भस्म कर रही है—आज भूखोंके भारतका कोना कोना गूँज रहा है—

उड़ते प्रभञ्जनमें यथा तरु-तन्तु सूखे पत्र हैं।
लाखों यहाँ भूखे भिखारी घूमते सर्वत्र हैं!
है एक चिथड़ा सा कमरमें और खप्पर हाथमें।
नंगे तथा रोते हुए बालक लिपटे हैं साथमें॥
वह पेट उनका पीठसे मिल कर हुआ क्या एक है!
मानो निकलनेको परस्पर हड्डियोंमें टेक है!
निकले हुए हैं दाँत बाहर नेत्र भीतर हैं धँसे।
किन शुष्क आँतोंमें न जाने प्राण उनके हैं फँसे?
अविराम आँखोंसे बरसता आँसुओंका मेह है।
है लटपटाती चाल उनकी छटपटाती देह है।
गिर कर कभी उठते यहाँ, उठ कर कभी गिरते वहाँ,
घायल हुएसे घूमते हैं वे अनाथ जहाँ तहाँ!

—भारतभारती।

दुर्भिक्ष भारतवासियोंका उसी भाँति संहार कर रहा है जैसे श्री मचंद्रजीकी वानरी सेनाका कुंभकर्णने संहार किया था। यह द द्रता ही दुर्भिक्ष, हैजे, प्लेग, ज्वर आदिका भयङ्कर रूप धा कर भारतका संहार कर रही है।

आस्ट्रेलियाके प्रत्येक मनुष्यकी आयका औसत ६००) रु० और व्यय २८६॥) रु० है, ऐसी दशा में वह ३१३॥) प्रति वर्ष लेता है। अर्थात् वहाँके लोग आनन्दसे खा-पी कर

रक्षा होते हैं, परन्तु भारतवासियोंको बचाना तो दूर रहा भर पेट
अन्न खाना भी भाग्यमें नहीं बदा। भारतकी वार्षिक आय औसत-
से प्रति मनुष्य १६॥।=) है और बहुत जरूरी एवं मामूली खर्च
(?) रु० वार्षिक है अर्थात् प्रत्येक आदमीके लिये १३=) की कमी
रहती है। बस हद हो चुकी। यदि आप और हम भर पेट अन्न
खाते हैं तो इससे तुष्ट न हो जाइए। यहाँ अनेक गाँवके गाँव भूखो
मरते हैं। अनेक वंश दुर्भिक्षने समूल नष्ट कर दिये, अनेकों भारतकी
दशा सुधारनेवाले भावी रत्न सदाके लिये उठा लिये।

भारत भूखों मर रहा है, दुर्भिक्ष सिर पर घूम रहा है, ऐसी अव-
स्थामें बेसमझे-बूझे संतान उत्पन्न करते चले जाना बिलकुल अनु-
चित है। बेहद संतानोंका पैदा होना ठीक नहीं। क्योंकि भारतवर्षमें
दुःख बढ़ेगा, दरिद्री बढ़ेंगे, मुखमरोंकी वृद्धि होगी, उत्साह-शून्य
पुरुष और अभागी स्त्रियाँ बढ़ेंगी। क्योंकि जन-संख्याकी इस प्रकार
असीम वृद्धि होने पर उनके खाने-पहननेको भी चाहिएगा, वे नंगे
रहकर वायु भक्षण करके तो जियेंगे ही नहीं। ऐसी दशामें इस
वृद्धिको रोकनेका भी ध्यान होना चाहिए। इसके लिए सबसे
उत्तम उपाय एक ब्रह्मचर्य है जो भारतवर्षके लिये सब प्रकारसे
उपयोगी है।

दुर्भिक्ष ।

मिस्टर कालिन्सने न्यूजीलैण्डके घोर दरिद्रोंकी दशा दिखानेके लिये लिखा है कि:—

"वे ऊँचेसे ऊँचे वृक्ष पर शहदके लिये या छोटी चिड़ियाँ पकड़नेके लिये चढ़ जाते हैं।"

कहिए क्या भारतमें ऐसे मनुष्योंकी कमी है! शहद निकालना तो मामूली बात है, हमारे भारतवासी तो तीस पैंतीस गज ऊँचे ताड़ वृक्ष पर भी ताड़ी उतारनेको चढ़ जाते हैं। घोर दुर्भिक्षोंको छोड़ दीजिए, साधारण दुर्भिक्षोंमें, मैंने लोगोंको भूखों मरते अपने कलेजेके टुकड़े, प्राणसे प्यारे अबोध बालकोंको मार कर भून कर खाते देखा है, और थोड़ी देरमें वे भी मर गये हैं। पृथ्वीमेंसे केंचुए निकाल कर खाते देखा है। साँपवाले सपेरोंको उनके पेट भरनेके साधन, जिससे वे तमाशा करके पैदा करते थे, भूखों मरते साँपका सिर और पूँछ काट कर खाते देखा है। वृक्षोंकी छाल कूट-पीस कर रोटी बना कर खाते देखा है। चिऊँटी मकोड़ोंके बिलोंमें, वह घासका बीज और अन्न जो उन्होंने अपने खानेको संचित किया है, लोगोंको उसे खोद कर, निकाल कर खाते देखा है। अपने बालकोंको दो दो तीन तीन रोटियोंमें बेचते देखा है। "देशदर्शन" नामक पुस्तकके लेखक श्री० ठाकुर शिवनन्दनसिंहजीने लिखा है कि दुर्भिक्षके समय, एक स्त्री एक जगह सड़ी गली लकड़ीमेंसे कीड़े निकाल कर और उन्हें भून कर अपने बालकको खिला रही थी। पूछनेसे पता

था कि बालक २४ घंटेसे भूखा है और उस स्त्रीके पेटमें तीन दिनसे कोई चीज नहीं पहुँची है। भूखों मरते लोगोंको एक प्रकारका पत्थर पीस-पीस कर खाते देखा है, जिसे खाकर वे भी मर गये। शिवं! शिवं! कैसा भयंकर दृश्य है!

बनारसकी ग्रामीण पाठशालाओंको एक बार स्व० मिस्टर कैरड़ने अचानक मोटर गाड़ी द्वारा पहुँच कर देखा तो उन्होंने पाठशालाओंके हेडमास्टरोंको एक अत्यंत मैली धोती, जो कई जगहसे फटी-पुरानी थी, आधी ओढे और आधी पहने पाया। पूछनेसे मालूम हुआ कि बाजरेका भात, मटरकी दाल और बथुवेका शाक भोजन मिलता है। २४ घण्टोंमें एक बार वे भोजन करते हैं। सायं-प्रातः किसी एक समय चबेना चबा कर क्षुधा निवारण करते हैं। पानीकी छुट्टी हुई तो विद्यार्थी एक मैलीसी पुटलीमेंसे निकाल कर कुछ खाने लगे, यह तो वह अन्न है जिसे पशु और पक्षी खाते हैं। जिसकी पुटलियामें एक गुड़का टुकड़ा है वह एक अच्छे घरका लड़का है जो औरोंको दिखा-दिखा कर बड़े गर्वके साथ खाता है। वह सबमें अपनेको धनी समझता है। क्या भारतकी यह दशा देख कर एक देशहितैषीके नेत्रोंमें दो आँसू नहीं आवेंगे।

स्वर्गीय सर रमेशचन्द्रदत्तने कहा है कि—

"The Immediate cause of famines is almost every instance in the failure of rains; but if we honestly seek for the true causes without prejudice or bias we shall not seek in vain. The intensity and the frequency of recent ... to the resourceless

condition and the chronic poverty of the cultivators......the poorest and most miserable peasantry on earth."

अर्थात्—"जब कभी दुर्भिक्ष पड़ता है, तब प्रायः सदा ही उसका कारण पानीका न बरसना होता है। पर हम यदि सत्य भावसे इसका मुख्य कारण ढूँढें तो हम निराश न होंगे।। इस ओर जो इतने कड़े और अधिक दुर्भिक्ष पड़े हैं, उनका कारण किसानोंका सम्पूर्ण निर्धन होना और बहुत पुरानी दरिद्रता है। ये किसान दुनिया भरमें सबसे अधिक निर्धन और विपत्ति-ग्रस्त हैं।"

लार्ड कर्जनके नाम खुली चिट्ठीमें बाबू आर० सी० दत्त लिखते हैं:—

"They can save nothing in year of good harvest, and consequently, every year of draught is a year of famine."

अर्थात्—वे अच्छी फसलमें कुछ बचा कर नहीं रख सकते, और इसका फल यह होता है कि जिस साल पानी ठीक तरह पर न बरसा कि बस देशमें दुर्भिक्ष पड़ा।"

'प्रासपरस ब्रिटिश इण्डिया, पृष्ठ १६६ में लिखा है कि:—

"......That he finds slarvation invariably staring him in the face, if any disorder overtakes that little crop which is the only thing which stands between him and death."

अर्थात्—"कृषकवर्ग कराल कालको हर वक्त अपनी ओर घूरता देखते हैं। जब कभी उनकी छोटीसी खेतोमें कुछ गड़बड़ी पड़

है, जो कि उनके और मृत्युके बीचमें खड़ी रहती है, तो भयंकाल उनके गले पर सवार हो जाता है।"

विलियम हण्टर, मिस्टर ए० ओ० हिर्डम, सर आक्लैण्ड न, सर चार्ल्स ईलियट, लार्ड क्रोमर, सर हेनरी काटन, मिस्टर ी, मिस्टर सण्डरलैण्ड और सर जेम्स कार्ड आदि सभी सज्जनोंने एक स्वरसे भारतके दुर्भिक्षका प्रधान कारण र्षकी घोर दरिद्रताको बताया है।

माल्थस साहबने लिखा है:—

Insufficient supply of food to any people not show itself merely in the shape of ie. It assumes other forms of distress as uch as generating evil customs, spreading rality and vice etc.—"

त्—जब किसी देशके मनुष्योंको भरपेट अन्न नहीं मिलता देशमें केवल दुर्भिक्ष ही पड़ कर नहीं रह जाते, बल्कि ऐसे रह तरहकी तकलीफें होती हैं। बुरे बुरे रसम-रिवाज फैलते व्यभिचार तथा अनाचारकी वृद्धि होती है।

भूमि, ऋषिभूमि भारतवर्षमें किस प्रकार धीरे धीरे दुर्भिक्ष ने अपना पैर जमाया, यह निम्न लिखित नकशा देखनेसे गा।

११	शताब्दीमें,	२ दुर्भिक्ष पड़े।	
१२	,,	०	,,
१३	,,	१	,,

१४	,,	३	,,	
१५	,,	२	,,	
१६	,,	३	,,	
१७	,,	०	,,	
१८	,,	८	,,	सन् १७४५।

अब अठारहवीं शताब्दीमें सन् १७६९ से लेकर सन् १८ तक तीन दुर्भिक्ष पड़े जो देशव्यापी नहीं थे।

(१) सन् १७०० ई० में बंगालमें।

(२) १७८३ ई० में बम्बई और मद्रासमें।

(३) सन् १७८४ ई० में उत्तर भारतमें।

सन् १७४५ तक ७५० वर्षोंमें सब मिला कर भारतवर्षमें को अठारह दुर्भिक्ष पड़े जो देशव्यापी नहीं थे, स्थानीय या प्रान्तीय थे। उन अकालोंमें भी लोगोंको रुपयेका पन्द्रह बीस सेर तक अन्न खानेको मिल जाता था।

अब जरा उन्नीसवीं शताब्दीको देखिए। सन् १८०० से १ १८२५ तक पाँच दुर्भिक्ष पड़े। जिनमें लगभग दस लाख मनुष्यों मृत्यु हुई। १८२६ से १८५० तक दो अकाल पड़े, जिनमें पाँ लाख मनुष्य मृत्युके प्राप्त हुए। सन् १८५१ से १८७५ तक दुर्भिक्ष पड़े, जिनसे ५० लाख आदमी यमालयमें पहुँचे। सन् १८ से १९०० तक १८ दुर्भिक्ष पड़े, जिनमें लगभग दो करोड़, ग लाख मनुष्य काम आए। इन सौ वर्षोंमें सब मिला कर ३१ दुर्भि पड़े, और सवा तीन करोड़ भारतवासियोंने भूखों मरते, बिना अ छट-पटाते हुए, प्राण परित्याग कर दिये।

कालोंसे कितनी हानि होती है इसका अनुमान करनेके लिये १८७७-७८ के एक अकालकी हानिका हिसाब नीचे दिया है—

कारी खर्चमें हानि,	८०, ००, ०००	पाउण्ड
गुजारीमें हानि,	२५, २०, ०००	,,
की हानि,	३, ७८, ००, ०००	,,
की वस्तुओंके टेक्समें हानि,	२, ८५, ०००	,,
की आमदनीमें घाटा,	४, ७९, ०००	,,
के टेक्समें घटी,	२, ७३, ०००	,,
की हानि,	९८, ८०, ०००	,,
की चीजोंकी महँगीसे	१, ३०, ००, ०००	,,
की हानि,	३७, ४९, ५००	,,
ोंकी हानि,	२७, ५०, ०००	,,
नेवालोंकी हानि	२०, ००, ०००	,,
रियोंकी हानि	१०, ००, ०००	,,
योग	८, २७, ३६, ५००	पाउण्ड

रह एक सालके अकालसे ८ करोड़, २७ लाख, ३६ ०० पौंड अर्थात् एक अरब, चौबीस करोड़, दस लाख, सैंता- ा, पाँचसौ रुपयेकी हानि हुई, और उसके साथ ही ५० दमियोंकी हानि हुई। इस हानिका मूल्य क्या रखा जाय, र पाठक ही दें। दुनियाके किसी देशमें न तो इतने लोग ी हैं, न दुर्भिक्ष ही पड़ते हैं। जर्मनी, फ्रान्स, अमरीका तो दुर्भिक्षका नाम ही भूल गये। पर दरिद्र भारत, जिसे

इन लोग 'उन्नत भारत' या 'सुखी भारत' कहते हैं, उन मारे मरा मिलता है।

सन् १७७० ई० से सन् १८७८ तक बड़े भयंकर दुर्भिक्ष इनमें यदि १८८९, १८९२, १८९७ और १९०० ई० के भी मिला दिये जायँ तो २२ घोर दुर्भिक्ष होते हैं। जिनका सुन कर विदेशी लोग काँप उठते हैं।

(१) बंगालका अकाल सन् ई०१७७१ ई०।*

बंगाल प्रान्तको सरकारी नौकरोंने तबाह कर दिया था। अत्यन्त दुखी और निर्धन हो गये थे। कोर्ट आफ डाइरेक्टर्सने १७ मई सन् १७६६ के पत्रमें अपने नौकरोंके अत्याचारों पर प्रकट किया था "The corruption and rapacity our servants" देखिए। सरकारी कर्मचारियोंने घूम-घूम जाँच की तो पता लगा कि बंगाल प्रान्तके $\frac{1}{3}$ मनुष्य इस दुर्भि मरे, मृत्यु-संख्या एक करोड़ थी।

(२) मद्रासका अकाल सन् १७८२ ई०।

मृत्युका ठीक अन्दाजा नहीं लगाया जा सका।

(३) उत्तर भारतका अकाल सन् १७८४।

भयंकर दुर्भिक्ष था। गाँवके गाँव उजाड़ हो गये। बनार राज्यमें लोग इतने मरे कि $\frac{1}{3}$ खेती बन्द हो गई। मृत्युका ठ अन्दाज नहीं।

(४) बम्बई और मद्रासका अकाल सन् १७९९।

* Famines in India

...क अनुमान नहीं किया जा सका, परन्तु भयानक ...था।

(...) बम्बईका अकाल सन् १८०२।

...ई सरकारने दूरसे अन्न मँगा कर एक नियत भाव पर सर्व-...को दिया और बहुत लोगोंकी Relief work द्वारा ...की। मृत्यु संख्या ठीक ठीक मालूम नहीं हुई।

(...) उत्तर भारतका दुर्भिक्ष सन् १८०४।

...ारने खूब सहायता दी। बहुतसी मालगुजारी मुआफ कर ...तकारोंको ऋण दिया और प्रयाग, कानपुर, बनारस आदि ...जो अन्न गया उस पर कुछ Bounty या एक प्रकारकी ... दी।

... १८०७।

... सहायता की, अन्न खरीद कर सस्ते ...बेचा और लोगोंके प्राण बचानेमें सहायता दी।

...) बम्बईका अकाल सन् १८२३।

...ारने अन्न पर कुछ Bounty या एक प्रकारकी सहायता

...) मद्रासका अकाल सन् १८२३।

...ारने थोड़ीसी सहायता की।

...) मद्रासका अकाल सन् १८३३।

...जिलेके ५ लाख निवासियोंमेंसे प्रायः दो लाख दुर्भिक्षकी ...। मद्रास और नीलोरकी सड़कों पर दुर्भिक्षसे मरे मनुष्योंके ... रहते थे।

हजारको सरकारी मदद नौ महीनों तक मिला। तो भी दो
आदमी मरे।

(१४) उड़ीसाका दुर्भिक्ष सन् १८६६।

४२ हजार मनुष्योंको, १६ महीने तक सहायता की गई, तो
४३ लाख आदमी मर गये। सरकारने दो लाख अस्सी हजार
अन्न पहुँचाया तो भी उड़ीसामें दस लाख आदमी मरे।

(१५) उत्तर भारतका दुर्भिक्ष सन् १८६९।

पैंसठ हजार आदमी Relief work पर काम करते रहे
१८ हजारको खैराती सहायता दी गई। इतने पर भी बारह ल
आदमी मृत्युके ग्रास हुए।

(१६) बंगालका अकाल सन् १८७४।

लाख पैंतीस हजार मनुष्य रिलीफ वर्क द्वारा और ४½ लाख खैराती मददसे पले। इस वर्ष सरकारी प्रबन्ध इतना अच्छा नहीं परने पाया!

१८७७।

आ। उधरकी कसर इधर निकाल कह कर मजदूरी घटा दी कि का फर्ज भर पेट अन्न देना नहीं, बल्कि वह उतना ही अन्न जिससे लोगोंका पेट न भरे, परन्तु प्राण बच जावें। आखिर ख, इक्कीस हजार, आठसौ मनुष्योंको अध-पेट सहायता दी और ५० लाख भारतवासी काल-कवलित हुए।

(८) उत्तरी भारतका दुर्भिक्ष सन् १८७८।

७५० मनुष्योंको अनाथालयोंसे और ५ लाख ५७ हजारको of work द्वारा सहायता दी गई। प्रबन्ध ठीक न होनेके १२½ लाख मनुष्य मृत्युके ग्रास हुए।

(९) मद्रासका अकाल सन् १८८९।

यता दी गई किंतु लोग अधिक मरे।

(१०) मद्रास, बंगाल, बर्मा और अजमेरका दुर्भिक्ष सन् १८९७।

अकाल बहुत भयंकर था। सहायता की गई। बंगालमें मृत्यु ई, परन्तु मद्रासमें बहुत मरे।

(११) उत्तर पश्चिम प्रान्त, बंगाल, बर्मा, मद्रास और बम्ब- दुर्भिक्ष सन् १८९७।

इने दुर्भिक्ष भारतमें पड़े यह उन सबोंसे भयानक और था। इसका प्रभाव समस्त भारत पर पड़ा था। ३० लाख

आदमियोंकी सहायता की गई । मध्यप्रदेशके अतिरिक्त सर्वत्र सुप्र-
बन्ध रहा। इस कारण दुर्भिक्षका रूप देखते मौतें अधिक नहीं हुई।

(२२) पंजाब, राजपूताना, मध्यप्रदेश और बम्बईका अकाल
सन् १९०० ।

यह भी भारतके अकालोंमें बहुत बड़ा अकाल था । ६० लाख
आदमी Relief work पर थे, तो भी मौतें बहुत हुई ।

आज बीसवीं शताब्दीको आरंभ हुए अभी बीस वर्ष ही बीते
परन्तु प्रायः प्रति वर्ष ही सार्वभौम नहीं तो प्रान्तिक या स्थान
दुर्भिक्ष भारतमें बना ही रहा है, उत्तरोत्तर दुर्भिक्षने सुरसा राक्षसी
भाँति अपना कराल मुख पसारना आरंभ कर दिया है। देशमें दुर्भि
सर्व-संहारी रुद्र रूप धारण कर यत्र तत्र घोर ताण्डवनृत्य कर
है । इतने पर भी हम बेसुध, अचेत पड़े हैं ।

जब जब अकाल पड़े हमारी सरकारने हमें सहायता दी, कि
जितनी चाहिए उतनी नहीं ! हम बंगालके १८७४ ई० वाले दु
क्षके सुप्रबन्धको देख कर जितने प्रसन्न हुए, उससे कई
दुःख सन् १८७७ के मदरासवाले दुर्भिक्षका कुप्रबन्ध देख कर हु
राजा हरिश्चन्द्रके समयमें लगातार उनके राज्यमें १२ वर्ष
दुर्भिक्ष पड़ा, तब राजाने अपने भोजन बनानेके पात्र तक बे
प्रजाकी रक्षा की थी । राजा स्वयं सकुटुम्ब भूखे बैठे थे कि
विश्वामित्रने आकर द्रव्यकी इच्छा प्रकट की, जिसके कारण
अपनी रानी और पुत्र सहित कितने कष्ट पाये यह बात
भारतवासी जानता है । हमें अब भी भारतके लिये वैसे ही
जोंकी आवश्यकता है जो प्रजाके हितके लिये अपने प्राण त

र्पण करनेको उद्यत हों। हमें सर रिचर्ड टेम्पुल सरीखे दुर्भिक्षके सगे भाई, अन्याई महाप्रभुओंकी आवश्यकता नहीं है, जिन्हें भारतकी दशाका ज्ञान तक भी नहीं होता। न जाने हमारी सरकार क्यों विना सोचे-समझे ऐसे निर्दय, पाषाण-हृदय, भारतकी स्थितिसे निपट अज्ञान पुरुषोंको भारतमें शासक बना देती है!

कहते हैं एक बार, (अँगरेजोंके शासनके पूर्व) भारतमें दुर्भिक्ष पड़ा, तब तत्कालीन नरेशने प्रजाकी सहायताके लिये यह उत्तम उपाय सोचा कि दिनमें मजदूर-पेशा लोग मजदूरी लेकर एक इमारत तैय्यार करें, और इज्जतवाले मनुष्य जो इमारत बनाना नहीं जानते, और सबके सामने मजदूरी करना अपनी कम इज्जती समझते हैं और माँग कर भी नहीं खा सकते, रातको उस इमारतको फोड़ कर मजदूरी ले आवें। इस प्रकार दोनों प्रकारके लोगोंने अपने दुर्भिक्षके दिन आनन्द-पूर्वक बिता दिये।

आजकाल हमारी ब्रिटिश सरकार भी चाहे तो भारतवासियोंकी दुर्भिक्षसे रक्षा कर सकती है। ऐसे समयमें जब कि मजदूर बहुत और सस्ते मिलते हों, सरकारको उनसे ऐसे ही काम कराने चाहिए जिनसे देशमें दुर्भिक्षकी कमी हो। जैसे नहर, कुएँ और तालाब खुदानेका काम। ये काम इतने अच्छे हैं कि कामका काम हो जाये और अनावृष्टिके समय दुर्भिक्षके दिन दृष्टि गोचर न हों। भारतवर्षमें आज तक बहुतसे रुपये बिना आबपाशीके पड़े हैं। सरकारका जितना ध्यान रेल-पथके विस्तारकी ओर है उतना नहरोंकी ओर भी होना चाहिए, ताकि भारतमें अनावृष्टि द्वारा दुर्भिक्ष पड़नेका भय सदाके लिये दूर हो जावे। इससे गवर्नमेंटको लाभ

भी खूब हो सकता है। हम सन् १९१० का नहरोंका हिसाब नीचे लिखते हैं:—

प्रान्त,	नहरोंमें लगी पूंजी,	सींचा गया रकबा,	मुनाफा फीसदी
पंजाब और पश्चिमोत्तर सीमा प्रान्त	११० लाख पाउण्ड	६० लाख एकड़	९.४५
युक्त प्रदेश और अवध	७६ " "	२२ " "	५.८७
मदरास	" "	३७ " "	७.५
बंगाल और बिहार	५८ " "	४९ " "	१.१
बम्बई और सिंध	४७ " "	२२ " "	५.१५
समग्र ब्रिटिश भारत	३९४ " "	१६० " "	६.३३

ये नहरें पर्याप्त नहीं हैं, अभी देशमें नहरोंकी बड़ी ही आवश्यकता है। सरकारको ऐसे कामको शीघ्र ही और अवश्य ऐसे समयमें कराना चाहिए। भारत-सरकार कर तो सब कुछ सकती है, परन्तु उसे करना अभिष्ट हो तभी न? क्योंकि वह तो खासा उत्तर रखता है कि:—

"We are not responsible for the poverty of the country, we are not responsible for the occurence of famine. If God does not send rain

ve cannot help it. If plague spread out in pite of the preventive measures adopted by Government, the Government is helpless. So vill poverty femine and plague We have iven you peace, we have given you Railways, vhat more do you want? We are certainly ot responsible for the calamity."

" सारांश यह कि अगर ईश्वर जल न बरसावे तो हम इसमें क्या र सकते। तुम्हें हमने शान्तिसे रहने दिया, रेल दी, अब अधिक गा चाहते हो? हम किसीकी आफतके अलबत्ता जिम्मेवार नहीं । यही बात दरिद्रता, दुर्भिक्ष, प्लेग आदि सभीके विषयमें है।" प ही कहिए क्या यही उचित है? समस्त भूमण्डलके देशोंकी सनप्रणाली उस देशकी उन्नतिका मूल कारण मानी जाती है, र क्या भारतमें वैसा ही शासन है जैसा कि होना चाहिए? यदि कार और कुछ नहीं कर सकती है तो कमसे कम शासनमें भी सुधार करे, फिर हम देख लेंगे कि दुर्भिक्ष कैसे पड़ते हैं। शास-का उत्तम और लाभदायक प्रबन्ध करना आपका काम है, हमारा हीं। साम्पत्तिक सवाल हम लोगोंसे हल नहीं होगा, और यदि ही इन प्रश्नोंको हल करने लग जायें तो फिर सरकार किस लिये ? यदि हमारे देशमें सुवर्षा हो और रोग-शोक समूल नष्ट हो जायें आपकी और डाक्टरोंकी आवश्यकता ही क्या है? सरकारका र्तव्य इस प्रकार बेईमानीसे इन्कार करना नहीं, बल्कि उसको : कर देशको उन्नत बनाना होना चाहिए। इंग्लैण्डकी ही त लीजिए, आप जानते ही हैं कि वहाँ अन्नका सदा दुर्भिक्ष

रहता है । वहाँके निवासी अपने अन्न द्वारा केवल महीने पेट भर सकते हैं। यदि वहाँकी प्रजासे भी सरकार क "हम तुमको सहायता नहीं दे सकते, क्योंकि भूमि उपजाऊ है। इससे केवल तीन महीनेका खर्चा चलता है, इस लिये तुम बाकी नौ महीने निराहार रहो।" तब वहाँकी प्रजा क्या कहे वहाँकी प्रजा स्वाधीन विचारोंकी है, वह तुरन्त सरकारके हो जावेगी और मंत्रि-मंडलको पदत्याग करनेको विवश करे वह कह देगी—

"If you cannot give food for twelve mon you had better resign, and we shall h another ministry and another Parliament."

अर्थात्—यदि तुम हमें वर्षभरका भोजन नहीं दे सकते तो चाहिए कि अपने अपने पदोंको त्याग दो, हम दूसरे मंत्रि-मं अथवा पार्लियामेंटकी योजना कर लेंगे—" इत्यादि।

सन् १९०० के बाद आज तक नित्य ही अकाल पड़ते चले रहे हैं। सन् १९१८-१९१९ का कराल दुर्भिक्ष आप देख चुके ऐसी अभूत-पूर्व महँगी आज तक नहीं देखनेमें आई थी। कोई व ऐसी नहीं जिसकी दुगुनी चौगुनी कीमत न हो गई हो। यहाँ कि रेल भी महँगी हो गई, उसके भाड़ेमें भी वृद्धि हो गई। त डाक सभी महँगे हो गये। कैसा भयंकर समय है! पशुओंके तृण भी अत्यन्त महँगा मिलता है। भारतके प्राणियोंको, क मनष्य, क्या पशु-पक्षी, सभीको अपने जीवनमें सन्देह है। विषयमें हम यहाँ कुछ समाचार-पत्रोंमें प्रकाशित लेख पाठ

...गे रखेंगे, जिससे हमारे पाठकोंको इस वर्तमान, महा भयंकर दुर्भि-
...का पता लग जायेगा। इस विषयमें प्रायः सभी पत्रोंने लिखा है
...पि; हम २-४ प्रसिद्ध पत्रोंके दुर्भिक्ष-क्रंदनको यहाँ लिखेंगे।
"हिन्दी समाचार" दिल्ली ता० २४ सितम्बर १९१८ ई० के
...कमें लिखता है :—

सभी चीजें बेहद मँहगी हुई हैं, पर अनाजकी महँगीके कारण
...रे देशवासियोंके कष्ट बहुत बढ़ गये। पिछले सौ वर्षोंमें जितना
...हँगा कभी नहीं हुआ था उतना अब हुआ है। उत्तर भारतमें पाँच
...र और दक्षिणमें अढ़ाई सेरका अनाज है। बड़े बड़े शहरोंमें अकाल-
...का स्वरूप कुछ भी दिखाई नहीं देता—पर साधारण गाँवों और
किसानोंकी बस्तियोंमें जाकर देखिए, बिना अन्न वहाँ हाहाकार
...च रहा है। दिन रातमें एक बार भी जिनको भर पेट खानेको
नहीं मिलता, उनकी तकलीफोंका अंदाजा मोटरों पर सैर करने-
वाले अफसरोंकी अकलमें नहीं समा सकता। इस अकालका सबसे
पहला कारण हिन्दुस्तानका अनाज यहाँसे बाहर भेजा जाना है।
पिछले तीन सालमें जितना अनाज इस देशसे बाहर भेजा गया है
उतना पहले कभी नहीं भेजा गया था। सरकारने अनाज पर
...ट्रोल कर रक्खा है और रेलीब्रादरकी मारफत उसने देशका अनाज
...बहुत कुछ अपने हाथमें ले लिया है। हम बार बार कहते रहे हैं कि
हम सरकारके अनाज बाहर भेजनेका विरोध नहीं करते, वह लड़ने-
वालोंके लिए रसद भेजे, पर ३० करोड़ आदमियोंके ३६० दिनके खाने
... छोड़ कर बाकी जो हो वह भेजे। सरकारने ऐसा
... किया। एक विद्वानका कहना है कि इस समय जितना

अनाज देशमें है वह यदि सबको बराबर बाँट दिया जाय, तब भी
कई महीने लोगोंको निराहार रहना होगा । यानी अनाज कम और
खानेवाले जियादा हैं । अकालका मुख्य कारण रेलोंका किराया
बढ़ाना है । रेलोंकी आमद पिछले बरसोंसे अब दुगनी और
तिगुनी है । जरूरी माल अधिक किराया देकर भी एक जगहसे
दूसरी जगह भेजना ही पड़ता है । इस लिये रेलवेकी आमद तो
बढ़ गई, पर किराया अधिक पड़ जानेके कारण चीजें महँगी हो गई ।
इस समय देशकी तमाम रेलवे लड़ाईके सबबसे सरकारके हाथमें है,
और सरकारके हाथमें होते हुए किराया बढ़ा इस लिये सरकार ही
इसकी भी जिम्मेदार है । बिना सरकारकी आज्ञाके रेलवे बड़ी
तादादमें माल नहीं लेती और अनाज तो एक जगहसे दूसरी जगह
लादती ही नहीं । जो लादती है उस पर इतना जियादा किराया लगाया
जाता है कि अनाजकी आधी कीमत किरायेके सबबसे ही बढ़
जाती है । यानी एक तो पिछले तीन सालकी सरकारी खरीदके
कारण देशमें अनाज ही कम है, दूसरे जो कुछ है उसे रेलवे महँगा
कर रही है । इस समय आवश्यकता है कि सरकार रेलवे पर अपने
कब्जेका फायदा न उठा कर एक या डेढ़ आने मन किराये पर
रेलवे द्वारा अनाज भेजना शुरू करे । अभी बम्बई और पूनेकी
म्युनिसिपैलिटियोंने सस्ती दर पर अनाज बेचनेका इन्तजाम किया
था, पर जहाँसे उन्होंने अनाज खरीदा वहाँसे रेलवे लाद कर लाई
ही नहीं । अन्तमें मजबूर होकर उन्हें अपनी दूकानें उठा देनी पड़ीं,
पर इस तरफसे आँख मींचनेसे सरकार और देश दोनोंहीका कल्याण
नहीं है । अकालका तीसरा कारण पानीका कम बरसना है । इस

साल देशमें एक तरहसे सूखा पड़ा है। सूखा अकाल पानीके अकालसे बड़ा भयानक होता है। अधिक पानी बरसनेसे जो अकाल होता है उससे फिर भी रबीके होनेकी उम्मीद होती है, पर सूखेके कारण खरीप तो बिगड़ ही जाती है, पर जमीन सूखी होनेके कारण रबीकी भी आशा नहीं होती। यानी सूखा अकाल दोनों फसलोंका घातक होता है और इस समय हिन्दुस्तानके सामने वही घातक अकाल है। इसका निवारण नहरोंसे हो सकता है। पर सरकारने पिछले पचास बरसोंमें जितना जियादा फौजी खर्च बढ़ाया उसका चौथाई भी प्रजाको भूखों मरनेसे बचानेवाली नहरोंको बढ़ानेमें खर्च नहीं किया। देशकी शान्ति और सुव्यवस्था इसमें है कि प्रजा भूखों न मरे, पर सरकार यह समझती रही है कि शान्ति और सुव्यवस्था बड़ी जंगी फौज रखनेसे होती है, इसी लिए हमारी सरकारने शान्तिके समय भी इतनी जियादा फौज रक्खी कि उसकी चौथाई भी दूसरे देश नहीं रखते। इस बढ़े हुए फौजी खर्चके मारे हम पर खासा टैक्स लगता रहा और नहरों आदिके लिए एक पैसा भी सरकारके हाथ न बचा। सरकारने चाहे जान कर किया या उससे अनजानमें हुआ, पर देश भूखा हुआ है और तकलीफमें बड़ी है। ऊपर लिखे तीनों कारणोंने मिल कर प्रजाको इस हालतमें ला डाला है कि यह कलकत्ते और मदरासमें दंगे, लूट और झगड़े करने पर उतारू हुई। मदरासमें तो साफ ही अनाजकी मँहगीसे तंग आकर लोगोंने लूट की और बड़े बड़े विचारकोंका कहना है कि कलकत्तेका यह भारी दंगा भी मँहगीका फल है। जो मँहगीके कारण लोग पहलेसे तंग न होते तो समा-

बंदीसे वे लूट करने पर आमादा न होते। यही नहीं चारों ओरसे क
छोटी मोटी हाटों और दूकानोंके लुटनेकी खबर आ रही है अं
देहातोंमें लूट-मार तथा चोरीकी तादाद दिन पर दिन बढ़ रही है
जो इस मँहगीका कोई इलाज न हुआ तो देशके भीतर शा
बनी रहना असम्भव है। देशमें पूरी शान्तिकी जरूरत है
देशके भीतरकी अशान्ति आगकी चिंगारीका काम देती है
रूसकी जो हालत हुई यह वहाँके लोगोंकी तंगीके बेहद ब
जानेसे हुई थी। लोग जारसे बराबर प्रार्थना करते थे। आखि
सबका यह विश्वास हुआ कि जार और उनकी सरकार ह
हमारे कष्टोंकी कारण है। इसी गलत खयालीके कारण वहाँ बलवा
हुआ जिसमें जार और उनकी सरकार पकड़ी गई। मतलब
देशके भीतरकी अशान्ति आगकी चिंगारी है। इन दोनोंमेंसे
बिना एकको मिटाये काम नहीं चल सकता। हमारे देशमें
हर एक चीजकी बेहद मँहगी और खास कर अनाजकी कमीसे प्रजामें
अशान्ति बढ़ चली है और साथ ही लड़ाई भी हमारी ओर बढ़ रही
है। ऐसी हालतमें इसकी उपेक्षा करनेसे काम नहीं चल सकता।

अकाल हो गया और यह अकाल कितना नाजुक है सो हम ऊपर
बता चुके हैं। अब सरकारको क्या करना चाहिए जिससे यह
नाजुक हालत मिटे और लड़ाईमें विजय हो। सबसे पहले तो सर-
कारको उस स्वार्थत्यागके करनेकी जरूरत है जो वह प्रजासे करनेको
कहती है। हमारे देशकी यह हालत है कि लाखों मनुष्य बिना
अनाज भूखों मर रहे हैं, पर सरकार दान-पुण्य करनेमें लगी है।
पहला दान सरकारने वलायतको डेढ़ अरब रुपयेका दिया।

दूसरा दान सड़सठ करोड़का है। पहले दानका रुपया हमारे देशके कर्जेकी शकलमें वसूल किया गया और दूसरे दानका रुपयां लड़ाईका टैक्स लगा कर वसूल किया जायगा। यदि इतनेसे ही देशका पीछा छूट जाता तब तो कुछ कहनेकी जरूरत ही न थी, पर लड़ाईका खर्च भी इसी देशको उठाना पड़ेगा और इस खर्चको पूरा करनेके लिये यहाँ हर तरहके टैक्स बढ़ाये और नये नये लगाये जायेंगे। पर हिंदुस्तानकी जो हालत है उससे हमें उम्मीद नहीं कि यह तमाम खर्च इस देशसे निकल सकेगा—ऐसी हालतमें भविष्यमें हिन्दुस्तानकी सरकार इंग्लैंड, अमेरिका या जापानसे लड़ाईके लिये कर्ज लेगी। यह कर्जकी रकम अरबों रुपयेकी होगी और उसका बड़ा भारी सूद इस देशसे टैक्सोंके जरियेस अदा किया जायगा। जब भविष्यकी यह हालत दीख रही है तब हम अपनी सरकारके सवा दो अरब रुपये दानकी प्रशंसा कैसे कर सकते हैं! इस नाजुक हालतको मिटानेके लिए सबसे पहला यह उपाय है कि हमारी सरकार अपने देशवालोंको भूखा मार-कर दान-पुण्य न करे। क्योंकि इतनेसे रुपयेसे इंग्लैंडका उतना उपकार नहीं होगा जितना हमारा नाश हो जायगा। यदि सरकारने इतना दान न किया होता तो अगले दो साल तकके लिए लड़ाईके खर्चके लिए रुपया काफी होता और नया टैक्स लगा कर देशको निचोनेकी जरूरत न होती। देशमें शान्ति स्थापित करनेका दूसरा उपाय यह है कि सरकार इस देशसे एक पैसेका भी अनाज बाहर भेजनेके लिए न खरीदे और न किसीको बाहर भेजने दे। हम यह मानते

हैं कि सरहद, मेसोपोटामिया, बसरा आदिकी दस लाख हिन्दु
स्थानी फौजोंके लिए खाने-पीनेकी जरूरत है और सरकारक
उनको भोजन देना अधिक जरूरी है। पर सरकार बड़ी आस
नीसे इसका दूसरा इन्तजाम कर सकती है। और वह याह कि
मिसर, यूनान तथा चीन जहाँकी फसल अच्छी है वहाँसे
खरीद कर फौजी जरूरत पूरी करे। साथ ही हिन्दुस्तानक
खरीदा हुआ जो अनाज सरकारके कब्जेमें है वह हिन्दुस्तानी
म्युनिसिपल कमेटियोंको इस शर्त पर खरीदके भाव बेच दे कि
म्युनिसुपिल कमेटियाँ उसे सस्ती दर पर गरीबोंको दें। इस
उपायको काममें लाते हुए सरकारको सिर्फ इस बातमें उज्र
होगा कि हिन्दुस्तानसे बाहर अनाजका भेजना कानूनन नहीं
रोक सकती। पर यदि सरकार कानूनन अनाजका बाहर जाना
न रोकेगी तो देशमें शान्ति रहना भी असम्भव है! देशमें अकाल-
को रोकनेका तीसरा उपाय प्रजाके लिए अनाजका कंट्रोल किया
जाय और कपड़ेकी तरह घातकी बिल न बना कर ऐसा कुछ
किया जाय जिससे प्रजाको अनाज मिले। इसका सबसे अच्छा
ढंग यह है कि बाहर जाना रोक कर यह कानून कर दिया जाय
कि एक खास तादादसे अधिक अनाज कोई व्यापारी दो सप्ताहसे
अधिक अपने स्टाकमें न रक्खे। और अनाजका सट्टा रोकनेके
लिए लाइसैंस मुकर्रिर किये जायँ, जिनसे सिवाय अनाजका
व्यापार करनेवालोंके और कोई सट्टा न बनावें। अकालको रोकने-
का चौथा उपाय रेलों द्वारा अनाजका एक स्थानसे दूसरे स्थान
कम दर पर भेजा जाना है। इस समय रेलें सरकारी कंट्रोलमें हैं

और देशमें शान्ति स्थापित करना सरकारके लिए सबसे अधिक आवश्यक हो गया है। इस लिये अनाजका किराया एक स्थानसे दूसरे स्थान पर भेजनेमें फी मन आने डेढ़ आनेसे अधिक न लिया जाय।

इन चारों उपायोंको पूरी तरहसे अमलमें लाने पर देशसे अकालका भय बहुत कुछ मिट कर पूरी शान्ति स्थापित हो सकती है। इनके बिना न तो शान्ति होगी और न तकलीफोंसे लोगोंका छुटकारा होगा। यह माना कि देशकी म्युनिसिपैलिटियाँ यदि सस्ते अनाजकी दूकानें खोलेंगी तो कुछ सहारा मिलेगा, पर देशके बड़े भारी हिस्सेमें म्युनिसिपैलिटियाँ ही नहीं हैं। फिर जो थोड़ीसी हैं उनमें बहुतोंकी हालत अच्छी नहीं है—जिनकी हालत अच्छी है और जो सस्ती दूकानें खोलेंगी भी उनसे मुलाहजगीरों और म्युनिसिपिल मेम्बरोंके दोस्तोंके सबबसे जितना फायदा पहुँचना चाहिए उसका चौथाँ हिस्सा भी न पहुँचेगा। मतलब म्युनिसिपैलिटियाँ देशका अकाल नहीं मिटा सकतीं। देशकी हालत ऊपरवाली बातोंसे ही कुछ सुधर सकती है। यदि सरकारको प्रजाका कुछ खयाल है और वह सचमुच प्रजाकी तकलीफें दूर करना चाहती है तो इस ओर पूरा ध्यान दे।

"उत्साह" उरई ता० २७ सितम्बर १९१९ में लिखता है।

चारेकी इतनी कमी पड़ गई है कि यदि शीघ्र प्रबन्ध न किया गया तो ५० फीस दी पशुओंके मर जानेकी सम्भावना है। मनुष्योंकी कमी, देवका कोप, और कर्मचारियोंकी असावधानी ही इस दुर्गतिके कारण हैं। पेटकी रक्षा सबसे प्रधान रक्षा है। भारत ऐसे कृषि-प्रधान देशमें यह कोई शोभाकी बात नहीं कि यहाँवाले तो

भूखों मरें और विदेशोंके दुःख मोचनके लिये लाखों मन गेहूँ जहाजोंमें लाद कर बाहर भेज दिया जाय। मद्रास और बंगालमें अन्नकी कमीके कारण लूट-मार हो चुकी है। वह इस भयंकर स्थितिका स्पष्ट परिचय दे रही है। आवश्यकता है कि भारत सरकार आँख खोल कर इस विषय पर विचार करे। न्याय यह है कि तीस करोड़ भारतवासियोंके लिये आवश्यक अन्न देशमें रख कर यदि बचे तो बाहर भेजा जाय।

"पाटलिपुत्र" बाँकीपुर आश्विन कृष्ण ९ सं० १९७५ के अंकमें लिखता है कि—

वर्तमान यूरोपीय महायुद्धने यूरोपमें ही नहीं; बरन् समस्त संसारमें जो हलचल पैदा कर दी है, जिस प्रकारसे संसारकी जनता अनेक कष्ट सह रही है, उसका विशेष वर्णन करना अनावश्यक है। यूरोपमें युद्ध हो रहा है। अतः वहाँकी सर्व-साधारण प्रजा जो कष्ट सह रही है, वह अनिवार्य है; पर हम देख रहे हैं कि जिन देशोंमें युद्ध नहीं, वे देश भी आज उक्त युद्धके कारण विशेष कष्ट सह रहे हैं। यूरोपको छोड़ कर एशियाई देशोंमें जो दुःख इस समय भारत झेल रहा है, उसकी तुलना अन्य देशोंसे नहीं हो सकती। नित्यके व्यवहारमें आनेवाली प्रायः सभी चीजें इस समय ऐसी महँगी हो गई हैं और होती जा रही हैं कि भारतीय सर्व साधारण प्रजाको लज्जा और क्षुधा-निवारण करना बड़ा ही दुस्साध्य हो पड़ा है। रूई इस समय आठ छटाँककी बिक रही है; लोहा, ताँबा, पीतल, राँगा, जस्ता, शीशा आदि धातु और उपधातुओंकी महँगी तो वर्षोंसे दुःख पहुँचा रही है। कपड़ेकी महँगीने जो अपार कष्ट भारतीयोंको

दे रखा था, वह किंचित् भी कम होने नहीं पाया कि इधर तीन महीनोंसे खाद्य पदार्थोंकी नित्यकी बढ़ती हुई महँगीने इस समय सर्व-साधारणको एक बारगी ही विचलित कर दिया है। हम जानते हैं कि वर्तमान यूरोपीय युद्धमें विजय प्राप्ति होने पर भारतको अनेक दुःखोंसे छुटकारा मिलेगा। वह अपने साम्राज्यका रक्षण रखता हुआ अपने मनोभिलषित पदको पायेगा, और इसी आशा-भरोसेके बल पर भारतने वर्तमान युद्धमें ब्रिटिश सरकारको अपार सहायता पहुँचाई है; पर जब हम देखते हैं कि भूखके मारे देशकी गरीब और साधारण स्थितिवाली प्रजा आज एक बारगी विह्वल हो उठी है, उसे पेटके कष्टके निवारण करनेके लिये एककी जगह दो-दो तीन-तीन खर्च करने पड़ते हैं, तब उसकी इस अवस्थाको देख विशेष कष्ट होता है। लोहा, पीतल आदिकी महँगी सही जा सकती है, कपड़ेकी महँगी भी उस प्रकारका दुःख नहीं दे सकती, जितना कि खाद्य पदार्थोंकी महँगीसे प्रजा दुःख उठाती है। लोहा, पीतल प्रभृति बिना अत्यावश्यक कार्यके हम नहीं खरीदते. धोतीकी जगह गमछेसे लोग काम चला सकते हैं, नंगे बदन रहते हुए भी केवल लंगोट बाँध कर गरीब पुरुष लज्जा निवारण कर सकते ह। पर अन्नकी कमी किसी अवस्थामें भी सही नहीं जा सकती। पेटके दुःखके सामने कोई दुःख टिक नहीं सकता। फलतः इस समय अन्नकी दर जिस रीतिसे नित्य बढ़ती जा रही है, उसे देख विचारशील मात्रको विशेष चिन्तित होना पड़ा है।

लड़ाईके कारण जो वस्तुएँ महँगी हुई हैं, उनकी महँगी बिना युद्ध समाप्त हुए पूर्णमात्रामें घट नहीं सकती। पर जिन वस्तुओंका

लड़ाईसे कोई विशेष सम्बन्ध नहीं, वे भी इस समय महँगी होती जा रही हैं। लोहा आदि धातुओंके खरीदनेवाले व्यापारी जब लोहा, पीतल, प्रभृति तेज भावमें खरीदते हैं, तब वे अपनी चीजें भी महँगी बेचते हैं। इस समय वस्त्रके रोजगारी वस्त्र महँगा बेच कर जब पैसे कमा रहे हैं, तब अन्नके व्यापारी कपड़ेकी लागतको महँगी बेच कर पूरा करनेमें लगे हैं। बात यह है कि इस समय प्रत्येक वस्तुका व्यापारी एक चीज महँगी खरीदता तो अपनी चीजें भी महँगी बेच कर अपने घाटेको पूरा करना चाहता है। व्यापारियोंकी इस ऊपरा-चढ़ीमें उन्हीं लोगोंकी खराबी है जो लोग कोई रोजगार नहीं करते और बँधी हुई आमदनी रखते हैं। साधारण जमींदारों, महाजनों और नौकरी पेशेवालोंको इस महँगीसे विशेष कष्ट सहना पड़ता है। कम मासिक पानेवाले नौकर तो इस समय बे तरह मर रहे हैं। दस-पन्द्रह रुपये मासिक आयमें परिवारका भरण-पोषण करना इस समय एक बारगी ही असम्भव है। नीचेकी सूचीके देखनेसे पाठकोंको मालूम हो जायगा कि गत जूनमें अन्नादिका क्या भाव था और इस समय क्या भाव है।

जिन्सका नाम,	जूनकी दर,	इस समयकी दर।
चावल	४)	६।)
गेहूँ	४)	६।।।)
दाल अरहर	४)	६।।।)
चना	२।।=)	४।।।)
मसूर	२।।)	७।।)
खेसारी	१।=)	३≡)

मूँग	४)	६।।।)
उर्द	४)	७।।)
सरसोंका तेल	१८)	२६)
दानेका तेल	२१)	२९)
रेड़ीका तेल	१६)	३५)
रेड़ी	५)	१३)
दाना	५।~)	८।।।)
सरसों	६।।)	८।।)

ऊपरके लेखेमें पाठक देखेंगे कि तीन महीनोंमें खाद्य पदार्थोंकी दर कैसे रूपमें बढ़ गई। यदि इस प्रकार दर बढ़ती गई तो देशकी क्या दशा होगी, सो सरकारको खूब ध्यान-पूर्वक सोच रखना चाहिए। कितने ही लोगोंका कहना है कि खानेपीनेकी चीजें यदि विदेशमें न भेजी जायें तो आज कम वर्षा होने पर भी देशमें इतना अन्न है, जिससे प्रजाका किसी प्रकार निर्वाह हो सकता है। वर्षाकी कमी और अधिकतासे यद्यपि विशेष उपज नहीं नहीं हुई है, पर काम चलने लायक अन्न कई प्रान्तोंमें हो जायेगा। फलतः भारतीय सरकारका कर्तव्य है कि वह इस समय अन्नका विदेश जाना यथाशीघ्र रोक दे। संवत १९५६ के अकालमें जिस भावसे अन्न बिकता था, इस समय कई अन्नोंका भाव उससे भी चढ़ा हुआ है। उस समय घी २६) २७) मन तक बिकता था। और और भी कितनी ही आवश्यक वस्तुएँ सस्ती थीं; पर इस समय तो खाने पहनने आदिकी सभी चीजोंमें आग लगी है। फलतः यदि वर्तमान अकालका कोई उचित प्रबन्ध सरकार न करेगी तो देशकी अवस्था बड़ी ही भयानक हो जायेगी।

" हिन्दी-समाचार " कहता है कि:—

हम पिछले सप्ताह लिख चुके हैं कि भारतका अकाल ज्यों ज्यों जमाना गुजरता है त्यों त्यों भयानकसे भयानक होता जा रहा है अकालोंकी भयानकता ज्यों ज्यों जमाना बीतता है बढ़ती ही जाती है । इसके मुख्य चार सबब हम बता चुके हैं और साथ ही यह भी लिख चुके हैं कि जब तक यह दूर न होंगे तब तक भारतका पीछा अकालोंसे नहीं छूट सकता । इस समय हिन्दुस्तानमें अकालकी दशा बड़ी भयानक है । बरसातके दिन सूखे गुजरे तमाम जाड़ा बीतनेके किनारे पर है, पर पानी नहीं । एक ही प्रान्त नहीं, बल्कि एक सिरेसे दूसरे सिरे तक यही हाल है । चारों ओर महँगीका कष्ट दिखाई दे रहा है । शहरोंमें चारों ओर बिना नौकरी वाले जियादा भटकते नजर आते हैं । बम्बईमें अपनी तनखाह बढ़वानेके लिए ७५ मिलोंके एक लाख मजदूरोंने हड़ताल कर दी है । ऐसी हड़ताल हिन्दुस्तानके इतिहासमें कभी नहीं हुई थी ।

" अवधवासी " लखनऊ अपने २१ जनवरी १९१९ के अंकमें लिखता है कि:—

कोई तीन मास पूर्व यह आशा उत्पन्न हुई थी कि मोटा कपड़ा जिससे गरीबोंका काम चलेगा, सरकारी उद्योगसे कुछ सस्ता बिकेगा। सरकार नियत दर पर कई प्रकारका मोटा कपड़ा बेचने और बिकवानेका प्रबन्ध कर रही है, यह समाचार प्रचरित होनेके बाद कपड़ा कई दिनों तक सस्ता बिका, आधे दामों तक उतर गया था । परन्तु फिर वही गति हो गई और सरकारी सस्ते कपड़ेका न कहीं पता है और न कोई समाचार ही है । 'घरी भरमें घर जरै और ढाई घरी

भद्रा' इसी को कहते हैं। अकाल और कपड़ेकी महँगीसे गरीब प्रजा हाय हाय कर रही है और सरकारी यन्त्र अपनी चिर अभ्यस्त शाहाना चालसे ही चल रहा है। इसमें सन्देह नहीं कि हमारे लिये 'तुरन्त कपड़ा सस्ती दर पर बेचनेका प्रबन्ध किया जाय' कह देना जितना सहज है, उतना ही सहज राजकीय कर्मचारियोंके लिये निश्चयको कार्यमें परिणत करना नहीं है; परन्तु समयकी आवश्यकता और प्रजाकी विकट विपत्तिका ध्यान भी तो कोई चीज है। हमें सन्देह है कि जिन अधिकारियों पर बँधी दर पर मिलोंसे कपड़ा तैय्यार करवाने और उसे उचित मूल्य पर बिकवानेका भार डाला गया है वे अपने उत्तरदायित्वका यथार्थ अनुभव कर रहे हैं। कपड़ेकी महँगीसे एक और दुर्भाव भी फैल रहा है। मूर्ख लोग समझते हैं कि लड़ाई अभी बन्द नहीं हुई। उनका तर्क है कि—लाख समझाइए पर कौन सुनता है—यदि लड़ाई बन्द हो गई होती तो कपड़ा सस्ता हो जाता। इधर बुद्धिमान लोगोंकी सम्मति है कि अतिरिक्त समर-लाभ पर अतिरिक्त कर बैठानेका निश्चय ही महँगीका वास्तविक कारण है। यदि सचमुच यही कारण है तो सरकारको तुरन्त अतिरिक्त कर उगाहनेका विचार त्याग देना चाहिए। समर बन्द हो जाने पर उसका लगाना सर्वथा अनुचित है। ऐंग्लो-इण्डियन तथा भारतीय सभी एक स्वरसे अतिरिक्त करका विरोध कर रहे हैं, परन्तु सरकार चुप है। यह बेपरवाई अति निन्द्य है। यदि हम भूलते नहीं हैं तो, दायित्व-पूर्ण अधिकारियोंकी सूचनामें स्वीकार किया गया था कि तीन वर्षका काम चलाने भरको भारतमें कपड़ा मौजूद है। इतना कपड़ा होते हुए भी, यह महँगी और भी बुरी तथा रंजद है। सरकारको शीघ्र ही कुछ कर दिखाना चाहिए।

"हिन्दी-बंगवासी" ३ फरबरी १९१८ ई० के अंकमें लिखता है—

अन्न और वस्त्र मनुष्य-जीवनके सर्व्वापेक्षा अधिक आवश्यक द्रव्य हैं। बिना अन्नके मनुष्य जी नहीं सकता; बिना वस्त्रके मनुष्य लज्जा निवारण कर नहीं सकता। फिर भी इस समय यह दोनों ही आवश्यक द्रव्य अतीव दुष्प्राप्य हो गये हैं। इन दोनों द्रव्योंका मूल्य इतना अधिक हो गया है कि इन्हें दरिद्र तो दरिद्र, मध्य-श्रेणीके भी मनुष्य आसानीसे पा नहीं सकते हैं। जिस समय केवल वस्तु महँगी और अन्न सस्ता था उस समय केवल दिगम्बरीक भय था। इस समय इन दोनों द्रव्योंके महार्घ हो जानेसे दिगम्बरीकी भी आशङ्का है। अकाल मृत्युकी भी आशङ्का है; केवल आश-ङ्का ही क्यों, अनेक स्थलोंमें दिगम्बरी और मृत्यु दोनों हाथसे हाथ मिला पैशाचिक नृत्य करती दिखाई देती हैं। नहीं जानते कि इन दोनोंके अत्याचारसे भारतवासियोंकी रक्षा कैसे होगी?

यूरोपीय युद्धके उपरान्त जब समग्र भारतमें महार्वता दिखाई दी थी, तब भारत सरकारने अग्रसर हो यह कहा था कि इस युद्धके समय भारतीय अन्न देशान्तरित करनेका अधिकार यूरोपीय व्यव-सायियोंके हाथ नहीं; भारत-सरकारके हाथ रहेगा। यह कह इस सरकारने यह अधिकार यूरोपीय व्यवसायियोंके हाथसे निकाल अपने हाथ लिया था। साथ-साथ इसका सुफल भी प्रकट हुआ था। भारतीय अन्नकी चढ़ी हुई दर एकाएक गिर गई थी। किन्तु यह व त कुछ ही समय तक रही। इसके उपरान्त वह दर एक बार फिर चढ़ने लगी। चढ़ते-चढ़ते वह बहुत चढ़ गई। इस समय यह

चरमको पहुँची है। सच तो यह है कि इस समय भारतीय अन्नकी दर यहाँ तक चढ़ गई है; जहाँ तक इसकी रफ्तनी यूरोपीय व्यवसायियोंके हाथ रहनेसे भी न चढ़ी थी। फिर भी इस विषयमें चारों ओर सन्नाटा छाया हुआ है। किसी तरहकी कैफियत निकल नहीं रही है; इसके प्रतिकारके सम्बन्धमें कोई सुव्यवस्था होती नहीं दिखाई देती है। इस विषयमें किसी भी प्रादेशिक सरकारकी ओरसे विशेष कोई बात कही नहीं गई है। गत सप्ताह एक बिहार सरकारने एक अच्छी बात कही है। उसकी ओरसे कहा गया है कि इस समय इस प्रदेशमें अन्नकी जैसी महार्घता उपस्थित है उससे कृषकोंमें तकावी बाँटनेकी व्यवस्था होनेकी बड़ी आवश्यकता प्रतीत हुई है। हो तकावीकी व्यवस्था; किन्तु एक इसी व्यवस्थासे सारे भारतका महार्घता-जनित हाहाकार कैसे मिट सकेगा? इस विषयमें जब तक भारत-सरकार कोई सुव्यवस्था न करेगी तब तक लोगोंका यह कष्ट कैसे मिटेगा! महार्घताके फलसे सारा देश उद्विग्न है, कोटि कोटि मनुष्य अन्नकी ज्वालासे सूखे जा रहे हैं, क्या इस समय भी भारतीय अन्नको वैदेशिक रफ्तीमें रुकावट उत्पन्न करनेकी आवश्यकता उपलब्ध की नहीं जाती है!

वस्त्रकी महार्घता भी कम आवश्यक प्रश्न नहीं। बहुतेरे लज्जाशील मनुष्य लज्जा परित्याग करनेसे पहले अपना जीवन परित्याग कर दिया करते हैं। अबसे कुछ समय पहले ऐसी कितनी ही दुर्घटनाएँ हो चुकी हैं। कौन जानता है कि इस समय भी हो न रही होंगी। ऐसी ही इस भीषण आवश्यकताके मिटानेका क्या उपाय हो रहा है! अबसे कुछ समय पहले भारत-सरकार समग्र भारतके लिये

ष्टाण्डर्ड वस्त्र बनवाने पर उद्यत हुई थी। इसके फलसे भा[illegible] वस्त्रकी महार्घता कुछ घट गई थी। किन्तु जैसे ही वस्त्र-व्यवसायि[illegible] यह विदित हुआ कि गर्ज्जनके उपरान्त वर्षण न होगा यानी सरकारी आज्ञाके अनुसार कार्य्य न होगा; वैसे ही उन सबने [illegible] गिरी हुई दर एक बार फिर चढ़ा दी। इस समय वस्त्रोंकी दर प्र[illegible] पूर्व्ववत् है। भारत-सरकारके इस गर्ज्जनके अनुसार भार[illegible] सम्भवतः एक प्रदेशमें वर्षण हुआ है। इस प्रदेशका नाम बि[illegible] और उड़ीसा है। उस दिन इस प्रदेशकी सरकारकी ओ[illegible] प्रकट किया गया है कि इसने अपने प्रदेशमें प्रचुर [illegible] वस्त्र मँगा उन्हें विलायती वस्त्रकी अपेक्षा सैकड़े पीछे [illegible] चालीस रुपये कम दर पर बेचना आरम्भ किया है। हम [illegible] समझते हैं, अन्यान्य भारतीय प्रदेशोंमें ऐसे वर्षणका प्रभाव नहीं [illegible]

दोनों अभावोंकी ओर ध्यान दे—इनके मिटानेके सम्बन्धमें कोई

...अब दूसराका मुह ताकनका समय नहीं है। जरा विचारिए, १९ वीं सदीके पिछले २५ वर्षोंमें दो करोड़ पच्चीस लाख मनुष्य दुर्भिक्षसे मरे, अर्थात् प्रति वर्ष १० लाख, प्रति मास ८६ हजार और प्रति दिन २८८० और प्रति घण्टा १२० एवं प्रति मिनिट २ भारतीय बराबर २५ वर्षों तक दुर्भिक्षसे मरते रहे। उन दिनों ही जब प्रति मिनिट दो मनुष्य मरे तो जरा आजका अन्दाजा आप ही लगा लीजिए कि कितने भारतवासी प्रति मिनिट भूखके मारे प्राण छोड़ रहे हैं! हाय यह दुर्भिक्ष है या भारतवर्षका अन्तिम दृश्य! भारतवासियो, यह निश्चय मान लो कि जब आप आनन्द-पूर्वक पलंग पर सुखसे लेटे हैं तब न जाने आपके कितने देश-भाई भूखों मरते इस संसारसे बिदा हो रहे हैं! कोई एसा नहीं जो उनके मुखमें पानीकी बूँद भी जाकर डाले! माता-पिताके जीवित रहते भूखसे व्याकुल हो, बिना अन्न उनके हृदखण्ड छोटे छोटे बालक प्राण विसर्जन कर रहे हैं। और बादमें स्वयं भी प्राणत्याग रहे हैं। यदि माताने पहले प्राण त्याग दिये हैं तो बच्चा क्षुधा-तृपासे पीड़ित ... माताके स्तनोंको चूस रहा है और अन्तमें रोते रोते भूखसे ... हुए, हताश हो कर उसीकी छाती पर आप भी प्राण छोड़ देता है। शिव! शिव! कैसा लोमहर्षण भयानक दृश्य है!

भारतके कोने कोनेमें यही दृश्य दिखाई पड़ता है। उनकी लाशोंका अन्त्येष्टि संस्कार कौए, श्वान, गृद्ध और सियार करते हैं। हाय! कैसी पाषाणको भी शतखण्ड करनेवाली हमारे देशकी अवस्था है।

प्यारे भारतके सपूतो! आप किस तानमें अफलातून हैं। धीरे धीरे यह दुर्भिक्ष निशाचर भारतके एक एक पुत्रको इसी भाँति भूखों मार डालेगा, भारतका नाम मिटा देगा, ऋषियोंके पवित्र नाम और ऋषि सन्तानें सदाके लिये संसारसे उठ जावेंगी। प्यारे देश भक्तो! मातृभूमिके लिये बलिदान होनेवाले वीरो! अपने भारतवर्षकी हीनावस्था पर ध्यान दो, अपने भाइयोंके करुण-क्रन्दन पर चार आँसू बहाओ! अब भी सँभलो, नहीं तो फिर पछताओगे।

परिशिष्ट।

"It is better to follow the real truth of things than an imaginary view of them."

—*Machiavelli.*

किसी बातके सम्बन्धमें वास्तविक सत्यका जानना, उसके खयाली चित्रसे कहीं अच्छा है।

+ + +

+ +

डिगबी साहब—

"१७६९ से १९०० तकमें २,२५०००००० मनुष्य भूखसे मर गये।"

+ + +

+ +

चार्ल्स एडवर्ड रसेल—

करते हुए गईं। १८६९ के उत्तरीय भारतके दुर्भिक्षमें मृत्यु संख्या, १२,५०,००० थी। १८२७ के दुर्भिक्षमें केवल तीस लाख भारतवासी सरकारी सहायता पाकर जीवित रहे। मोटे हिसाबसे सन् १८९१ से १९०१ ई० तकमें जन-संख्यामें अस्सी लाख मनुष्योंकी कमी हुई।"

\+ \+ \+

\+ \+

" हिसाब लगा कर देखनेसे मालूम हुआ है कि अकेले भारत सचिव माननीय लार्ड जार्ज हेमिल्टनने जो रुपये वेतनके रूप प्राप्त किये थे, वे नव्वे हजार भारतीयोंकी वार्षिक आयके बराबर थे।"

\+ \+ \+

\+ \+

डिगबी महोदय—

" भारतवर्षसे प्रति वर्ष प्रायः १६,५०,००,०००) रु० का गेहूँ और चावल बाहर भेजा जाता है।"

\+ \+ \+

× ×

मि० रसेल—

"डेढ़सौ वर्षोंमें अकालसे २,८०,००,००० मनुष्योंके मर जानेका जो अतुलनीय लेखा है, उसका प्रधान कारण भूमिका लगान और जमीनके पट्टेकी प्रणाली है...............जो सबसे निर्बल लोगों पर भारी बोझ डालती है।"

"दुर्भिक्षोंका निकटस्थ कारण अनावृष्टि है, किंतु उसका भी प्रारंभिक और मूल कारण............लगान और टेक्सकी प्रणाली है।"

"भारतीय किसानको संसारमें सबसे अधिक टैक्स देना पड़ता है। उसको अपनी आमदनी पर प्रति शत ५५ का टक्स देना पड़ता है। नगरोंके व्यापारी तथा रम्य नगरोंके सुखस्वामी कुरसीतोड़ स्वयंभुओंको किसानोंकी अपेक्षा बहुत ही कम कर देना पड़ता है, तिस पर भी ऐसे मनुष्य मौजूद हैं जिन्हें दुर्भिक्ष पड़ने पर आश्चर्य होता है।"

\+ + ×

मि० सण्डरलैण्ड—

"भारतीय दुर्भिक्ष वर्तमान समयकी सबसे आश्चर्य-जनक और रोमाञ्चकारी बात है, दिनों दिन वे अधिक पड़ते जाते हैं और साथ ही साथ उनकी कठोरता भी बढ़ती जाती है। इनकी मृत्यु-संख्या भयानक हे।'

डाक्टर आल्फ्रेडरसल वेलेन्स—

The final and absolute test of good government is the well-being and contenment of the people-not the extent of the Empire or the abundance of the revenue and the trade. Tried be this test, how seldom have we succeeded in ruling subject peoples? Recurrent famines and plague in India; discontent, chronic want and

misery; famines more or less severe and continuous depopulation in our sister-island at home–these must surely be reckoned amon the most terrible and most disastrous failure of the nineteenth century.

लार्ड मॉरले—

"The viilage in India has been the fundamentel and inderstuctible mist of the Social system, serviving the down fall of dynesty after dynesty.

श्रीयुत् अरविन्द घोष—

"What I cannot do not now in the sign of what I shall do hereafter. The sense of impossibility is the begining of all possibilities."

भारत-पितामह दादाभाई नवरोजी—

This system of all European service i India is the root cause and curse of all India' evils, woes and suffering."

सि० ग्लैडस्टन—

"If is liberty alone which fits men for liberty. This proposition, like every other in politics, has its bounds, but it is for safer than the counter doctrine, wait till they are fit.

महात्मा गोपालकृष्ण गोखले—

" India needs to-day above everything else that the gospel of " Swadeshism " should be proached to high and low, to prince and to peasant, in town and in hamlet, till the service of motherland becomes with us as over mastering a passion as it is in Japan.

महात्मा रानाडे—

" The true end of our work, is to renovate, to purify and also to perfect the whole man by liberating his intellect, elevating his standard of duty, and developing to the full all his powers. Till so renovated, purified and perfected, we can never hope to be what our ancestors once were-a chosen people, to whom great tasks were alloted and by whom great deeds were performed. Where this feeling animates the worker, it is a matter of comperative indifference in what particular direction it asserts itself and in what particular methoed it proceeds to work. With buoyant hope, with a faith that never shriks duty, with a sense of justice that deals fairly by all, with unclouded intellect and power fully cultivated.. and, lastly, with a love that over-leaps all

bounds removated India will take her proper rank among the nations of the world, and be the master of the situation and of her own destiny. This is the goal to be reached, this is the promised land. (मंजिल मकसूद). Happy are they who see it in distant vision, happier those who are permitted to work and clear the way on to it, happiest they who live to see it with their eyes and tread upon the holy soil once more. Famine and pestilence, oppression and sorrow, will then be myths of the past, and the Gods will then again descend to the earth and associate with men as they did in times which we now call mythical."

हिन्दी-गौरव-ग्रन्थमाला।

इस उत्कृष्ट ग्रंथमालाके स्थायी ग्राहकोंको नीचे लिखी इसकी सब पुस्तकें पौनी कीमतमें दी जाती हैं।

१ सफल-गृहस्थ। अँगरेजीके प्रसिद्ध लेखक सर ऑथर हेल्पसके निबन्धोंका अनुवाद। इसमें मानसिक शान्तिके उपाय, कार्य-कुशलता, कुटुम्बशासन, हृदयकी गंभीरता, संयम आदि पर सुंदर विवेचन है। नया संस्करण मू० ॥।)

२ आरोग्य-दिग्दर्शन। मूल-लेखक महात्मा गाँधी। पुस्तक प्रत्येक गृहस्थके लिए बड़ी उपयोगी है। पुस्तकमें हवा, पानी, खुराक, जल-चिकित्सा, मिट्टीके उपचार, छूतके रोग, बच्चोंकी सँभाल, सर्प-बिच्छू आदिका काटना, डूबना या जलजाना आदि अनेक विषयों पर विवेचन है। तीसरा संस्करण मू० ।≶)

३ कांग्रेसके पिता मि० ह्यूम। कांग्रेसके जन्मदाता, भारतमें राष्ट्रीय भावोंके उत्पादक, मनुष्य-जातिके परम हितैषी, स्वार्थ-त्यागी महात्मा मि० ह्यूमका यह जीवन-चरित्र प्रत्येक देशभक्तके पढ़ने योग्य है। मूल्य बारह आने।

४ जीवनके महत्त्व-पूर्ण प्रश्नों पर प्रकाश। जेम्स एलनकी पुस्तकका सरल-सुन्दर अनुवाद। प्रत्येक युवकके पढ़ने लायक चरित्र-संगठनमें बड़ी उपयोगी पुस्तक है। नया संस्करण मू० ॥=)

५ विवेकानन्द (नाटक)। स्वामी विवेकानन्दने अमेरिकामें जो हिन्दूधर्मका प्रचार किया, उसका इसमें सुन्दर चित्र खींचा गया है। देश-भक्तिकी पवित्र भावनाओंसे यह नाटक भरा हुआ है। मू० १) स०

६ स्वदेशाभिमान। इसमें कितने ही ऐसे विदेशी रत्न-रत्नोंकी खास खास घटनाओंका उल्लेख है, जिन्होंने अपनी मातृभूमिकी स्वाधीनताकी रक्षाके लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर संसारके सामने एक उच्च आदर्श खड़ा कर दिया है। नया संस्करण। मूल्य ।=)

७ स्वराज्यकी योग्यता। स्वराज्यके विरुद्ध जो आपत्तियाँ उठाई जाती हैं उनका इसमें बड़ी उत्तमताके साथ खण्डन कर इस बातको अच्छी तरह सिद्ध कर दिया है कि भारतको स्वराज्य मिलना ही चाहिए। मू० १।) स०

८ एकाग्रता और दिव्यशक्ति। इसमें दिव्यशक्ति—आरोग्य, आनन्द, शक्ति और सफलता की प्राप्तिके सरल उपाय बतलाये गये हैं। सजि० मू० १।=)

९ जीवन और श्रम । परिश्रम करनेसे घबड़ानेवाले और परिश्रम करनेको बुरा समझनेवाले भारतके लिए यह पुस्तक संजीवनी शक्तिकी दाता है। श्रम कितने महत्त्वकी वस्तु है, यह इसे पढ़नेसे मालूम होगा। मूल्य डेढ़ रुपया, स० १॥।=)

१० प्रफुल्ल (नाटक)। हमारे घरों और समाजमें जो फूट, स्वार्थ, मुकदमेबाजी, ईर्षा-द्वेष आदि अनेक दोषोंने घुस कर उन्हें नरक धाम बना दिया है उनके संशोधनके लिए महाकवि गिरिश बाबूके उत्कृष्ट सामाजिक नाटकोंका घर घरमें प्रचार होना चाहिए। मूल्य १=) सजि० १॥) रु०

११ लक्ष्मीबाई । झाँसीकी रानीकी यह जीवनी बड़ी खोजके साथ लिखी गई है। सरस्वतीके सम्पादकका कहना है कि " केवल इसी पुस्तकके लिए मराठी सीखनी चाहिए। " मूल्य १।) रु०, सजिल्दका १॥=)

१२ पृथ्वीराज (नाटक)। भारतके सुप्रसिद्ध वीर पृथ्वीराज चौहानने गजनीके दुर्दमनीय मुगल-सम्राटको पराजित कर पुण्यभूमि भारतकी रक्षाके लिए जो अपूर्व आत्म-बलि